सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.8 न्यू | 24.1 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू | 27.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72664.47 |
| निफ्टी | 22055.20 |
| सोना | 71,040 |
| चांदी | 87,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स को हराया

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 13 मई, 2024 | 31 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 145, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र **अपील: आपका 'मत', लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत**



## आज का मैच



गुजरात टाइटंस vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### अल्लू अर्जुन पर आचार संहिता का मामला दर्ज

**विशाखापत्तनम** । आंध्र प्रदेश के नंदयाला में फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक रवि चंद्र किशोर रेड्डी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि विधायक रवि चंद्र किशोर रेड्डी ने शनिवार को सभा के लिए पूर्व अनुमति के बिना अल्लू अर्जुन को आमंत्रित किया, जो कि चुनाव आचार संहिता की अवहेलना है। एफआईआर धारा 144 का उल्लंघन करने के लिए दर्ज हुई। बता दें कि आंध्र प्रदेश में सोमवार को मतदान होना है।



### सर्च ऑपरेशन के दौरान गोला-बारूद बरामद

**जम्मू-कश्मीर।** लोकसभा चुनाव के बीच कश्मीर में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा इलाके में रविवार को आतंकियों की मदद करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट समेत 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान होना है।

### निज्जर हत्या कांड में चौथा भारतीय गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडाई अधिकारियों ने चौथे संदिग्ध भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया। कनाडा के ब्रैम्पटन, सरे और एबट्सफोर्ड के निवासी अमरदीप सिंह (22 वर्षीय) पर फर्स्ट डिग्री हत्या व हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने कहा कि अमरदीप सिंह को निज्जर की हत्या में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया है।

### केजरीवाल की याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार (13 मई) को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित मानहानिकारक वीडियो को री-ट्वीट करने के लिए आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जारी समन को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।

### अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली** । दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ई-मेल भेजा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है।

# छह माह बाद खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

**एजेंसी, देहरादून**

वैदिक मंत्रोच्चारण और श्रीबद्री विशाल लाल की जयकारों के साथ रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही पहले दर्शन अखंड ज्योति के हुए। यह छह माह से जल रही है। इसके बाद बद्रीनाथ पर चढ़ा हुआ घी से बना कंबल हटाया गया।

जो छह महीने पहले कपाट बंद होने के समय भगवान को ओढ़ाया जाता है। मंदिर के कपाट पिछले साल 14 नवंबर को बंद हुए थे यानी 179 दिन बाद बद्रीनाथ के कपाट खोले गए।

बद्रीनाथ धाम की फूलों से दिव्य सजावट की गई है, जो अलौकिक छटा बिखेर रही है। पहले दिन दर्शन के लिए लगभग 20 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। अब तक कुल सात लाख 37 हजार 885 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

**पहले दिन पहुंचे 20 हजार तीर्थयात्री, अब तक सात लाख से अधिक का पंजीकरण**



बद्रीनाथ धाम में कपाट खुलने का इंतजार करते श्रद्धालु ।

# कांग्रेस हार का ठीकरा फोड़ने के बहाने ढूंढ रही : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र में आज हमीरपुर में आधा दर्जन से ज्यादा जनसभाएं और बैठकों के दौरान कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस की हार निश्चित है और कांग्रेस इस हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी कर रही है। हिमाचल में भाजपा हिमाचल में सभी चार की चार और देश में 400 सीटें जीतेगी।

अनुराग ने कहा, ''कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पक्की हार देखकर यह लोग पहले से ही अपनी हार का ठीकरा फोड़ने के बहाने ढूढ़ रहे हैं। ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी इनके खेमे में की जा रही है। जमीनों पर कब्जे करने वाले ऐसे लोगों की आज खुद को राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है



इसीलिए यह कभी पाकिस्तान के समर्थन में बयान बाजी कर रहे हैं।

यह लोग आज कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। शायद भूल गए हैं कि भारत ने

**मोदी सरकार ने देश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया**

1965, 1971 और कारगिल के युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाई है। आज हम आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारते हैं।''

अनुराग ने कहा, ''मोदी सरकार ने देश का चहुमुखी विकास सुनिश्चित किया क्योंकि देश की जनता ने मोदी को मौका दिया। मोदी सरकार की हैट्रिक होगी तो देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। विपक्ष का काम है लोगों को गुमराह करना मगर आज आंकड़े बताते हैं कि रोजगार बढ़ा है और बेरोजगारी दर घटी है।''

## इस हफ्ते महंगाई के आंकड़े और तिमाही के नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शेयर बाजार में पिछले सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव रहा था। बाजार में काफी गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था।

इस सप्ताह बाजार की चाल कैसी रहने वाली है यह कई फैक्टर्स से तय होगा। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आम चुनाव से जुड़ी खबरों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेगा।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर काफी आर्थिक आंकड़े आने हैं। घरेलू मोर्चे पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के साथ थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

## प्रदेश में बारिश से फसलों को नुकसान



**मैदानी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारी बारिश की वजह से हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भारी नुकसान हुआ है। गत 24 घंटे के दौरान ऊना में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।

मैदानी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की वजह से गेहूं और ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि की वजह से सेब को नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में बिजली गुल होने से लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। फसलों को हुए नुकसान को लेकर कृषि और बागवानी विभाग ने फील्ड से रिपोर्ट मांगी है।

इस रिपोर्ट के आधार पर दोनों विभाग आगामी कदम उठाएंगे। मौसम विभाग ने 13 मई तक बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तेज हवाएं चलने और गर्जना के साथ तेज बारिश होने की संभावना है।

**ऊना में सबसे ज्यादा 18.8 मिलीमीटर बारिश**

| | |
|---|---|
| ऊना | 18.8 मिलीमीटर |
| कसोल | 17.0 मिलीमीटर |
| रामपुर | 16.0 मिलीमीटर |
| भरमौर | 12.5 मिलीमीटर |
| शिमला | 10.5 मिलीमीटर |
| भुंतर | 8.6 मिलीमीटर |
| बीबीएमबी | 8.0 मिलीमीटर |
| जोगिंद्रनगर | 7.0 मिलीमीटर |
| बंजार | 6.2 मिलीमीटर |
| अर्की | 5.0 मिलीमीटर |
| गोहर | 3.0 मिलीमीटर |
| नयनादेवी | 2.4 मिलीमीटर |
| सुंदरनगर | 1.2 मिलीमीटर |
| मनाली | 1.0 मिलीमीटर |

## लाहौल-स्पीति व कुल्लू में 10 मजदूरों और तीन पर्यटकों को किया रेस्क्यू

**कमलेश वर्मा, केलांग/मणिकर्ण**



रेस्क्यू करने के बाद पुलिस टीम के साथ तीनों पर्यटक।

लाहौल-स्पीति व जिला कुल्लू की मणिकर्ण पुलिस टीम खराब मौसम के कारण फंसे मजदूरों व पर्यटकों के लिए देवदूत बनी है। पहले मामले में लाहौल-स्पीति की पुलिस ने बताया कि शनिवार को 10 मजदूर दारचा से शिंकुला होकर लेह की तरफ मजदूरी को निकल रहे थे। उस समय शिंकुला टॉप में उनकी गाड़ी खराब हो गई। बर्फबारी का दौर भी शुरू हुआ, ऐसे में यह मजदूर वहीं फंस गए। उनके फंसने की सूचना पुलिस चेक पोस्ट दारचा को मिली। पुलिस ने रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित दारचा स्थित अपने चेक पोस्ट में पहुंचाया। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने पुलिस के कार्यों की सराहना की है।

वहीं जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में ट्रेकिंग के दौरान रास्ता भटके दिल्ली के तीन पर्यटकों को मणिकर्ण पुलिस ने रेस्क्यू किया है। पुलिस को शनिवार शाम जानकारी मिली कि घाटी के पुलगा से आगे सरपास ट्रैक में तीन पर्यटक जंगल मे रास्ता भटक गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने तीनों व्यक्तियों को रेस्क्यू करके स्थानीय व्यक्तियों की मदद से जंगल से होते हुए रविवार सुबह 5 बजे सुरक्षित पुलगा पहुंचाया।

## पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो



पटना में रोड शो के दौरान पीएम मोदी, साथ हैं नीतीश कुमार।

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजधानी पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। इससे पहले प्रधानमंत्री रविवार को शाम करीब 6.30 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो की शुरुआत पटना के भट्टाचार्य रोड से शुरू हुई।

करीब 2.5 किलोमीटर के इस रोड शो को देखने के लिए पटना की सड़कों पर लोगों का हुजूम उमड़ा। इस दौरान मोदी ने भी अपने रथ से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। यही नहीं रोड शो के दौरान मोदी ने रथ को खासतौर पर बीच-बीच में रुकवाकर लोगों का धन्यवाद किया। इस रोड शो के दौरान उनके साथ बिहार के सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

मोदी के रोड शो के दौरान पटना की सड़कों पर अद्भुत नजारा दिखा। उनके स्वागत के लिए जगह-जगह झांकी, पुष्पवर्षा, आरती, होर्डिंग का इंतजाम किया गया था। वहीं पटना के लोग मोदी की एक झलक पाने के लिए घरों की छतों पर मौजूद रहे और हाथ हिलाकर पीएम मोदी का अभिवादन किया। पीएम मोदी के रोड शो में पटना साहिब के उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद भी मौजूद थे।

## पीएम मोदी कांगड़ा व मंडी में करेंगे जनसभाएं

**शिमला** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश में 2 रैलियां करेंगे। वह 19 मई को कांगड़ा व मंडी में दो जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार अपने लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव प्रचार का कार्य पूरा करने के उपरांत मोदी का हिमाचल में रैलियों का कार्यक्रम संभावित है। प्रधानमंत्री पहले चरण में राज्य के सबसे बड़े जिला कांगड़ा तथा राज्य के सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र मंडी में प्रचार करेंगे।

मंडी में जहां पीएम मोदी सिने अभिनेत्री कंगना रणौत के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास करेंगे तो, वहीं कांगड़ा में पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के लिए वोट मांगने के बहाने पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को घेरेंगे। पीएम की रैलियों को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा ने अभी से ही आंतरिक रूप से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## चौथे चरण के लिए मतदान आज



**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं जम्मू-कश्मीर समेत 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें शामिल हैं। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। वहीं चार चरणों में घोषित 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों पर भी मतदान होगा।

इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 17.7 करोड़ मतदाताओं के लिए कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र बनाए हैं।

**इन दिग्गजों की किस्मत दांव पर**



**अखिलेश यादव :** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

**महुआ मोइत्रा :** टीएमसी ने बंगाल के कृष्णानगर सीट से महुआ मोइत्रा को उम्मीदवार बनाया है।



**गिरिराज सिंह :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बिहार के बेगुसराय से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

**अर्जुन मुंडा :** झारखंड की खूंटी सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को उम्मीदवार बनाया है।



**शत्रुघ्न सिन्हा :** अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा को टीएमसी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से मैदान में उतारा है।

**असदुद्दीन ओवैसी :** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद से चुनावी मैदान में उतरे है।

**यूसुफ पठान और अधीर रंजन चौधरी :** ममता बेनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने बहरामपुर लोकसभा सीट से पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस की तरफ से इस सीट से अधीर रंजन चौधरी चुनावी मैदान में हैं।

### सरकाघाट में एक किलो 934 ग्राम चरस बरामद

**सरकाघाट** । लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। इसी घटना क्रम में सरकाघाट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक किलो 934 ग्राम चरस बरामद की गई।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले पुष्टि करते हुए बताया कि एसएचओ सरकाघाट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अल्टो कार एचपी 28-ए 5710 के चालक किशन सिंह पुत्र राम चंद गांव बागध्याण डा. मसेरल तहसील सरकाघाट से चरस बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**स्वास्थ्य** चार दशक में 4.1 मिलियन से ज्यादा लोगों के वजन व लाइफस्टाइल का अध्ययन

# दस में से चार लोगों को मोटापे से कैंसर का खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इन दिनों ज्यादातर लोग मोटापे के कारण परेशान हो रहे हैं। खराब खानपान और लाइफस्टाइल के कारण लोगों का वजन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक मोटापे के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ सकती हैं।

स्टडी में पाया गया है कि ज्यादा वजन से कैंसर की संख्या कई गुना बढ़ रही है। हाल ही की स्टडी में 4.1 मिलियन प्रतिभागियों को शामिल किया गया। इस नई स्टडी से पता चला है कि मोटापे से संबंधित कैंसर अब 10 में से 4 लोगों में पाया जा सकता है।

अध्ययन में 30 तरह के कैंसर को मोटापे से भी जोड़ा गया है। पहले मोटापे से जुड़ी 13 तरह की खतरनाक बीमारियां हो सकती थीं, हालांकि अब यह संख्या 32 हो गई है।

**खराब डायट हेल्थ पर भारी पड़ रही**

**भले** ही समाज आर्थिक विकास और नए अवसरों में समृद्ध हो रहा है, लेकिन दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों के बीच डायट पैटर्न कम हेल्दी हो रहा है, जिससे मोटापे से संबंधित चिंताएं बढ़ रही हैं। जिस तरह से खराब डायट हेल्थ पर भारी पड़ रही है, इसे देखते हुए भारतीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी हाल ही में रोजाना के खाने से जंक फूड को कम करने और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने की एक सलाह जारी की है।



**कैसे हुई स्टडी**

**स्वीडन** के माल्मो में लुंड यूनिवरसिटी द्वारा किए गए शोध में चार दशकों की अवधि तक 4.1 मिलियन से ज्यादा प्रतिभागियों के वजन और लाइफस्टाइल का अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में बीमारी के 122 प्रकारों और उपप्रकारों की जांच की और मोटापे के संबंध के साथ कैंसर के 32 रूपों को इंगित किया।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर द्वारा 2016 में स्तन, आंत, गर्भाशय और गुर्दे के कैंसर सहित 13 की पहचान पहले ही कर ली गई थी। इस अध्ययन में पहली बार मोटापे से संबंधित 19 संभावित कैंसरों में घातक मेलेनोमा, गैस्ट्रिक ट्यूमर, छोटी आंत और पिट्यूटरी ग्रंथियों के कैंसर, साथ ही सिर और गर्दन के कैंसर, वुल्वर और लिंग के कैंसर की पहचान की गई।

## केजरीवाल ने दीं 10 गारंटियां बिजली, पानी व रोजगार पर फोकस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।



इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गांरटियां दी। उन्होंने कहा कि जब विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं, लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है।

**गारंटियां**

1. मुफ्त बिजली।
2. बेहतर शिक्षा।
3. फ्री इलाज।
4. चीन से जमीन वापस लेंगे।
5. अग्निवीर योजना बंद करेंगे।
6. फसलों पर एमएसपी निर्धारित करना।
7. दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा।
8. रोजगार की गारंटी।
9. भ्रष्टाचार से मुक्ति।
10. जीएसटी का सरलीकरण।




# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# जनता का सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद सर्वोपरि : अनुराग ठाकुर

## जनसभा के दौरान केंद्रीय मंत्री बोले- केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर

**विक्रम ढटवालिया, सासन ( हमीरपुर )**

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा है कि राजनीति में जनता का सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद ही हमेशा सर्वोपरि होता है। वह रविवार को ग्राम पंचायत नेरी सासन, बजूरी और भगेटू में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। ठाकुर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है और लोग भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह आपने पहले भी चार बार आशीर्वाद देकर भाजपा को विजय बनाया है, उसी प्रकार इस बार भी कमल के चिन्ह पर मुहर लगाकर मोदी की सरकार बनाएं और मुझे अपनी सेवा करने का अवसर भी दें।


अनुराग ठाकुर चुनावी जनसभा के बाद समर्थकों के साथ।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राज में इतने घोटाले हुए हैं, उसने देश को लूट कर खोखला कर दिया। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे युवा पीढ़ी को इस बात का जरूर एहसास करवाएं कि पिछले 10 सालों में कितना काम हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### अनुराग ठाकुर आज दाखिल करेंगे नामांकन

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। तकरीबन 11:30 बजे नामांकन दाखिल करने के बाद उनके बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम होंगे। नामांकन दाखिल करने के मौके पर बड़ी जनसभा नहीं करेंगे। क्योंकि बीते शनिवार को उन्होंने संकल्प यात्रा के रूप में हमीरपुर के गांधी चौक पर बड़ी रैली आयोजित की थी। वहीं, अवाहदेवी से लेकर हमीरपुर तक रोड़ शो भी किया था। अनुराग के चुनावी दौरे पिछले तीन-चार दिनों से हमीरपुर और बिलासपुर जिलों पर फोकस किए गए हैं। वे जिले में चुनावी माहौल को मुकम्मल तौर पर गरमाने के बाद अब ऊना की ओर रुख करेंगे। उनके यह कार्यक्रम विधानसभा उपचुनावों के बड़सर, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिहाज से भी आयोजित हो रहे हैं, ताकि वहां पर पार्टी की इस बार नई भूमिका में शामिल हुए नए पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में भी बेहतर माहौल बनाया जा सके। उधर, पार्टी के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि सोमवार को 11:30 बजे के आसपास अनुराग ठाकुर नामांकन दाखिल करेंगे या कार्यक्रम पहले से ही तय था, इसमें चुनावी जनसभा और रोड़ शो शनिवार को आयोजित कर लिया गया है।

## चुनावी चुटकी

### नेता जी को आया पसीना



इन दिनों गर्मी से पसीना छूट रहा है, लेकिन कुछ नेताओं को मतदाताओं के पास पहुंचने में पसीना आ रहा है। लोग कारण भी पूछ रहे हैं। भाई पांच साल के लिए भेजा था। अब अगर पांच साल में पांच बार लोग परेशान होंगे तो वे नेताओं को गले नहीं लगाएंगे। उनको तो गुस्सा आएगा, जो जायज भी लग रहा है। यह नेताओं के लिए परीक्षा की ऐसी घड़ी भी है, जिसका इंतजार पांच साल तक आम जनता करती है। चिंता इतनी है कि नेता जी का वजन भी पंद्रह किलो कम हो चुका है। अब न तो ठाठ-बाठ हैं और न ही कोई खातिरदारी हो रही है। खाना भी समय पर मुश्किल हो गया है। घंटों तक पैदल सफर भी हो रहा है। जहां गालियां पड़ रही हैं उनको पचाया जा रहा है, जहां भक्त मिल रहे हैं वह राग सोशल मीडिया पर गाया जा रहा है। कुछ पुराने जख्म हैं, उनको भी नमक लगाया जा रहा है, चुनाव के कारण और उपलब्धियों पर भी सवाल हो रहे हैं। रौनकी ताऊ के सवाल इतने तीखे हैं कि कपड़े फाड़ सकते हैं। अब लोग कुछ भी बोल रहे हों, लेकिन लगता है ताऊ की बातों का असर नेता को गहरा हो गया है। यह भी पता चला है कि नेता जी के खाने पीने में कमी नहीं है, वे चिंता में ही कमजोर हो रहे हैं।

-राजेश शर्मा

### मिलने का टाइम नहीं है



**चुनावों** में नेताओं को कैसे-कैसे दिन देखने पड़ रहे हैं। वोटर्स कभी जिन नेताओं से मिलने का टाइम मांगते थे, अब वोट्र्स से उनको टाइम लेना पड़ रहा है। वोटर्स को इस चुनाव में अपनी एहमियत का भी पता चल रहा है। चुनाव प्रतिष्ठा के लिए हैं। कोई नाम और काम भी नहीं चल रहा है। ऐसे में एक-एक वोट जरूरी हो चुका है। अब वोटर्स भी एक साल के बाद मतदाता फिर से वोट देंगे। जो दूसरी बार वोट मांगने वाले हैं, उनके लिए समस्या बड़ी है। बहाने भी तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई पेश नहीं चल रही है। वोटर्स भी सियाने हो चुके हैं, आसानी से कहां काबू आने वाले हैं। नेता फोन करके वोटर्स से समय मांग रहे हैं, लेकिन अब नखरे उनके सुनने पड़ रहे हैं। रौनकी ताऊ भी रिज मैदान पर मौज ले रहे हैं। घर पर मिलने का नेता को समय भी नहीं दे रहे हैं। कभी ससुराल में होने की बात कर रहे हैं तो कभी अस्पताल में बता रहे हैं। अब हम भी समझ रहे हैं, ताऊ नेता को अपना महत्व बता रहे हैं। पहले ताऊ उस नेता से समय मांगते थे, अब नेता जी ताऊ से समय मांग रहे हैं। ताऊ का महज यह सब एक बहाना है, नेता को उसकी करनी का सबक सिखाना है।

# धर्म और जाति की राजनीति करती है कांग्रेस : सौदान सिंह

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सुरेश कश्यप के समर्थन में मांगे वोट


शिमला में भाजपा की रैली के दौरान मंच पर बैठे सौदान सिंह, जयराम, सुरेश कश्यप व अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका एजेंडा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है।

सौदान सिंह रविवार को शिमला लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप के समर्थन में शिमला में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। सौदान ने कांग्रेस पार्टी पर भगवान राम विरोधी एवं सनातन धर्म विरोधी होने और राष्ट्र विरोधियों का साथ देने का भी आरोप लगाया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को मजबूत बनाते हुए नारी शक्ति, युवा, किसान, वरिष्ठ नागरिकों और सभी वर्गों को नई बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया है। भारत में पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी की प्रदेश और देश से छुट्टी होना तय है। इस अवसर पर कंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीएम मोदी की 10 साल की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगा और एक बार फिर मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएगा।

**कहा- कांग्रेस का एजेंडा दलितों आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना**

### मोदी ने देश को दिखाई नई राह : सुरेश कश्यप

**भाजपा** प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि इस लोकसभा चुनावों में प्रदेश में भाजपा चारों सीटें जीतकर कमल खिलाएंगी और केंद्र में हम एक बार फिर मोदी सरकार बनाएंगे। पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक ही आवाज एक ही नारा चल रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने देश को एक नई राह दिखाई है। पीएम ने देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाया है।

# भाजपा ने की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश: आनंद शर्मा


ज्वालामुखी में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**ज्वालामुखी, पंकज सोनी**

ज्वालामुखी विधानसभा में रविवार को कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन में सीएम सुक्खू पहुंचने वाले थे, लेकिन मौसम खराब होने के कारण वह ज्वालामुखी नहीं पहुंच पाए। इसलिए उद्घाटन लोकसभा प्रत्याशी कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी आनंद शर्मा ने किया।

आनंद शर्मा के ज्वालामुखी पहुंचने पर कांग्रेस विधायक संजय रत्न व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। मंच पर विधायक संजय रत्न आनंद शर्मा को चुनावी में विजयी होने के लिए तलवार भेंट की और कहा कि लोकसभा प्रत्याशी आंनद शर्मा मजबूत प्रत्याशी हैं और यह जीतकर लोकसभा चुनावों में हम सबकी आवाज बुलंद करेंगे। विधायक संजय रत्न ने कहा कि वह सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित ज्वालामुखी विधानसभा के हर बूथ पर जाएंगे और प्रत्याशी की जीत मजबूत करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व मजबूत है और सशक्त पार्टी है। लोकसभा चुनावों में जीत हमारी होगी। उन्होंने कहा चुनावों के प्रचार में कार्यकर्ता एकजुट हैं। महिला मोर्चा, यूथ कांग्रेस, छात्र संगठन, सेवा दल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सभी मजबूती से प्रचार में जुटे हुए हैं। कांग्रेस की बात जनता तक पहुंच रही है। चुनाव प्रचार तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**विधायक संजय रत्न व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत। तलवार भी की भेंट**

### बोले- कांग्रेस पार्टी हमेशा सत्य पर अड़िग

**आनंद** शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सत्य पर अड़िग है और दशकों से जनता के कार्य करती आई है और प्रमाण सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि क्या बीजेपी के ये हथकंडे सही थे कि हिमाचल में चुनी हुई सरकर को गिराने की कोशिश करना और दुष्प्रचार करना। आनंद शर्मा ने कहा हिमाचल की सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के नेतृत्व में और सभी कांग्रेस के चुने हुए विधायक बीजेपी की हर बात का जवाब देने में सक्षम हैं। लोकसभा चुनावों में जीत हमारी ही होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी झूठ के हथकंडे नहीं अपनाती, यह महारत बीजेपी के पास है। (अनंत ज्ञान)

## अनंत व्यंग्य




# कहीं बड़सर में मैच फिक्स तो नहीं : विशाल शर्मा

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और बड़सर से उम्मीदवारी जताने वाले विशाल शर्मा ने पार्टी नेतृत्व पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि बड़सर से जिस व्यक्ति को पार्टी ने उम्मीदवार के तौर पर उतारा है, वह मैच फिक्सिंग का हिस्सा है। क्षेत्र की राजनीति के हिसाब से वह बेहद कमजोर व्यक्ति साबित होंगे।



यदि पार्टी नेतृत्व ने जल्दी ही उम्मीदवार नहीं बदला तो वह निश्चित रूप में निर्दलीय रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। रविवार को आयोजित प्रेस कान्फेंस में उन्होंने कहा कि जितने लोगों ने पार्टी टिकट के लिए अप्लाई किया था, उसमें असरदार लोगों को नजर अंदाज किया गया है। इसीलिए क्षेत्र की जनता के साथ पार्टी ने धोखा किया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से पूछा की सर्वे करवाने का आखिर फायदा क्या है यदि सर्वे को ही आधार बनाया गया है तो सर्वे के नाम पर क्षेत्र की जनता के साथ या धोखा हुआ है, जो व्यक्ति पिछले काफी समय से पार्टी की बैठक तक में शामिल नहीं हुआ करता था, उसे टिकट कैसे दिया जा सकता है। काबिले गौर है कि बरसात से 18 लोगों ने पार्टी टिकट के लिए अप्लाई किया था, उनमें विशाल शर्मा भी शामिल थे।

# हिमाचल की चारों सीटें जीतेगी भाजपा: हर्ष महाजन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन ने चंबा के इरावती होटल में पत्रकारवार्ता में कहा कि लोकसभा की चारों की चारों सीटें भाजपा जीतेगी। उन्होंने सुक्खू सरकार पर जमकर हल्ला बोल और कहा कि सरकार को बने हुए करीब डेढ़ वर्ष का समय बीत चुका है। इस सुक्खू सरकार ने कोई ऐसा काम नहीं किया, जिससे लोगों का भला हो सके। सुक्ख सरकार हर समय पैसा नहीं होने का रोना रोती रही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार में सभी भ्रष्टाचारियों अफसरों को अपने साथ रखा है। जिन पर विजिलेंस और न जाने किन-किन आपराधिक मामलों में केस चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह की सरकार थी तो उसे समय मैं उनका एडवाइजर था, लिहाजा मुझे सब मालूम है। उसमें सुखविंद्र सिंह और राजा वीरभद्र सिंह की आपस में नहीं बनती थी। वह आपस में कट्टर दुश्मन थे। यही कारण रहा की पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के जो भी खास और नजदीकी लोग थे, सबसे पहले उन्होंने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया।


चंबा के इरावती होटल में पत्रकारों को संबोधित करते राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन।

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि चंबा मेरी जन्मभूमि है और इसके लिए मुझसे जो भी बन पाएगा मैं करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अब 6 साल के लिए राज्यसभा सांसद बन चुका हूं और इन 6 सालों में जितना भी पैसा मुझे इस निधि से मिलेगा मैं चंबा की डेवलेपमेंट पर खर्च करूंगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल, चंबा सदर पूर्व विधायक पवन नैय्यर, भाजपा मंडलाध्यक्ष महाराज कृष्ण बड़ियाल सहित कई पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# मजदूर-किसान विरोधी है केंद्र सरकार : राजेंद्र

**नाहन।** लोकसभा चुनावों में अब सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं और इसी कड़ी में रविवार को सीपीआई के राज्य सचिव राजिंदर ठाकुर ने कहा कि मजदूरों, किसानों व बेरोजगारों को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया, जिसके चलते यह वर्ग उपेक्षित रहे हैं। अब इन चुनावों में वह विपक्षी गठबंधन के साथ हैं और प्रदेश में मुद्दों पर आधारित विषयों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देंगे। राजिंदर ठाकुर ने कहा कि आज देश में मजदूर, किसान व बेरोजगार सभी परेशान हैं, लेकिन इन मुद्दों पर चुनाव में कहीं बात ही नहीं हो रही है। लोग इन विषयों को लेकर जनता दरबार में जाएंगे व अपनी बात रखेंगे। इसके इलावा प्रदेश में कांग्रेस को समर्थन दिया जाएगा।

## राजनीति

### शिमला के चौड़ा मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला

# देश को फिर से बांटने की राह पर कांग्रेस: बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के नामांकन से पहले रविवार को शिमला के चौड़ा मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेता विहीन, नीति विहीन, विचार विहीन होने के कारण लगातार नीचे की ओर जा रही है। उन्होंने कहा कि 450 सांसदों वाली पार्टी आज 50 सांसदों पर पहुंच गई है और 4 जून को आने वाले चुनाव परिणामों में यह पार्टी 40 से नीचे पहुंच जाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 28 राज्यों में सत्ता चलाने वाली कांग्रेस आज 2-3 राज्यों में सिमट गई है इसलिए कांग्रेस ने उन लोगों के साथ समझौते किए हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं, इसलिए कांग्रेस का पतन निश्चित है। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस रंग भेद, नस्लीय भेद, जाति भेद, धर्म भेद करके एक बार फिर देश को विभाजन के कगार पर ले जा रही है। गांधी परिवार के गुरु सैम पित्रोदा ने भारत के देशवासियों का अपमान किया।



शिमला के चौड़ा मैदान में भाजपा के कार्यक्रम में राजीव बिंदल का स्वागत करते पदाधिकारी।

कुछ को मंगोलियन कहा, कुछ को अरेबियन कहा, कुछ को अफ्रीकियों के साथ मिलाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में अल्पसंख्यक आरक्षण देने की जोर-शोर से वकालत कर रहे हैं। यह कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र का प्रमुख हिस्सा है। इस प्रकार देश को विभाजन की ओर धकेलने का पाप कांग्रेस पार्टी कर रही है। देश ने मन बनाया है कि मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान से सहमति जताते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि बेईमानों का हिमाचल की जनता साथ नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल की महिलाओं के साथ, युवाओं के साथ बेईमानी की। महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने की गारंटी दी, लेकिन दी फूटी कौड़ी भी नहीं। इसी तरह युवाओं को सालाना एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी दी, लेकिन एक भी युवक को रोजगार नहीं दिया। 20 लाख किसानों के साथ बेईमानी की है। 100 रुपए लीटर दूध और 2 रुपए किलो गोबर खरीदने की गारंटी दी थी, कुछ नहीं किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री देने की गारंटी दी थी, लेकिन दिया कुछ नहीं। हजारों करोड़ रुपए का कर्ज लेकर भी हिमाचल के विकास को बंद कर दिया। इसलिए हिमाचल प्रदेश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ चलेगी।

# भाजपा प्रत्याशी बताएं, विकास के लिए आया पैसा कहां खर्च किया: विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने रविवार को फिर जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी से अपना दूसरा सवाल किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कौन सी समस्या है, जिसको अपने विधानसभा में उठाया, उसके ऊपर अभी चुप्पी साधे हैं, अभी हर रोज नए-नए सवाल आएंगे और इनका जवाब देना मुश्किल होगा। अभी सवाल करने वाला एक मैं अकेला हूं और जब पूरा कुटलैहड़ सवाल करेगा तब क्या होगा।

उन्होंने शनिवार को पूछा था कि ऐसा कोई प्रश्न बता दो जो अपने क्षेत्र की समस्या से जूड़ा विधानसभा में पूछा हो। उन्होंने कहा की भाजपा प्रत्याशी बताएं किस प्रकार से 8 करोड़ का टेंडर 13 करोड़ से ज्यादा राशि का लिया गया और किस प्रकार से लोगों के साथ छलावा कर मुख्यमंत्री की तरफ से आया विकास का पैसा अपने चहेतों में बांटा गया। उन्होंने कहा कि इस बात की पूरी जानकारी आरटीआई के माध्यम से ली जाएगी कि आखिर सरकार से मंजूर हुई राहत राशि और सहायता राशि जो कि क्षेत्र के लिए आई थी वह कहां लगी है। इसका ताजा उदाहरण परसों हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलन से मिलता है, जहां लोगों को नामांकन भरने के नाम पर बुलाया गया और फिर नामांकन अगले दिन किया गया और उसमे भी फिर वहीं पांच-सात ठेकेदार साथ में नामांकन भरने गए। उसको लेकर कुटलेहड़ की जनता काफी निराश दिख रही है। आज जो लोग यह बोल रहे हैं कि हम खर्चा नहीं करते तो मैं उनको बताना चाहता हूं कि हम संगठन से जुड़े हुए वह लोग हैं, जो 30 वर्षों से जनता की सेवा कर रहे हैं।


जनसंपर्क अभियान के दौरान समर्थकों के साथ विवेक शर्मा।

मतदान का संदेश




सुंदरनगर। मातृ दिवस पर स्वीप अभियान के तहत मतदान का महत्व बतातीं महिलाएं।



बड़सर संसदीय क्षेत्र में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

# सम्मान के नहीं, ब्रीफकेस में रखे सामान के भूखे थे दागी : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में आनंद शर्मा के पक्ष में किया प्रचार

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/रक्कड़**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया। खुंडियां में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दिग्गज नेता आनंद शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

केंद्र सरकार में मंत्री पर रहते हुए आनंद शर्मा से जब भी हम हिमाचल के लिए कुछ मांगने जाते थे, तो एक फोन पर काम होता था। कांगड़ा को ऐसे सांसद की जरूरत है, जिसका आवाज पूरा देश सुने। दागी कह रहे हैं कि उन्हें सम्मान नहीं मिला। उनके चुनाव क्षेत्रों के सारे फैसले, सारे अफसर उनकी मर्जी से दिए। कांग्रेस ने उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर बिठाया, क्या वह सम्मान नहीं। सत्य यह है कि दागी सम्मान नहीं, बल्कि सामान के भूख थे। जो सामान भाजपा के ब्रीफकेस में रखा था वह काफी भारी था। उसके प्रभाव में आकर उन्होंने अपना ईमान बेच दिया। वहीं, सीएम ने जसवां-परागपुर के डाडासीबा में भी चुनावी जनसभा में भाजपा पर जमकर हमला बोला।



खुंडियां पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को हार पहनाकर स्वागत करते लोग।

### नोट के दम पर कुर्सी हथियाने का किया असफल प्रयास

सुक्खू ने कहा कि विपक्ष ने नोट के दम पर सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और मेरे इस्तीफे की अफवाह फैलाई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा में भगवान को चुनौती देते हुए कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकते हैं, लेकिन व्हिप का उल्लंघन करने के लिए कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। भाजपा जब जनता के वोट से सरकार नहीं बना सकी और नोट के दम से कुर्सी को हथियाने का असफल प्रयास किया। वर्तमान राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है और कार्यकाल पूरा करेगी।

### कांग्रेस जनबल के सहारे धनबल को देगी जवाब

**यह** लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसे सरकार अकेले नहीं लड़ सकती है, लेकिन जनबल के सहारे कांग्रेस पार्टी धनबल को जवाब देगी। ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के पड़ोसी क्षेत्र नादौन से विधायक मुख्यमंत्री है। पड़ोसी होने के नाते विधायक संजय रतन ने जो कुछ मांगा, इस क्षेत्र को दिया है। यह तो शुरुआत है, आने वाले समय में चंगर क्षेत्र, चंगर नहीं रहेगा और यहां विकास की गंगा बहा देंगे।

# अबकी बार मोदी 400 पार, कांग्रेस खोजे से नहीं मिलेगी : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी देश में चुनाव चल रहे हैं, पूरे वोट नहीं पड़े हैं और मतगणना हुई नहीं है। देशवासियों ने अभी से तय कर लिया है कि अबकी बार मोदी 400 पार कर केंद्र में दोबारा से भाजपा की सरकार बनाएंगे। अभी परिणाम आने में लंबा समय है, लेकिन दुनिया के राष्ट्र अध्यक्षों में आज होड़ मची है कि शपथ ग्रहण के बाद नरेंद्र मोदी सबसे पहले उनके देश में आए।

शिमला के चौड़ा मैदान में रविवार को भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में दु:ख की सरकार चल रही है। कांग्रेस की यह सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नजर में भी गिर गई है। जिस तरह से कांग्रेस समाप्त हो रही है, आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी खोजे नहीं मिलेगी। कांग्रेस के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि चलते संस्थान बंद करना भी हिम्मत का काम है। 10 हजार युवाओं को एक झटके में नौकरी से निकाल दिया। इसी चौड़ा मैदान में हजारों युवा महीनों तक बर्फ और बरसात में अनशन करते रहे। अपनी नौकरी के परिणाम जारी करने के लिए इस चौड़ा मैदान पर महीनों डेरा लगाया सरकार ने धरना देने पर ही रोक लगा दी।



### बोले- सुक्खू पहले यह देखें कि आपके नीचे जमीन कितनी बची

**मंडी।** जयराम ठाकुर ने कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन रैली में मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी नेताओं की ओर से प्रयोग की भाषा शैली को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कांग्रेसी नेताओं ने किया है उसका बहुत जल्द ढंग से जवाब दिया जाएगा। मंडी में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि आज जिस प्रकार से मुझे मंडी में आकर टारगेट करने की कोशिश हो रही है उससे प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी हार देख बौखला गए हैं। सुक्खू ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनके अपने जिले के तीन विधायक एक साल में ही विरोध में खड़े हो गए, जब उनको प्रताड़ित किया गया। मुख्यमंत्री पहले ये देखें कि आपके नीचे जमीन कितनी बची है। कांग्रेस सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ पहले छह माह में ही गिर चुका था। अब तो सरकार नाम की चीज ही नहीं बची है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



जनप्रतिनिधि विकास की खुदाई को लेकर कभी संसद ठप नहीं करते। पूरी सड़क बनने के बाद कंपनियां सड़कों के किनारे खुदाई कर पाइपलाइन डालती हैं, जिससे महीनों सड़कें टूटी रहती हैं। इस कारण कई निर्दोष लोग अपनी जान तक गंवा देते हैं। मंडी सांसद को आज तक हमने संसद में इस व्यक्तय देते हुए नहीं सुना। जनता को ऐसा सांसद चाहिए जो विकास की खुदाई बंद करवाए। **शिवम, मंडी।**



मंडी सांस्कृतिक राजधानी है, लेकिन आज तक इस बारे में किसी भी सांसद ने संसद में गंभीरता नहीं दिखाई। जनता उन्हीं लोगों का चयन करती है, जिससे उम्मीद होती है। छोटी काशी में कलाकारों की कमी नहीं है, लेकिन प्रतिभाओं को मंच मिलना चाहिए। मंडी सांसद को संसद में मंडी के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए। **रेणु मेनन, मंडी।**



आज के समय में लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं, लेकिन इसके कारण की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हमारे हर खाद्य पदार्थ में आजकल मिलावट पाई जा रही है और बड़ी कंपनियां चंद पैसों के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। सांसद को इन मिलावट करने वालों के खिलाफ संसद में आवाज उठाकर इनके खिलाफ सख्त कानून बनाना चाहिए। **किरण धीमान, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



देश में विकास के मापदंड जनता और पर्यावरण के अनुकूल नहीं हैं। मंडी-कुल्लू में आई भयंकर आपदा मानव निर्मित थी, यदि विकास पहाड़ों के अनुकूल हुआ होता तो ऐसी स्थिति न होती। मंडी सांसद संसद में पहाड़ी वातावरण के अनुसार ही योजनाएं बनवाए, ताकि आपदा की स्थिति न आए। पर्यावरण के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ स्वयं सड़कों पर उतरे ताकि लोग जागरूक हों। **विनय शर्मा, मंडी।**



जिस तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं, वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा लिखा हो, जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीतने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए। **रंजना शर्मा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र।**



**आम** व्यक्ति को रोटी कमाकर ही मिलेगी। कोई भी नेता नहीं देगा, चाहे भाजपा का हो या कांग्रेस का। नेता जीत जाने के बाद पूंजीपतियों के ही काम करते हैं। लोगों को अपनी बात बताने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है, जो उम्मीदवार हैं वह इस बातों को ध्यान में रखें और अमल भी करें, ताकि लोकतंत्र की हत्या न हो सके। **बबीता संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



पिछले कुछ सालों में प्रदेश का विकास हुआ है, लेकिन रोजगार के मुद्दे पर कोई काम नहीं हुआ है। युवाओं को प्रदेश में रोजगार न मिलने के कारण उन्हें दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। रोजगार के नाम पर राजनीति की जाती रही है, लेकिन इस बार युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने को अपना वोट डालेंगे। **प्रताप चौधरी, जयसिंहपुर**



मैं अपना वोट क्षेत्र और प्रदेश के विकास के लिए दूंगा। राजनीतिक दल वोट तो विकास के नाम पर मांगते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद अपने वादों ओर दावों को भूल जाते हैं। ऐसे में जनता को ऐसे नेताओं को क्षेत्र में आने पर उनके वादे याद दिलाने चाहिए। **प्रवीण शर्मा, जयसिहंपुर।**



देश में रोजगार गारंटी योजना तैयार होनी चाहिए, जिससे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है बेरोजगारी चरम सीमा पर है। इसे दूर करने के लिए कदम उठाए जाएं। रोजगार के लिए निजी क्षेत्र में सुविधाएं दी जाएं, ताकि दूर-दूर भटक रहे युवाओं को नौकरी मिल सके। **अजीत सिंह, हमीरपुर।**

### विधायक आशीष व भाजपा के जिला अध्यक्ष बलवीर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# पहले अनुराग की उपलब्धियां गिन लें रायजादा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**हमीरपुर** सदर के विधायक आशीष शर्मा एवं ऊना जिला भाजपा के अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने प्रेस बयान में कहा कि रायजादा को पहले ऊना जिले की ही उपलब्धियां नहीं दिख रही, लोकसभा की बात तो अभी बहुत दूर है।

कांग्रेस प्रत्याशी अपना चश्मा बदलकर देखेंगे तो शायद उनको ऊना जिले का विकास दिखेगा। 128 करोड़ रुपए की लागत से ऊना का ट्रिपल आईटी, ऊना, बंगाणा एवं सलोह में केंद्रीय विद्यालय, ऊना में नेशनल सेंटर फॉर स्पेशल चाइल्ड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, 495 करोड़ रुपए की लागत से ऊना में पीजीआई सैटलाइट सेंटर, हमीरपुर, ऊना व बिलासपुर के लिए डायग्नोसिस सेंटर, हमीरपुर बिलासपुर में मदर चाइल्ड अस्पताल, ऊना में ट्रॉमा सेंटर के लिए 12 करोड़ रुपए, वंदे भारत अंब इंदौरा से दिल्ली तक आदि करोड़ों रुपए के काम अनुराग ठाकुर ने किए हैं। लोकसभा क्षेत्र की उपलब्धियां गिनाने लग गए तो रायजादा को पूरा एक दिन उन उपलब्धियां को देखने और सुनने में लग जाएगा।

**चश्मा बदलकर देखेंगे तो उनको दिखेगा विकास**

# कांग्रेसी आएं तो उनसे सवाल करें आपको क्यों दें वोट : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

**बड़सर** विधानसभा उपचुनाव के भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने गांव स्तर पर भकरेरी एवं बणी पंचायत में मंगरोली, कारवीं, बग्गी, मंगतेहरी, कौवा, चकमोह आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की।

उन्होंने जनता को बताया कि जब भी कांग्रेस के कार्यकर्ता आपसे वोट मांगने आएं तो उनसे सवाल जरूर पूछें कि उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता क्यों अस्वीकार किया। उनसे यह भी पूछें कि आखिर कर्नाटक में मुख्यमंत्री क्यों कहते हैं कि वह 98 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर आए हैं। उनसे यह सवाल करें कि हमीरपुर से चंडीगढ़ वाया बड़सर, दिल्ली जाने वाले रूट क्यों बंद किए। सभाओं में सभी बूथों के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल रहे।



# सुक्खू की बोली बोलना बंद करें कांग्रेस प्रत्याशी : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भट्टो ने रविवार का कुटलैहड़ के टक्का, ट्यूडी रेसरी में प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि सरकार और सत्ता की आड़ में कांग्रेस प्रत्याशी ने सरकारी भूमि पर हवेलियां बनाई हैं। उनकी पूरी जांच पड़ताल होगी। आज तक इस प्रत्याशी का परिवार चुनावी समय में फ्रेंडली मैच खेलता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कुटलैहड़ की जनता भी सच्चाई जानने के लिए बड़ी उत्सुक है। मेरे विधायक कार्यकाल में कुटलैहड़ के विकास में रोड़ा अटकाता रहा है और कौन सीएम सुक्खू का खास बनकर अगल बगल में बैठता रहा है, यह भी जनता को बताएं। कुटलैहड़ की जनता के इतने हितैषी बनते हैं, तो डेढ़ वर्ष में कुटलैहड़ की जनता के लिए क्या किया। कितनी योजनाओं को स्वीकृति दिलवाई। हम कड़ी मेहनत करके यहां तक पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को ज्ञात नहीं कि आजकल ऑनलाइन टेंडर प्रतिक्रिया होती है और जिस कार्य के लिए संबंधित विभाग एस्टीमेट बनाकर ऑनलाइन करता है। ठेकेदार उसी एस्टीमेट के माध्यम से टेंडर डालते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी पहले पूरी जानकारी और तथ्य जुटा लिया करें, फिर आरोप लगाया करें। 20 साल से ठेकेदारी कर रहा हूं और ठेकेदारी की क्या प्रथा है। यह मुझे उनसे प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। सीएम सुक्खू की बोली बोलना कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी बंद करे, क्योंकि ईमानदारी का चोला पहनकर और कुटलैहड़ की जनता के बीच जाकर दूसरो को चोर और खुद को साध बताकर चुनाव नहीं जीते जाते।



टक्का में जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो।

**कहा- दूसरों को चोर और खुद को साध बताकर नहीं जीते जाते चुनाव**

### जनता षड्यंत्रकारी को नहीं करेगी बर्दाश्त : बिट्टू

**हमीरपुर।** सीएम के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने सुजानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा के चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाला है। उन्होंने रणजीत राणा के पक्ष में कुठेड़ा, चुलानी, चलोखर, बाग चौकी (कुठेड़ा), सराहकड, ब्रह्मणी, वलौंगनी व पंजाल (मझोगी) सहित एक दर्जन नुक्कड़ सभाएं की।

लोग खुलकर समर्थन कर रहे हैं। सुजानपुर की जनता ईमानदार है, बल्कि जो षड्यंत्रकारी को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विधानसभा क्षेत्र से बाहर का रास्ता दिखाएगी। ईमानदार मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। जनता कभी नहीं चाहेगी कि पाला बदलने वाले और षड्यंत्रकारी को जिताएगी।

# कांग्रेस लड़ रही लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मंडी** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अगर वह सांसद बनते हैं तो उनकी प्राथमिकता रामपुर में एक मेडिकल कालेज खोलने की होगी।

इस क्षेत्र की सड़कों के निर्माण व रखरखाव पर पिछले एक साल में 70 करोड़ से अधिक खर्च किए गए। हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर प्रदेश के विकास कार्यों व अपने विभाग से संबंधित सड़क व भवन निर्माण व इनके सुधार में तेजी से कार्य किया। राजनीति में उनका उद्देश्य केवल जनसेवा का है और इससे वह कभी पीछे नही हटेंगे। उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जनसभाएं की। यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ रही है। मंडी संसदीय क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र बनाने की कोई कसर नहीं रखेंगे।



रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते विक्रमादित्य सिंह।

# छह विधानसभा सीटों पर जीतकर करेंगे सीएम सुक्खू के हाथ मजबूत : सुभाष



**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार सुभाष ढटवालिया 14 मई को साढ़े 12 बजे नामांकन भरेंगे।

जिला महासचिव पवन कालिया ने बताया कि सुभाष ढटवालिया के नामांकन के बाद पुराना ठाकुर नर्सिंग हॉस्पिटल के साथ मुख्यमंत्री भारी जनसमूह को संबोधित करेंगे। लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा भी इस रैली में जनता को संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद्र ढटवालिया ने समर्थकों सहित प्रचार तेज कर दिया है। रविवार को उन्होंने कठियाणा पंचायत में लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी सभी 6 विधानसभा सीटों को जीतेगी और मुख्यमंत्री के हाथ मजबूत करेंगे।

**कल भरेंगे नामांकन**

**सियासत** लोकसभा की चार सीटों पर पिछले 10 साल से जीत रही भाजपा, किसी भी सीट पर टक्कर नहीं दे पाई कांग्रेस

# भाजपा के लिए चुनौती बनेंगी विधानसभा चुनाव में हारी सीटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा की चार सीटों पर पिछले 10 साल से भाजपा जीत रही है। एक दशक में कांग्रेस किसी भी सीट पर भाजपा को टक्कर नहीं दे पाई।

2014 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस के काबिज होने के बावजूद भाजपा ने चारों सीटों पर बड़े अंतर से जीती थी। 2019 का लोकसभा चुनाव हुआ, तो सूबे में भाजपा की सरकार थी और चारों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत का आंकड़ा और बढ़ गया। कांगड़ा लोकसभा सीट से भाजपा के किशन कपूर ने करीब चार लाख 66 हजार मतों से जीत का नया रिकॉर्ड बना डाला। इस बार के लोकसभा चुनाव अलग सियासी परिदृश्य में हो रहे हैं। सूबे की सत्ता पर कांग्रेस का कब्जा है।

कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के अयोग्य होने पर छह सीटों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं। ऐसे में इस बार दोनों दलों के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। डेढ़ वर्ष पहले हिमाचल की 68 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 43 सीटों पर हार मिली थी। तब भाजपा के सात मंत्री चुनाव हार गए थे।

कांग्रेस ने 40 सीटें जीतकर सरकार बनाई तो भाजपा 25 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। तीन सीटों पर निर्दलीय विधायक विजयी हुए। वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस के सामने इन 40 सीटों पर अपने प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती रहेगी। भाजपा को इन सीटों पर कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिलने की संभावना है।

**इस बार मुकाबला रोचक होने के आसार**

### शिमला लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पांच मंत्रियों और 13 विधायकों की अग्निपरीक्षा

**राज्य** की प्रत्येक लोकसभा सीट में 17 विधानसभा हलके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव पर नजर डालें तो कांग्रेस ने शिमला, कांगड़ा, सोलन, हमीरपुर और ऊना जिलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। भाजपा केवल मंडी जिला में ही एकतरफा जीत दर्ज कर पाई। मंडी जिले का 10 में से नौ सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। कांग्रेस की सुक्खू सरकार में शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा पांच मंत्री हैं। इस संसदीय क्षेत्र में 17 में से 13 विधायक कांग्रेस के हैं। कांग्रेस ने सोलन जिला के कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस सीट पर कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों की अग्निपरीक्षा होगी। मंडी लोकसभा सीट पूरे देश में चर्चा में बनी है। यहां से भाजपा ने वॉलीबुड अदाकारा कंगना रनौत को उतारा है। उनका मुकाबला विक्रमादित्य सिंह से है। विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह वर्तमान में मंडी से सांसद हैं।

### मुख्यमंत्री सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश की साख दांव पर

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा के गढ़ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। हमीरपुर जिले में भाजपा खाता नहीं खोल पाई, जबकि ऊना जिले में भाजपा को 5 में से 1 सीट पर जीत मिली। बिलासपुर में मुकाबला बराबरी पर रहा। इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा के कदावर नेता अनुराग ठाकुर लगातार चार बार जीत दर्ज कर चुके हैं। सीएम और डिप्टी सीएम को इस सीट पर विधानसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराना चुनौतीपूर्ण रहेगा। वहीं, कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा ने संगठन के राजीव भारद्वाज को उतारा है। धर्मशाला के कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा अब भाजपा में हैं। विधायकों की संख्या के हिसाब से इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी है।

## हैप्पी बर्थडे



मझैरना की वंशिका धीमान को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# मां बगलामुखी के दरबार पहुंची अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, सुख और समृद्धि के लिए करवाया हवन

**शिवम शर्मा, परागपुर**

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी शनिवार देर रात प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां बगलामुखी के दरबार पहुंची। इस दौरान उन्होंने मां बगलामुखी का आशीर्वाद लिया, तो वहीं सुख-शांति के लिए हवन यज्ञ भी करवाया। अभिनेत्री के मंदिर पहुंचने पर मुख्य आचार्य दिनेश रत्न तथा माता राज कुमारी ने उन्हें मां बगलामुखी के विधिवत ढंग से दर्शन करवा कर पूजा-अर्चना करवाई। शिल्पा ने इस दौरान पुजारी वर्ग से मंदिर के इतिहास के बारे में भी जानकारी ली। वहीं शिल्पा शेट्टी को मंदिर परिसर में देखते ही उनके प्रशंसकों का जमावड़ा लग गया।

हर कोई उनके साथ सैल्फी खिंचवाने को लेकर आतुर दिखा। गौरतलब है कि शिल्पा इससे पहले भी अपने पति राज कुंद्रा के साथ मां बगलामुखी के दरबार में नतमस्तक हो चुकी हैं। मां बगलामुखी के प्रति शिल्पा की गहरी आस्था है। (अनंत ज्ञान)



बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी।

# दयाल नैहरनपुखर पंचायत में पानी के लिए किया प्रदर्शन

## 20 दिनों से पानी की पर्याप्त सप्लाई न मिलने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**शुभम शर्मा, देहरा**

जल शक्ति विभाग सुनेहत के अंतर्गत ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर व हार मिटां में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा चुकी है। आलम यह है की सैकड़ों परिवार पानी की बूंद-बूंद को लेकर दिन भर मारे मारे फिर रहे है। सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर के आस पास तमाम लोगों को पिछले करीब 20 दिनों से लगातार पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है। परेशान ग्रामीणों ने अब विभाग के कार्यालय का घेराव करने का मन बना लिया है। दयाल नैहरनपुखर सरकारी आईटीआई के निकट ब्रह्मण बस्ती व एससी बस्ती वार्ड नंबर एक की बात करें तो पानी की गंभीर समस्या से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को जल शक्ति विभाग सुनेहत की कार्यप्रणाली से दुखी होकर रोष रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों में रविकांत, केसरी देवी, स्नेह लता, वतन चंद, शशिपाल, जीवन सिंह, बंटी, अंजना कुमारी, धर्मपाल, अनीता रानी, प्रदीप कुमार, रमेश चंद, संतोष कुमारी, रीता कुमारी, रोहित, हरि सिंह, कांता देवी, बलदेव राज, रीना कुमारी इत्यादि का आरोप है कि पानी का संकट इस कद्र गहरा चुका है कि पानी के जुगाड़ के लिए लोग हर रोज सुबह से शाम तक मारे-मारे फिर रहे है। इस कारण ग्रामीणों में जल शक्ति विभाग के खिलाफ रोष है। क्षेत्र में कही भी दूर-दूर तक एक भी कुआं, बावड़ी या पानी का कोई अन्य स्रोत नहीं है। सभी लोग जल शक्ति विभाग की सप्लाई पर ही निर्भर है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग उठाई है कि तुरंत स्थिति का जायजा लेते हुए समस्या का हल किया जाए। जल शक्ति विभाग देहरा के एक्सईएन आशीष ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे अभी शिकायत मिली है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पेयजल समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# मंदोली में विधायक मलेंद्र राजन ने आनंद शर्मा के लिए मांगे वोट



जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

लोकसभा चुनावों के चलते इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा लोकसभा पद के प्रत्याशी आनंद शर्मा को वोट डालने के लिए लोगों से जनसंपर्क किया। विधायक ने मंदोली, मकड़ोली, कंगरेडी, टप्पा इत्यादि ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों से आनंद शर्मा के लिए वोट मांगे।

विधायक ने कहा कि भाजपा जुमलों व झूठ बोलने वाली सरकार है इनके बहकावे में आकर अपना भविष्य खराब न करें और कांग्रेस को वोट देकर देश का भविष्य उज्ज्वल करें। विधायक ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे बताया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को खत्म किया जाएगा। हर वर्ष महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए दिए जाएंगे। कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों की तुलना की जाए तो भाजपा के प्रत्याशी उनके आगे कहीं नहीं टिकते। उन्होंने बताया कि आनंद शर्मा की बदौलत ही मलोट औद्योगिक क्षेत्र शुरू हो सका यहां पर करोड़ों के उद्योग खुल रहे हैं, जिसमें हमारे इलाके की जनता को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आनंद शर्मा एक सुलझे हुए प्रत्याशी हैं, उनको वोट देकर अपना व अपने क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल करें। इस मौके परमास्टर कमल किशोर, जर्म सिंह, नरेंद्र शर्मा, प्रताप सिंह, डॉक्टर विशाल ठाकुर, संतोष शास्त्री, अमन ठाकुर इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शांतल मंदिर में भागवत महापुराण कथा 15 से

**जयसिंहपुर।** उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बंदाहू के गांव शांतल स्थित मंदिर में 10वें श्री भागवत महापुराण कथा,सत्संग ज्ञान यज्ञ सर्व कष्ट निवारण विशेष महामंत्र जाप, विशेष महारूद्र अभिषेक नवचंडी महायज्ञ व द्वादशक्षर मंत्र जाप का आयोजन 15 से 22 मई तक होगा। यह जानकारी मंदिर के प्रधान सेवक महंत कृष्णा पुरी जी महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 15 मई को प्रातः 6 बजे कलश यात्रा के साथ होगा जबकि ग्वालियर मध्यप्रदेश से पंडित राजेश शास्त्री जी हर रोज साढ़े 12 बजे से शाम 5 बजे तक भागवत कथा का वाचन करेंगे। अंतिम दिन 22 मई को प्रातः 11 बजे पूर्णाहुति के साथ विश्राम होगा व विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# कांगड़ा में बढ़ती भिखारियों की संख्या खतरे की घंटी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा शहर व अपास के क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन भिखारियों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। इसका मुख्य केंद्र बिंदु कांगड़ा का मंदिर बाजार बना हुआ है। जहां पर यहां रहने वाले प्रवासी लोग अपने बच्चों से भगवान के नाम पर व अपनी गरीबी का हवाला देते हुए यहां आने वाले श्रद्धालुओं को ठगी का शिकार बनाते है। इन बच्चों के माता-पिता इनके द्वारा मांगी गई भीख के पैसे से शाम के समय नशे में टली देखे जाते है। इनके कारण श्रद्धालु मंदिर बाजार में खरीदारी करने से भी गुरेज करते है और दर्शन कर यहां से निकल जाना ही उचित समझते है। ज्ञात रहे की कांगड़ा मंदिर बाजार में बीते दिनों भी एक प्रवासी महिला ने लूट के इरादे से मंदिर बाजार में काफी दहशत फैला रखी है उक्त महिला को मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन झपटने का मामला भी प्रकाश में आया था जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त महिला को पकड़ कर थाने लाया गया था। इसी महिला द्वारा कुछ रोज पहले नगरोटा में भी ऐसी ही वारदात में संलिप्त होने की जानकारी नगरोटा पुलिस को भी मिली थी। जिस पर नगरोटा पुलिस ने महिला को पकड़ कर उससे पूछताछ की थी और सबूत न होने पर उसे हिदायत देकर छोड़ दिया था। उक्त महिला के हौंसले और भी बुलंद हो गए जिसके बाद उक्त महिला ने कांगड़ा के मंदिर बाजार को अपना निशाना बनाया। इस बार भी उक्त चालाक महिला एक बार फिर से पुलिस को चकमा देने में कामयाब रही। इस पर पुलिस में दिए बयान के आधार पर पुलिस को इस महिला को हिदायत दी गई कि वह दोबारा इस क्षेत्र में नहीं दिखनी चाहिए देकर छोड़ना पड़ा। बहरहाल कांगड़ा पुलिस के लिए उक्त भिखारी व और ऐसे लोग सिर दर्द बने हुए है। हालांकि शनिवार को भी एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार के नेतृत्व में एक दल ने कांगड़ा के मंदिर बाजार में दविश दी थी और मौके पर इन बच्चों से भीख मंगवाने वाले उनके परिजनों को थाना तलब किया था। पुलिस की यह मुहिम कब तक चलेगी और ऐसे लोगों से कांगड़ा की जनता को कब छुटकारा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर : संजीव

इस बारे में थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार का कहना है कि पुलिस ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखे हुए है। समय-समय पर ऐसे जगहों पर गश्त की जाएगी अगर कोई भी पुलिस के हत्थे चढ़ेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# भरवाड़ के सुघाल में नलों से पानी के साथ निकले कीड़े

**अनिल छांगू, जवाली**

विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन पंचायत भरमाड़ के वार्ड नं-4 सुघाल में नलों से पानी के साथ-साथ कीड़े भी आ रहे हैं। नलों से पानी के साथ कीड़े निकलने से लोग काफी हताश हैं। इस पानी को पीने से लोगों को कोई भी बीमारी हो सकती है। सुघालवासियों ने बताया कि जब रविवार को पानी की सप्लाई हुई तो नलों के नीचे रखे बर्तनों में पानी के साथ-साथ कीड़े भी निकले जिनको देखकर सुघालवासियों को संक्रमण होने का डर लग रहा है। लोगों ने कहा कि यह पानी पीने के लायक नहीं है। प्रतीत होता है कि जिस टैंक से हमें पानी आ रहा है उसकी साफ-सफाई नहीं हुई हो तथा वहां से ही पेयजल के साथ कीड़े आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग लोगों को साफ पेयजल मुहैया करवाने का दावा करता है, लेकिन पानी में कीड़े आने से इन दावों की पोल खुल गई। इस बारे में जल शक्ति विभाग जवाली के सहायक अभियंता पवन कौंडल ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी मिली है। जेई को भेजकर इसको चेक किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



# हेल्थ इज वेल्थ

# मिर्च-मसाले वाले खाने से पथरी का खतरा

**गुर्दों** में पथरी होना अत्यंत कष्टदायक होता है। जब कभी भी खान-पान में थोड़ी अव्यवस्था हो, मिर्च मसाले युक्त भोजन की अधिकता या फिर ज्यादा श्रम करने से पानी की कमी हो तो पथरी के रोगी को भयंकर दर्द के साथ ही मूत्र विसर्जन में दिक्कत आ जाती है। दर्द हमेशा पेट के आगे से पीठ की तरफ जाता है। रोगी को दर्द के साथ बेचैनी, उल्टी और तीव्र बुखार भी हो सकता है। गुर्दे में पथरी दोनों ही गुर्दों में या फिर दाएं या बाएं गुर्दों में से किसी एक,मूत्र नलिका वृक्क मूल व मूत्राशय में पाई जाती है। आयुर्वेद मतानुसार अश्मरी वातज, पित्तज, कफज तथा शुक्रज चार प्रकार की होती है जिनका समावेश हम कैल्शियम ऑक्सालेट व कैल्शियम फॉस्फेट के रूप में कर सकते हैं। आधुनिक खोजों से यह तो तय है कि पत्थरी बनने का कारण विशुद्ध रूप से चयापचय में असुंतलन ही है। आहार-विहार भी पथरी बनाने में अहम माना जाता है।



### मूत्र विसर्जन में दिक्कत

डॉ. चांद ने बताया कि गुर्दे की पत्थरी का पता अचानक ही चलता है जब रोगी को मूत्र विसर्जन में दिक्कत आती है। पेशाब जलन के साथ रुक-रुक कर आता है और मूत्राशय के आसपास पेट में तीव्र व असहनीय दर्द होता है। तब पेशाब की सूक्ष्म जांच करने से पता चलता है। गहन जांच से पथरी की स्थिति का पता चल जाता है तथा तदनुसार औषधीय या शल्य उपचार किया जाता है।



### आयुर्वेद से पथरी का उपचार

**आयुर्वेद** में गुर्दे की पथरी का बृहत उपचार वर्णित है। आयुर्वेद में अश्मरी भेदक और मूत्रल दोनों प्रकार की औषधियां सेवन करवाई जाती हैं, जो पथरी को तोड़कर बाहर निकलने में सफल रहती है। इनमें पाषाणभेद, वरुण, गोखरू, अपामार्ग, कलमिसोरा, जवाखार, पुनर्नवा, कुल्थी, पंचत्रिणमूल, शिलाजीत शीतल मिर्च, अनंतमूल और श्वेतपर्पटि इत्यादि के अनेक योग प्रमुख है। इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि अगर पथरी का आकार बड़ा हो और गुर्दे के बीचोंबीच स्थित हो तो तुरंत शल्य चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाना चाहिए। इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि गुर्दे की पथरी सर्जरी करवाने के बाद दोबारा भी हो जाती है। उस दशा में रात्रि विश्राम के दौरान हर तीन से चार घंटे में पानी पीना चाहिए ताकि पत्थरी बनने में रूकावट बनी रहे। ऐसा माना जाता है कि पथरी रात को जल्दी बनती है। यदि बार-बार पानी पीते रहेंगें तो कैल्शियम के साथ ऑक्सालेट/ फॉस्फेट का योग नहीं हो पाएगा और पथरी दोबारा नहीं बन पाएगी या फिर कम मात्रा में बनेगी। हालांकि आयुर्वेद उपचार के नाम पर कुछ संस्थाओं द्वारा अनुभूत योगों के साथ शर्तिया उपचार करने के दावे किए जाते हैं तो उस स्तिथि में यही सलाह है कि हर किसी से उपचार करवाने की बजाय अच्छे अनुभवी चिकित्सक व गुणवत्ता प्राप्त औषधियों का ही सेवन करें। गलत उपचार हो जाने पर गुर्दों में खराबी आ जाने का अंदेशा रहता है। पथरी का आयुर्वेद सम्मत उपचार तो करें पर सजग रह कर।

# विटामिन से भरपूर मूंग दाल का चीला

**शहरों** में जहां गांव के व्यंजनों और साग सब्जी का अभाव रहता है वहीं मंडी शहर के ऐतिहासिक सेरी मंच पर हर शुक्रवार और शनिवार को देशी हाट सजाया जाता है। यह हाट ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल की महिलाओं द्वारा सजाया जाता है। ग्रामीण महिलाओं द्वारा यहां पर विभिन्न प्रकार के ग्रामीण व्यंजन तैयार किए जाते है जोकि शहर में भी गांव की कमी महसूस नहीं होने देते है। इसी कड़ी में आजकल सेरी मंच पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित एक नया व्यंजन देखने को मिल रहा है। इसे मूंग दाल का चीला कहा जाता है। नवदुर्गा स्वयं सहायता समूह की सदस्य मंजू द्वारा बनाया जा रहा मूंग दाल का चीला आजकल मंडी शहर में लोगों की पहली पसंद बन गया है। लोग खूब आनंद से इसको खाते हैं। मंजू ने बताया कि मूंग की दाल को बारीक पीस उसमें पानी मिलाकर अच्छे तरीके से घोला जाता है और उसके बाद तवे पर सेक कर रोटी का आकार दिया जाता है और उसके बाद उसका स्वाद बढ़ाने के लिए पनीर और वेजिटेबल की स्टफींग की जाती है। सबसे कुछ अलग करने की इच्छा मन में थी और उसी प्रेरणा के साथ चलकर इस प्रकार का व्यंजन बनाने का मन में आया और लोगों का काफी रुझान भी इसके प्रति बना है। कई बार लोगों का और भी कई और चीजें खाने का मन होता है जिसके लिए कोदरा की रोटी में अरबी की स्टफिंग करके रोटी बनाई जाती है और यह फायदेमंद होने के साथ स्वादिष्ट भी होती है और साथ में दही बड़ा भी बनाया जाता है। **प्रस्तुतिः पुष्प राज, मंडी**



### मूंग दाल होती है सेहत के लिए फायदेमंद

मूंग की दाल को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। मूंग दाल में कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी-6, नियासिन, थायमिन पाया जाता है, जो शरीर की कई समस्याओं से दूर रखने में मदद करता है। मूंग दाल चीला को पाचन के लिए काफी अच्छा माना जाता है और इसके सेवन से वजन बढ़ने को भी नियंत्रित करने में भी सहायक होता है।



### कोदरा की रोटी डायबिटीज के मरीज के लिए न्यूट्रिशन

**विभिन्न** गुणों से भरपूर कोदरा में फाइबर पाया जाता है जो पाचन शक्ति के लिए गुणकारी साबित होता है। साथ ही महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान सुपरफूड का काम करता है।डायबिटीज के मरीज के लिए कोदरा न्यूट्रिशन साबित होता है। साथ ही पेट दर्द और बवासीर जैसी समस्याओं के लिए काफी फायदेमंद रहता है।

# हीट वेव्स हो सकती हैं जानलेवा



**गर्मी** ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण हीट वेव्स से बचने की सलाह दी है। देश के कई हिस्सों में लू चलने लगी है और पारा 40 डिग्री क्रॉस कर रहा है। यदि हीट वेव्स के प्रति लापरवाही बरती तो यह जानलेवा साबित हो सकती है। देश में हर साल हीट वेव्स से कामगार और मेहनतकश लोग बहुमूल्य जिंदगियां गंवा देते हैं क्योंकि या तो वे इसके प्रति लापरवाह रहते है और दूसरे उन्हें समय पर उपचार भी नहीं मिल पाता। दरअसल हमारे शरीर में ताप नियंत्रण की एक निश्चित व्यवस्था होती है और हीट वेव के कारण तापमान के ऊपर जाने पर शरीर का ताप नियंत्रण ध्वस्त हो जाता है। शरीर का कोई भी तंत्र दुष्प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाता, जिसके कारण मनुष्य अनेक व्याधियों से जूझता है। इसलिए पहले से ही सजग रहना होगा।

### मानव शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव



**डॉक्टर** एमडी सिंह ने बताया कि गर्मियों में हीट वेव से मानव शरीर पर जल अल्पता (डिहाईड्रेशन), हाथ, पैर अथवा पूरे शरीर में जलन, तेज अनियंत्रित शारीरिक तापमान (ज्वर), असहनीय सिर दर्द और चक्कर आना, सोचने समझने की क्षमता घट जाना, अत्यंत कमजोरी और मानसिक तनाव महसूस करना, सनबर्न, अर्टीकेरिया, घमौरियों और फोड़े-फुंसियों का निकलना, फूड प्वाइजनिंग, आंत्र-शोथ, पेट दर्द एवं उल्टी दस्त का लगना, बेहोशी आना, अकबक करना, रक्त अल्पता, पैरों में सूजन एवं लोकोमोटर अटेक्सिया, पेशाब में कमी, जलन अथवा जल्दी-जल्दी होना, तेज धूप के कारण आंखों में जलन और लाली और लू लगना आदि दुप्रभाव हो सकते हैं।

### धूप का चश्मा लगाकर निकलें बाहर



**किसी** भी रोग की चिकित्सा से कहीं ज्यादा आवश्यक एवं अनुकूल अवस्था है उससे बचाव कर लेना। धूप, लू और गर्मी के दुष्प्रभाव से कुछ निम्न पूर्व प्रक्रियाएं अपना कर बचा जा सकता है जैसे कि अधिक से अधिक पानी पिएं ताकि शरीर में जल की मात्रा कम न होने पाए, धूप में जाना आवश्यक हो तो मोटे सूती कपड़ों का प्रयोग करें एवं सिर और चेहरे को तौलिया आदि से ढक कर निकलें, आंखों पर धूप का चश्मा लगाकर निकलें,नींबू, संतरा, तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी, बेल जैसे मौसमी फलों का सेवन करें, चना, जौ का सत्तू, आम पुदीने की चटनी, छाछ और लस्सी,जीरा सौंफ का पानी,प्याज, गुड़ का शरबत और आम का पन्ना धूप गर्मी और लू से बचाव के लिए अत्यंत कारगर हैं, ताजी हरी सब्जियों का सेवन करें, नॉनवेज से भरसक बचें, अत्यधिक आयली और मसालेदार भोजन का प्रयोग संयमित होकर करें। फास्ट फूड एवं कोल्ड ड्रिंक का कम से कम प्रयोग करें। तापमान में अचानक और असंतुलित परिवर्तन बिना धूप में गए लू का कारण बन सकता है इसलिए एसी से निकलते और अंदर जाते समय इस बात का ध्यान रखिए। दिन में कई बार चेहरे को ठंडा पानी से धोया जाए।

# आयुर्वेद का जीवन में अहम महत्व



**आयुर्वेद** के अनुसार शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली (विहार) जरूरी है। इसमें आपकी आदतों, व्यवहार, आहार और उस वातावरण को शामिल किया जाता है, जिसमें आप जी रहे हैं। आजकल बड़ी संख्या में लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों जैसे मधुमेह, मोटापा और हृदय संबंधी रोगों आदि से ग्रस्त हैं। ये रोग आमतौर पर अधूरे पोषण वाला आहार, शारीरिक गतिविधि या व्यायाम की कमी आदि के कारण विकसित होते हैं। इसलिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के साथ मनुष्य को नियमित व्यायाम करना जरूरी है।

### पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक

**आयुर्वेद** विश्व की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है, जिसका शाब्दिक अर्थ है जीवन का ज्ञान। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्वीकार किया गया है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की तुलना कभी भी मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम से नहीं की जा सकती है, क्योंकि इनका शरीर पर काम करने का तरीका एक-दूसरे से काफी अलग रहा है। जहां एलोपैथिक दवाएं रोग से लड़ने के लिए डिजाइन की जाती हैं, वहीं आयुर्वेदिक औषधियां रोग के विरुद्ध शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती हैं, आयुर्वेदिक चिकित्सा के अनुसार शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए शरीर, मन व आत्मा का एक सही संतुलन रखना जरूरी होता है और जब यह संतुलन बिगड़ जाता है तो हम बीमार पड़ जाते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा कई हजार साल पुरानी है। इसमें किसी रोग का उपचार के लिए हर्बल दवाओं के साथ योग, व्यायाम की मदद ली जाती है

### तीन तत्वों से मिलकर बना है शरीर



**डॉ.** मुमताज, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि आयुर्वेद के सिद्धातों के अनुसार हमारा शरीर मुख्य तीन तत्वों से मिलकर बना है, जिन्हें दोष, धातु और मल कहा जाता है। इन तत्वों के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। आयुर्वेदिक साहित्यों के अनुसार मानव शरीर दोषों से मिलकर बना है, जिन्हें वात, पित और कफ दोष कहा जाता है। ये तीनों दोष प्रकृति के मूल पांच तत्वों अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश से मिलकर बने होते हैं। प्रत्येक दोष में इन मूल 5 तत्वों में से कोई 2 तत्व होते हैं और उन्हीं तत्वों के आधार पर शारीरिक कार्य प्रक्रिया निर्धारित होती है।

### शिकायत निवारण आयोग ने पशुपालन विभाग को दिए निर्देश

# पशु के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत भेजे

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

जिला के पालमपुर निवासी की शिकायत के बाद शिकायत निवारण आयोग ने न सिर्फ उसे क्लेम देने के कंपनी को निर्देश दिए हैं बल्कि एक ऐतिहासिक निर्णय भी सुनाया है जिससे सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश की समस्या पर भी नुकेल कसी जा सकती है। बेसहारा गोवंश पर आयोग ने कड़ा रूख अपनाते हुए, निदेशक, एनिमल हसबेंडरी तथा वेटरनरी ऑफिसर को, रिस्क मैनेजमेंट और लाइवस्टोक इंश्योरेंस में दी गाइडलाइंस के तहत बताए गए उनके रोल को पालन करने के निर्देश दिए हैं।

गाइडेंस की प्रतिलिपि सभी वेटरनरी अस्पताल को जारी करने के भी निर्देश दिए। बताते चलें कि पालमपुर के एक व्यक्ति के ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से गाय की मौत के बाद क्लेम अदा न करने के मामले में क्लेम देने के निर्णय के साथ यह निर्णय किया गया। उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा की अगुवाई में आरती सुद, नारायण ठाकुर की पीठ ने न्यायालय ने निदेशक वेटरनरी विभाग को ये निर्देश दिए की जो भी गाइडलाइंस सेक्शन 6(1) के रिस्क मैनेजमेंट और लाइवस्टोक इंश्योरेंस स्कीम में दिए गए हैं।

वेटरनरी डॉक्टर की जिम्मेदारी पशुओं को पहचान तथा परीक्षण के बाद पशुओं को इस स्कीम में सम्मिलित करना है। वेटरनरी डॉक्टर पशुओं का मार्केट प्राइस निर्धारित करेंगे, उनको हेल्थ सर्टिफिकेट इश्यू करेंगे एवं उनकी टैगिंग करेंगे, जिन पशुओं की इंश्योरेंस की गई है। वेटरनरी ऑफिसर की पशुओं की रिटेगिंग के लिए एवं रिटेगिंग करने के बाद इसके बारे में इंश्योरेंस कंपनी को बताना और उसके बारे में अपने जिले के डिप्टी डायरेक्टर को भी बताने की जिम्मेदारी होगी। जब भी किसी पशु की मृत्यु होती है उसके मालिक द्वारा सूचित करने पर वेटरनरी ऑफिसर द्वारा उस पशु का तुरंत पोस्टमार्टम किया जाना चाहिए एवं उसकी रिपोर्ट इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत टैग के साथ, उसकी एक प्रतिलिपि उपनिदेशक कार्यालय उस जिले का फोटोग्राफ्स के साथ भेजनी चाहिए। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और हिंदुस्तान ब्रोकर लिमिटेड, सभी जिलों के रिपोर्टिंग ऑफिसेज होंगे। वेटरनरी ऑफिसर अपने पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतिलिपि एवं सर्टिफिकेट इश्यू की प्रतिलिपि रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

# बारिश-तूफान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

### मौसम के बदले मिजाज से खेतों में खराब हो रही काटी हुई गेहूं और जौ की फसल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**


खेतों में काटी गई गेहूं की फसल।

पिछले कुछ दिनों से मौसम के बदले मिजाज को देखकर किसान फसल की कटाई करने से डर रहे हैं। यहां बताते चलें कि जिला के नूरपुर तथा इंदौरा जैसे अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्रों में गेहूं की कटाई का काम लगभग पूरा हो चुका है तो वहीं धर्मशाला समेत कुछ अन्य क्षेत्रों में अभी गेहूं की कटाई या तो नहीं हुई है और या फिर कटाई के बाद गेहूं अभी खेतों में पड़ी हुई है। इससे फसल के खराब होने जैसी चुनौतियों का किसानों को सामना करना पड़ रहा है। फसल काटने के सीजन में हो रही बारिश और तूफान के कारण गेहूं व जौ की फसल खेतों में ही झड़ रही है।

बताते चलें कि मौसम के बदलते मिजाज को देखकर किसान फसल की कटाई करने से डर रहे हैं तथा जिन किसानों ने कटाई कर रखी है, उनकी फसल खेतों में पड़ी- पड़ी सड़ रही है। मौसम की बेरुखी से किसान काफी आहत हैं। गत करीब एक सप्ताह से मौसम ने फिर करवट बदली है जिससे किसान डर रहे हैं कि अब कटाई करें तो कैसे करें। किसानों का कहना है कि इस बार गेहूं व जौ की बिजाई बहुत बढ़िया समय पर हुई थी, जिससे पैदावार अच्छी होने की उम्मीद थी, लेकिन एक महीना पहले जब गेहूं व जौ की फसल को बारिश की जरूरत थी तो बारिश नहीं हुई और अब फसल पक गई है तो बारिश व ओलावृष्टि होने से नुकसान हो रहा है।

क्षेत्र के किसानों लखविंद्र सिंह, पवन, चमन तथा रंजीत आदि ने कहा कि जब बिजाई करते हैं, तो पशुओं से फसल को बचाने के लिए रखवाली करते हैं, लेकिन अंत में मौसम की बेरुखी हमारी उम्मीदों पर पानी फेर देती है। किसानों के अनुसार मौसम के कारण उन्हें परिवार तक के लिए ही अनाज का इंतजाम करना मुश्किल हो जाएगा और पशुओं के चारे की भी समस्या पैदा हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### फलों को भी नुकसान

जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आड़ू, आम तथा लीची के उत्पादन पर भी बेमौसमी बारिश तथा तूफान से बुरा असर पड़ सकता है। बताते चलें कि कांगड़ा जिला के नूरपुर, इंदौरा तथा कांगड़ा आदि क्षेत्रों में आम, आड़ू तथा लीची आदि फलों का अच्छा-खासा उत्पादन होता है तो वहीं इन दिनों बदले हुए मौसम में बारिश तथा तूफान के कारण इसका असर इन फलों के उत्पादन पर भी पड़ सकता है। आलम यह है कि तेज हवाओं तथा तूफान के कारण फल उत्पादकों को भी इस बार नुकसान की चिंता सताने लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### देहरा के अमरपुरी में पकड़ी अंग्रेजी शराब

**देहरा।** जिला के पुलिस थाना देहरा के तहत अंग्रेजी शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना देहरा की टीम जब गश्त पर थी तो अमरपुरी में चंचल कुमार निवासी वार्ड नं. 5, अमरपुरी से 6,750 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब को कब्जे में लेकर पुलिस थाना देहरा में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। वहीं, पुलिस थाना पालमपुर के तहत खोखे से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पालमपुर पुलिस थाना की टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो इस दौरान घुगर नाला में राजिंद्र निवासी वार्ड नं. 2 के खोखे से 4,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। शराब को कब्जे में लेकर पुलिस थाना पालमपुर में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 7,500 मिलीलीटर देसी शराब पकड़ी

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत देसी शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो माउंट ट्रेनिंग इंस्टिटयूट के पास विकास चंद निवासी घंडरा डाकघर धाणद्रण तहसील इंदौरा से 7,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। शराब को कब्जे में लेकर पुलिस थाना मैक्लोडगंज में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर एसएचओ मैक्लोडगंज यादेश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है। उधर, जिला के पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक वाहन से शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली में गाड़ी नं. एच01डी-5658 से 15,600 मिलीलीटर वीयर व 72,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में प्रवीण कुमार निवासी ढुगियारी डाकघर गगल के खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### भाई की याद में लगाया पीपल का पौधा

**नूरपुर।** भाई की याद में जसूर निवासी शालू महाजन धर्मप ी पुनीत महाजन ने



छतरोली (जसूर) शमशानघाट पर पीपल का पौधा लगाया। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है और कुछ पेड़ भारत सनातनी संस्कृति में पूजनीय होते हैं, उन्ही में से एक है पीपल का पेड़। पीपल का पेड़ उन चंद पेड़ों में से है जो 24 घंटे ऑक्सीजन देता हैं। नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब की प्रेरणा से जसूर निवासी शालू महाजन धर्मप ी पुनीत महाजन ने अपने स्वर्गीय भाई की याद में छतरोली (जसूर) शमशानघाट में एक पीपल का पौधा लगाया। संस्था के सदस्य जसूर निवासी धीरज ठाकुर सार्वजनिक स्थानों पर पीपल के पेड़ लगाने की संस्था की इस मुहिम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। संस्था की इसी मुहिम के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में मंदिरों, स्कूलों, शमशानघाटों व दूसरे सार्वजनिक स्थानों पर पीपल के काफी पौधे न केवल लगा चुके हैं बल्कि उनकी देखभाल भी कर रहे हैं।

### भवारना में मारपीट पर मामला दर्ज

**पालमपुर।** जिला के पुलिस थाना भवारना के तहत मारपीट व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार थलेहड़ में श्रेष्ठा देवी निवासी थलेहड़ डाकघर गगल खोली तहसील धीरा व इसके बेटों अनिल व सुनील ने पुष्पा देवी निवासी थलेहड़ का रास्ता रोककर इसके साथ मारपीट और गाली-गलौज किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना भवारना में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### खोली में बाइक की टक्कर से एक घायल

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकरी के अनुसार खोली में मोटरसाइकिल नंबर एचपी 94-3620 के चालक अजय कुमार निवासी मूमता तहसील नगरोटा बगवां ने कर्म चंद निवासी कलेड़ तहसील नगरोटा बगवां को पीछे से टक्कर मार दी व मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में कर्म चंद के सिर में चोट लगी है। पुलिस थाना कांगड़ा में इसको लेकर भारातीय दंड संहिता की धारा 279, 337 तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 187 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, पुलिस थाना कांगड़ा के एसएचओ संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### दुकान से पकड़ी अवैध शराब

**धर्मशाला।** महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शराब बरामद करने का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सकोह में विनोद कुमार निवासी सकोह तहसील धर्मशाला की दुकान से 15,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। शराब को कब्जे में लेकर महिला पुलिस थाना धर्मशाला में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# मनियाला में कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का आगाज

**अनंत ज्ञान, गरली**



गांव मनियाला में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आगाज हो गया। कथा आयोजक पंडित हेमराज शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सरोज शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र भर की महिलाओ एवं शिव भक्तों द्वारा यह भव्य कलश यात्रा गांव मनियाला से वाया गांव सदवा बणी गरली नाहण नगरोटा सकराला चंबापत्तन से होते हुए भजन कीर्तन पर विश्व बिख्यात सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ कालेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई।

कथा के पहले दिन कथा वाचक आचार्य आदर्श शर्मा ने शिव भोले नाथ का गुणगान कर पंडाल में बैठे भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान शिमला से कथा व्यास भागवत रसिक श्री आदर्श शर्मा द्वारा शिव भोले नाथ के प्रसंग सुनाकर हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा गंगा जल लेने के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कथा आयोजक हेमराज शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सरोज शर्मा व शक्ति शर्मा ने बताया कि 12 से 20 मई तक चलने वाली यह कथा हर रोज दोपहर साढ़े 12 बजे से सांय 4 बजे तक होगी।

# कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए करेंगे प्रचार: दिलावर

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल कांग्रेस ओबीसी सेल के नवनिर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष दिलावर सिंह छोटू ने भरमाड़ में एक पत्रकार वार्ता में अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी सेल लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार करेगा। इसके लिए वह जल्द ही प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और जिन जिलों में अध्यक्ष नियुक्त नहीं हुए हैं वहां जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार का 15 महीने का कार्यकाल शानदार रहा है। सरकार ने जो वादे किए थे उनमें से अधिकांश को पूरा कर दिया है तथा बाकी को भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में पूरा माहौल है और आने वाले चुनाव में प्रदेश में चारों लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवार रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। कांग्रेस से बागी विधायकों को इस चुनाव में करारी शिकस्त मिलेगी। दिलावर सिंह छोटू ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# दूसरे दिन ट्रैक पर दौड़ीं 2 रेलगाड़ियां, लोगों में खुशी

### 10 माह बाद शुरू हुई सेवा, चक्की पुल के कारण पठानकोट तक पहुंचने में अभी लगेगा वक्त

**अनिल छांगु, जवाली**

पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग पर करीब 10 महीने इंतजार करने के बाद शनिवार से नूरपुर रोड से बैजनाथ तक लोग सस्ता व आरामदायक रेलगाड़ी का सफर कर पा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों में सस्ते तथा आरामदेह सफर से जुड़ने के कारण खुशी है। शनिवार से नूरपुर रोड से बैजनाथ तक दो रेलगाड़ियां की आवाजाही शुरू हो गई है।

जबकि नूरपुर रोड से आगे पठानकोट तक रेलगाड़ी चलने में अभी समय लगेगा, क्योंकि चक्की खड्ड पर रेल पुल निर्माण कार्य अभी चल रहा है। रेलवे बोर्ड मंडल फिरोजपुर से विभागीय जानकारी अनुसार 11 मई से दो रेलगाड़ियां अप डाउन चलाने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए थे तथा समयसारिणी भी तय कर दी गई।

गौरतलब है कि 26 अप्रैल को रेलवे बोर्ड ने नूरपुर से बैजनाथ तक रेल ट्रैक पर ट्रेन चलाने के लिए कवायद शुरू की थी। जिसमें पहले रेल इंजन दौड़ा कर ट्रायल लिया गया। उसके बाद 1 मई को रेल इंजन के साथ दो रेल कोच जोड़ कर ट्रायल किया। जबकि 7 मई को रेल इंजन के साथ एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन के सात कोच जोड़ कर नूरपुर से ज्वालामुखी रोड तक दौड़ाए गए और 8 मई को चार कोच वाली सवारी ट्रेन नूरपुर रोड से बैजनाथ भेजी गई जो दूसरे दिन बैजनाथ से नूरपुर रोड पहुंची। चारों ट्रायल सफल रहने के बाद रेलवे बोर्ड ने शनिवार से दो रेलगाड़ियों की आवाजाही को हरी झंडी दे दी है।

### शनिवार से शुरू दो ट्रेनों की समयसारिणी

पहली ट्रेन नंबर 04700 सुबह बैजनाथ से 6: 00 बजे चलेगी जो सुबह 9:56 पर नगरोटा सूरियां व दोपहर 12:00 बजे नूरपुर रोड पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन नंबर



04686 बैजनाथ से शाम को 3:00 बजे चलेगी और देर शाम 7:28 बजे नगरोटा सूरिया पहुंचेगी व रात 9:25 बजे नूरपुर रोड पहुंचेगी। इसी तरह नूरपुर रोड से पहली ट्रेन नंबर 04699 सुबह 6:00 बजे चल कर सुबह 7:47 पर नगरोटा सूरियां व दोपहर 12:00 बजे बैजनाथ पहुंचेगी। इसी तरह दूसरी ट्रेन नंबर 04685 शाम को 2: 30 बजे नूरपुर रोड से चलकर शाम 4:10 बजे नगरोटा सूरियां तथा शाम 8:20 बजे बैजनाथ पहुंचेगी।

पिछले कई महीनो से पठानकोट - जोगिंद्रनगर रेलमार्ग पर रेलगाड़ियां बंद होने से कांगड़ा घाटी के लोगों सहित दूसरे राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस रेल ट्रैक पर पहले सात रेलगाड़ियां अप डाउन करती थीं, लेकिन अगस्त 2022 में चक्की खड्ड पुल के ध्वस्त होने के बाद रेलगाड़ियां स्थगित कर दी गई। लोगों की मांग पर कुछ समय बाद नूरपुर रोड से बैजनाथ के लिए दो ट्रेन चलाई गई, लेकिन कोपहड लाहड़ के पास जुलाई 2023 को भारी बरसात के कारण रेल ट्रैक हवा में लटकने से ट्रेनें फिर स्थगित कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

### सैलरी न मिलने पर जताया रोष

**गरली।** आशा कार्यकर्ता संघ हिमाचल प्रदेश कार्य समिति की बैठक उपमंडल देहरा में संघ की प्रदेश अध्यक्ष अनीता कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि दिन रात कड़ी मेहनत करने के बाद भी आशा कार्यकर्ताओं को पिछले कई महीनों से समय पर सैलरी नही मिल रही है।दो-दो महीने बाद आशा कार्यकर्ताओं को सैलरी दी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं मे सरकार के खिलाफ गहरा रोष है। प्रदेश अध्यक्ष अनीता कुमारी व महामंत्री शशिलता ने दो टूक शब्दों में कहा है कि समय पर सैलरी न देकर उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा।

### भाजपा प्रत्याशी ने कोसरी, लाहट, बालकरुपी, गंदड़ व दगोह में की नुक्कड़ सभाएं

# जनता की सेवा करना ही लक्ष्य: भारद्वाज

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**


नुक्कड़ सभा के दौरान मंच पर मौजूद डॉ. राजीव भारद्वाज, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व अन्य।

कांगड़ा-चंबा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा है कि जनता के बीच रहकर जनता की सेवा करना ही उनके जीवन का लक्ष्य है। भारद्वाज ने यह बात जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के कोसरी, लाहट, बालकरुपी, गंदड़ व दगोह आदि गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे उम्मीदवार बना कर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे समर्पण भावना के साथ पूरा करूंगा। उन्होंने कहा हर व्यक्ति के हितों की रक्षा करना मेरा धर्म है। नेतृत्व विहीन विपक्ष के पास न तो नीति है और न ही नीयत साफ है। इस बार का चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है और देश का भविष्य कैसा होगा यह इसी चुनाव से निर्धारित होगा। उन्होंने कहा कि देश का नागरिक इस चुनाव में देश विरोधी शक्तियों को जड़ से उखाड़ फेंकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों को मात्र बदले की भावना से बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लोगों और कार्यकर्ताओं के उत्साह से स्पष्ट नजर आ रहा है कि कांगड़ा-चंबा के लोबहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में वोट डाल कर एक बार पुन: मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, मंडल महामंत्री राजेश सुग्गा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामरत्तन शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय पठानिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील चौधरी, सोल वनेहड़ पंचायत प्रधान रणवीर सिंह, धुपक्यारा पंचायत प्रधान सरस्वती जरयाल, गंदड़ प्रधान बिनता कटोच, आलमपुर प्रधान शकुंतला देवी, बरडाम प्रधान सुनीता धीमान,दरमिंदर सिंह जोली, अजय राणा, संदीप राणा मौजूद रहे।

# होलीफेथ स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

होलीफेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार में मातृ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, के बच्चों की माताओं की स्कूल में एक्टिविटी और फन गेम्स करवाई गई।

बच्चों और उनकी माताओं ने एक साथ नृत्य किया व केक काटा । कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए बैच मेकिंग एक्टिवी रखी गई थी। कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मार्स सदन की पलक ने पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान में जुपिटर सदन की तनवी रही व तीसरे स्थान पर मार्स सदन की ही इश्मिता रही। नौवीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें मार्स सदन की संजना से पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर जुपिटर सदन की रिया रही, तीसरे स्थान पर जुपिटर सदन की आशिमा व वीनस सदन की सानिया रही। इस उपलक्ष्य पर स्कूल प्रधानाचार्य ने स्कूल में आई हुई माताओं का मुंह मीठा करवाया व स्कूल आने के लिए धन्यवाद किया।

स्कूल प्रबंधक दीपक सूद ने एक्टिविटी में जीते हुए बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व बच्चों के उज्वल भविष्य को कामना की।

# भत्तों का भुगतान न होने से खफा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



बैठक के दौरान हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के सदस्य।

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच नूरपुर जोन की मासिक बैठक का आयोजन कल्याण मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाल पठानिया की अध्यक्षता में निगम के मंडलीय कार्यशाला जसूर के प्रांगण में हुई। बैठक में सर्वप्रथम सेवानिवृत्त चालक शाम सिंह ढोली, निवासी गांव छत्तर के आक्समिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे व निगम प्रबंधन एवं प्रदेश सरकार द्वारा देय वेतन व भत्तों का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर रोष प्रकट किया। बैठक में कल्याण मंच की गत माह हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में सरकार को 31 मई तक देय भत्तों के भुगतान करने को कहा गया था और यह भी निर्णय लिया था अगर भुगतान नहीं किया जाएगा तो कल्याण मंच के सेवानिवृत्त कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करेंगे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कल्याण मंच ने धरना प्रदर्शन का निर्णय कुछ समय के लिए स्थगित किया और इस लोकसभा चुनावों के बाद करने का निर्णय लिया। इस दौरान बैठक में राजेंद्र गुलेरिया,कृपाल सिंह, पूर्ण चंद, अशोक कुमार, रमेश चंद सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कल्याण मंच की सदस्यता ली। बैठक में जोन के महासचिव शाम सिंह, जोगिंद्र सिंह, देवराज, बक्शीश, केहर सिंह, पूर्ण प्रेमपाल, शिवदत्त सुभाष, ईश्वर सिंह, कृष्ण, मनोहर आदि मौजूद रहे।

**मुद्दा** — ग्रामीणों ने दोनों पार्टियों को चेताया, कहा लंबे समय से प्राचीन धरोहर की हो रही अनदेखी

# वोट उसी को,जो परागपुर में बनाएगा फिल्म सिटी

**सालविया शर्मा, गरली**

जिला कांगडा स्थित मिनी मायानगरी के नाम से फेमस धरोहर गांव गरली लंबे अरसे से हिमाचल व केंद्र सरकार के उदासीन रवैया का शिकार होता जा रहा है। यहां फिल्म सिटी की मांग चिरकाल से चली आ रही है, लेकिन आजतक किसी भी सरकार द्वारा कोई भी अहम कदम नहीं उठाया गया है।

लिहाजा अब लोकसभा चुनावों को लेकर गरली परागपुर के लोगों ने अपना रुख साफ करते हुए दो टूक ऐलान कर दिया है कि भाजपा हो या कांग्रेस का प्रत्याशी उसे ही वोट करेंगे जो गरली परागपुर में फिल्म सिटी बनाने का दम भरता हो। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गरली परागपुर से गहरा नाता है क्योंकि सीएम का सुसराल भी इसी क्षेत्र में है।

ग्रामीणों को इस बार पूरी उम्मीद थी की सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मांग को अवश्य पूरा करेंगे, लेकिन आज तक उन्होंने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। गरली-परागपुर की प्राचीन भव्य हवेलियों व प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए भले ही देश विदेश के सैकड़ों सैलानी व बॉलीवुड के फिल्मी सितारे यहां अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए आ रहे है। लिहाजा बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए गरली परागपुर एक ऐसा स्थल है जहां बड़े पर्दे की तमाम फिल्म एक ही क्षेत्र में शूट हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### यहां पर भी पर्यटन की अपार संभावनाएं



जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी, देहरा, जसवां परागपुर तीन हलकों में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए अगर यहां फिल्म सिटी बनती है तो क्षेत्र को पर्यटक के रूप में विकसित करने के लिए और बल मिलेगा। ज्वालामुखी धार्मिक पर्यटन के रूप में पूरे विश्व में विख्यात है। ऐसे में बॉलीवुड फिल्मों के अलावा बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों के लिए रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ देहरा विस के पौंग डैम में नौका विहार, जसवां परागपुर में ऐतिहासिक धरोहरों के दर्शन को एक सूत्र में पिरोकर पर्यटन को और ज्यादा बढ़ाने के प्रयास होने से पर्यटक इन क्षेत्रों की ओर आकर्षित होंगे। इससे यहां के कारोबार में भी बढ़ोतरी की प्रबल संभावनाएं बनेंगी। इसके अलावा यहां के प्राचीन मंदिरों बगलामुखी, ज्वालामुखी, कालेश्वर महादेव, लक्ष्मीनारायण मंदिर चनौर, पंचतीर्थी और चामुखा आदि को हैरिटेज टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन विकसित किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा में रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**धनेटा।** सामाजिक संस्था अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार संगठन द्वारा धनेटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राधाकृष्णन मेडिकल कालेज हमीरपुर से पांच सदस्यों की टीम में सीनियर लैब असिस्टेंट कमलेश शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर विपिना ठाकुर, रवि कुमार एवं रजिंद्र कुमार तकनीकी सहायक, लेखराज सहायक, सहित धनेटा अस्पताल के डॉक्टर विशाल, लैब सहायिका प्रेमबाला, नर्सिंग ऑफिसर अंजना ठाकुर, प्रदीप कुमार ने शिविर में आए सभी लोगों को सहयोग किया। शिविर में 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं में भीरक्तदान करने का उत्साह था। रक्तदान करने वाली महिला निर्मला देवी ने रक्तदान के बाद कहा कि अगर उनके खून से किसी की जान बच जाए तो इससे बड़ा उपहार उनके लिए और कुछ नहीं है। शिविर का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष अनिल गुलेरिया और राजकुमार धीमान ने किया तथा मेडिकल कालेज आए हुए तकनीकी सहायकों की टीम और धनेटा अस्पताल के स्टाफ को सम्मानित कर किया।

### डीएवी स्कूल आलमपुर पहुंचे पद्मश्री पूनम सूरी



**सुजानपुर।** डीएवी संस्थान के अध्यक्ष पद्मश्री पूनम सूरी डीएवी स्कूल आलमपुर पहुंचे, जिनका डीएवी संस्थान की वाइस चेयरपर्सन पी सोफत, प्रबंधक वीके यादव, प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह व अन्य सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। इस अवसर पर एचपी जोन बी, जोन सी, जोन डी और जोन एफ के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। स्कूल की राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व भारत स्काउट्स गाइडस के स्टूडेंट्स ने उनको सलामी दी तथा रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुत किए। पूनम सूरी ने कहा कि डीएवी संस्थान वैदिक ज्ञान व आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने आलमपुर स्कूल को उच्च श्रेणी का दर्जा देते हुए कहा कि यह स्कूल दिन-प्रतिदिन सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने स्टूडेंट्स की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संगठन का ताज हासिल करना है। अतः हमें सर्वदा इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहना चाहिए।

### नामदेव समाज महासभा ने अंशिका को किया सम्मानित



**हमीरपुर।** प्रदेश भर में 12वीं कक्षा की साइंस संकाय में नौवां स्थान हासिल करने वाली अंशिका राय को नामदेव समाज महासभा ने प्रशस्ति पत्र व 5100 रुपए का चेक, मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया। अंशिका राय ने 500 में से 485 अंक लिए हैं। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश डोगरा, उपाध्यक्ष अजन केशव, सचिव अनिल, प्रेस सचिव मस्त राम इंदौरइया आदि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि अंशिका अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

### युवाओं ने मान खड्ड से उठाया कूड़ा-कचरा



**नादौन।** निदान उपमंडल की पंचायत बसारल में युवाओं ने साफ सफाई अभियान शुरू किया है, जिसमें गांव के युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस अभियान में अमन कुमार, उत्सव, नवीन कुमार, नीलू आदि शामिल हैं। इन युवाओं ने संकल्प लिया है कि वह न केवल अपने गांव अपितु आसपास के खड्ड-नालों की भी साफ-सफाई किया करेंगे। इस अभियान के तहत इन युवाओं ने गांव के राजस्थान व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की और कूड़ा कचरा एकत्रित करके नष्ट किया। उसके बाद मान खड्ड के किनारे पड़े कूड़े-कचरे को भी एकत्रित किया। इन युवाओं ने लोगों से आग्रह किया है कि वे कूड़ा-कचरा खुले में न फेंके, क्योंकि इससे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं पेयजल स्रोतों पर भी कुप्रभाव पड़ रहा है।

### कस्बा बड़ा के प्लासी में लगाया भंडारा



**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के गांव प्लासी में आज पीर बाबा जी की यादगार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। ये जानकारी भंडारा कमेटी के सदस्य दलीप कौंडल ने दी।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

## नर्सिंग स्टाफ ने लिया फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। नर्सिंग स्टाफ ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के सामने कैंडल जलाईं व केक काट कर जन्म दिवस मनाया और एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी।



डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनातीं नर्सें।

गौर रहे कि आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर नीति निर्माताओं और जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय नर्स परिषद ने 12 मई 1974 को पहला अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया था। तब से लेकर दुनिया भर में हर साल फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने ब्रिटिश युद्ध के दौरान नाइटिंगेल की कई महिलाओं, स्वयंसेवी नर्सों को प्रशिक्षित किया और ब्रिटिश सरकार से युद्ध में घायल हुए लोगों के लिए समर्पण भावना के साथ उनकी सेवा की थी।

यह कार्यक्रम शैलेश सोनी और निर्मल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नर्सों को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की बधाई दी और मानवता के लिए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश डॉक्टर्स, नर्स एसोसिएशन की प्रधान कमलेश कुमारी, महासचिव प्रवीन रूहानी और संयुक्त सचिव हेमलता ने भी शिरकत की। मेडिकल कॉलेज के मैट्रन निर्मला शर्मा, राज गोयल, रामेश्वरी व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर किरण वालिया आदि ने भी कैंडल प्रज्वलित कीं। नर्सिंग स्टाफ ने ईमानदारी से कार्य करने का प्रण लिया। कमलेश कुमारी ने बताया कि 12 से 18 मई तक नर्सिंग सप्ताह मनाया जाएगा। 18 मई को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होंगे, जिसमें सभी जिलों के प्रैजीडेंट और उपाध्यक्ष आदि भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# अदरक का बीज न मिलने से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

कृषि विक्रय केंद्र बिझड़ी में किसानों को अदरक का नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से अदरक का बीज बाहर से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर हैं। मार्केट में अदरक का बीज 250 से 300 रुपए किलो के हिसाब बिक रहा है। किसानों को कृषि संबंधी बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विक्रय के खोले गए हैं, लेकिन जब बीज नहीं मिलेगा तो फिर इसका क्या लाभ होगा।



बीज विक्रेता केंद्र को लगा ताला।

आगामी समय में मक्की की फसल की बिजाई भी होगी जिसके लिए किसान हाइब्रिड बीजों का इन विक्रय केंद्रों से उपलब्ध होने की उम्मीद रखते हैं, लेकिन अगर समय पर न मिले तो किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उन्हें प्राइवेट बिक्री केंद्रों से बीज खरीदने पढ़ते हैं। किसानों ने कृषि विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द अदरक और मौसम के हिसाब से बीजे जाने वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएं। इस संदर्भ में जब कृषि अधिकारी अश्वनी भारद्वाज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अदरक के बीज सप्लाई नहीं आई है, जैसे ही आएगी तो लोगों को बीज उपलब्ध करवा दिया जाएगा और मक्की के बीज की सप्लाई शीघ्र ही आने वाली है।

## मिड-डे मील वर्कर्स को संतुलित आहार बनाने के दिए टिप्स



**रंगस।** पीएम पोषण योजना के तहत आसपास के 11 स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्करों और सहायकों के लिए रंगस में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एकदिवसीय ऑनलाइन वर्चुअल बेसिक प्रशिक्षण में वर्करों को इंस्टीच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रीशन कुफरी शिमला के संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें खाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, खाद्य सामग्री का सही संतुलन आदि के बारे में स्टूडेंटस को संतुलित आहार बनाने के बारे में वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर निशा देवी, रीता देवी, पुष्पा देवी, संतोष कुमार, प्रोमिला देवी, सुनीता देवी, निशा देवी, बिमला देवी, रीता देवी आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## पार्क में लगा फव्वारा बना आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के चिल्ड्रन पार्क में स्थापित फव्वारा देखते ही बनता है। रात के समय में रंगीन रोशनी का नजारा इस की सुंदरता को और बढ़ा रहा है। रंगीन रोशनी का नजारा चिल्ड्रन पार्क में स्थापित फुव्वारे में देखते ही बनता है। निकलते पानी की दिखती रंगीन मनमोहक लाइटें अपनी और बरबस ही आकर्षित कर रही हैं। नगर परिषद सुजानपुर ने चिल्ड्रन पार्क का कायाकल्प करके इसे आकर्षण का केंद्र बना दिया है।



लंबे अरसे पहले सुजानपुर के चौगान के साथ लगते वार्ड नंबर आठ में जनता के मनोरंजन के लिए एक चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया गया था। उस समय इस चिल्ड्रन पार्क का नींव पत्थर व लोकार्पण तत्कालीन कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय ठाकुर जगदेव चंद ने किया था। चिल्ड्रन पार्क में जहां बच्चों के लिए खिलौने स्थापित किए थे वहीं एक कैफे के अलावा सुंदर फूल, पौधे लगाए गए थे। इसके अलावा एक फव्वारे का निर्माण भी किया गया था। शाम ढलते ही जनता पार्क में बैठ आराम करती थी व बच्चों का हुजूम खेलने के लिए पार्क में दिखना शुरू हो जाता था, लेकिन धीरे-धीरे पार्क में अव्यवस्थाओं का आलम बनता गया।

नगर परिषद ने पार्क के जीर्णोद्धार को लेकर के बजट का प्रावधान कर पार्क का कायाकल्प कर दिया। लोगों के लिए अब पार्क फिर से आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। शाम ढलते ही दूधिया रोशनी से दिखती पानी की फुहारें इस स्थान को चार चांद लगा रही हैं। वहीं लोगों की मांग है कि छोटे-छोटे बच्चों के लिए छोटे खिलौने स्थापित किए जाएं। नगर परिषद ईओ संजय कुमार का कहना है कि शहर के विकास, सुंदरता, सफाई व्यवस्था को लेकर उनका हमेशा प्रयास रहा है तथा पार्क की सुंदरता को लेकर प्रयास किए जाएंगे।

### मौनी बाबा कुटिया में दुर्लभ सत्संग 13 मई से

**नादौन।** जिला हमीरपुर के नादौन के समीप फतेहपुर गांव में स्थित मौनी बाबा कुटिया में दुर्लभ सत्संग का आयोजन 13 से 19 मई के बीच किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. रत्नचंद शर्मा ने बताया कि अगले सप्ताह ब्रह्म पुराण की दुर्लभ कथाओं का विस्तृत व्याख्यान कुटिया के मंच के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें कथा व्यास के रूप में ऋषिकेश हिमालय वाले स्वामी सदाशिव नित्यानंद गिरि जी महाराज उपस्थित रहेंगे।

### उपचुनाव में इंद्रदत्त की पत्नी ने संभाली चुनाव प्रचार की कमान



**बिझड़ी।** उपचुनाव की तारीख जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है प्रत्याशियों की धड़कनें भी तेज होने लगी है। प्रचार-प्रसार में कहीं कमी न रह जाए इसके चलते लखनपाल की पत्नी उषा लखनपाल ने भी रविवार को लोगों में रू-ब-रू होते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। उषा ने अपनी टीम के साथ कुल्हेड़ा पंचायत में डुगाड़, चंगर, टांगर, टेला, पडलू गांव में जाकर भाजपा के उम्मीदवार आईडी लखनपाल के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा जिस भी गांव में प्रचार के लिए पहुंच रही है लोगों का भरपूर समर्थन प्यार और स्नेह मिल रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग एक दर्जन के करीब महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है।

### टौनी देवी में मिड-डे मील वर्कर्स की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**टौणीदेवी।** राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला टौनी देवी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 64 प्रतिभागी शामिल थे। इस कार्यशाला में मिड-डे मील के कुक कम कम हेल्पर को कच्चा माल खरीदते समय ध्यान देने योग्य बातें, कचरे से निपटारण, आग सुरक्षा, स्वच्छता संबंधी तथा संतुलित आहार का ज्ञान विसर्जित किया। यह कार्यशाला इंचार्ज सुमन लता, अनीता गुप्ता, अदिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

### हेमराज मेमोरियल बास्केटबाल प्रतियोगिता 21 जून से

**टौणीदेवी।** टौणी देवी में हेमराज मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जून तक किया जा रहा है, जिसमें हिमाचल के साथ ही दूसरे राज्यों की टीमें भी भाग लेंगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हेमराज बास्केटबाल संगठन की बैठक टौणी देवी में सेवानिवृत प्रधानाचार्य बलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि विजेता टीम को 21000 व ट्राफी तथा विजेता टीम को 15000 तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। बैठक में कृष्ण चंद, संजीव चौहान, एसडी शर्मा, हंसराज, रविंद्र ठाकुर, लवकेश कुमार, बलवीर सिंह, सुरजीत सिंह व दिनेश कुमार सहित अन्य ने भाग लिया।

## सासन के उपप्रधान समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर की ग्राम पंचायत सासन के उपप्रधान अरुण कुमार रिंटू कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। रविवार को सासन पंचायत में आयोजित केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की जनसभा के दौरान अरुण व एक दर्जन अन्य परिवार भाजपा में शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने विधिवत पटका पहनाकर उनका भाजपा में स्वागत किया। इस दौरान विधायक आशीष शर्मा भी मौजूद रहे। अरुण ने कहा कि विधायक आशीष शर्मा के साथ वह कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा खड़े हैं। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है।



भाजपा में शामिल होने के बाद अनुराग ठाकुर और आशीष शर्मा के साथ उपप्रधान एवं अन्य।

वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित हुए हैं और आशीष शर्मा की अगुवाई में भाजपा में शामिल हुए हैं। आशीष हमीरपुर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने चुने हुए प्रतिनिधि को दरकिनार किया। यही कारण है कि उन्होंने जनहित के लिए इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हुए। इसी के चलते भाजपा ज्वॉइन की।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर अनुराग ठाकुर रिकॉर्ड जीत दर्ज करेंगे और केंद्र में पीएम मोदी की अगुवाई में देश आगे बढ़ेगा। वह एक कर्मठ कार्यकर्ता की तरह पार्टी को सशक्त करने की दिशा में काम करेंगे और भाजपा के पक्ष में सभी से मतदान करने की अपील करेंगे।

## जवाहर नवोदय के कैडेट्स में संजीव पुंडीर ने भरा जोश

**हमीरपुर।** हमीरपुर की ओर से कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस रावत की देख-रेख में सातवां दिन विविध गतिविधियों से भरा रहा है। इसके पश्चात एनसीसी के सामान्य व विशेष विषयों का अध्ययन-अध्यापन किया, जिनमें 7.56 एसएलआर का टेक्निकल डाटा और प्रयोग, मैप रीडिंग की बारीकियां, एनसीसी की संरचना आदि विषयों की जानकारी दी। शिविर में स्रोत व्यक्ति के रूप में इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर एएसआई संजीव पुंडीर (थाना भोरंज) ने भाग लिया, इन्होंने कई विषयों को छूते हुए शायराना अंदाज में कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने बताया कि आप सबको कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर हमेशा कठिन परिश्रम करते रहना चाहिए, ताकि लक्ष्य आसानी से प्राप्त हो सके और हमेशा अपने आंख, कान, दिमाग को खुला रखना चाहिए जिससे धोखे का शिकार न हो सकें। उन्होंने समानता, अनमोल-जीवन, नशे से दूरी, मां-बाप की डांट को स्वीकार करना आदि के बारे में कैडेट्स को बताया।

## व्हीलचेयर पर बैठकर प्रधान संजीव ने रायजादा के लिए मांगे वोट

**गलोड़।** खुद के लिए जिए तो क्या जिए असली इंसान वही होता है जो दूसरों के लिए जिए और कुछ कर गुजरने का जज्बा और जुनून रखे। 90 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा आजकल अपनी नई इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर पर बैठकर घर-घर जाकर लोगों से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रायजादा के लिए वोट मांग रहे हैं।



रविवार को उन्होंने अपनी पंचायत के कई गांवों में घर-घर जाकर वोट मांगे। विदित रहे कि संजीव शर्मा शुरू से ही कांग्रेसी विचारधारा से जुड़े रहे हैं। संजीव शर्मा लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहते हैं। यही कारण है कि लोगों ने दूसरी बार अपना प्रधान चुना है। उन्होंने लोगों से कहा कि रायजादा जनता के सच्चे सेवक हैं और अनुराग अब बड़े और हवा हवाई नेता बन गए हैं। उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की।

## कस्बा बड़ा में निकली कलश यात्रा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के गांव धंगड़ में आज भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांवासियों द्वारा क्षेत्रवासियों के जनसहयोग से कलश यात्रा, निकाली, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कस्बा बड़ा का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।



भागवत सप्ताह के शुभारंभ पर कस्बा बड़ा में निकाली कलश यात्रा।

कथा कमेटी के सदस्य रघुनंदन कौंडल ने बताया कि सात दिन तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध कथा वाचक अभिषेक सारस्वत नौन्हगी वाले भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। भागवत सप्ताह की पूर्ण आहुति 19 मई को डाली जाएगी एवं उसी दिन रात को महामाई का जागरण होगा। 20 मई को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## 29 जुलाई से सुप्रीम कोर्ट में लगाई जाएंगी विशेष लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव असलम बेग ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत लगाई जाएंगी। असलम बेग ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय में लंबित अपने मामले का त्वरित निपटारा करवाना चाहता है तो वह उस मामले को विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है।



लोक अदालत में मामले का निपटारा किए जाने का दृश्य।

इस संबंध में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-224399 पर संपर्क किया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि अदालतों में लंबित विभिन्न मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। लोक अदालत में कई मामलों का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर तत्काल कर दिया जाता है। असलम बेग ने आम लोगों से लोक अदालतों का लाभ उठाने की अपील भी की।

**अव्यवस्था** परिवहन निगम बसों के शीशे को बदलने की बजाय स्टीकर से चला रहा काम

# हमीरपुर डिपो की कई बसों के फ्रंट शीशे टूटे

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम हमीरपुर डिपो के लगभग आधा दर्जन के करीब बसों के फ्रंट शीशे टूटे हुए हैं। ऐसे में बसों के ड्राइवर भी टूटे शीशे वाली बसे चलाने को मजबूर हैं। लोकल रूटों पर टूटे शीशे वाली बसें दौड़ रही हैं।

निगम इन बसों के शीशे को बदलने की बजाय टूटे शीशों पर स्टीकर आदि लगाकर काम चला रहा है, जिससे चालकों को परेशानी भी होती है, लेकिन फिर भी इन टूटे शीशों को बदला नहीं जा रहा है। इसके अलावा बसों की खिड़कियां भी जगह-जगह से टूटी हुई हैं, जहां टीन या फिर गते लगाकर काम चलाया जा रहा है।



हमीरपुर डिपो बस के टूटे फ्रंट शीशे पर लगे स्टीकर।

आलम यह है कि इन सीटों पर बैठने के लिए यात्री भी परहेज कर रहे हैं। यही नहीं कुछ एक बसों के चलते समय शीशे आगे-पीछे होते रहते हैं, जिससे यात्री भी सफर के दौरान परेशान होते हैं और निगम को व्यवस्था न सुधारने पर कोस रहे हैं। यही वजह है कि लोग निगम के बसों की बजाय प्राइवेट बसों में ही सफर करने को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।

रोजाना निगम कि बस में सफर करने वाले लोगों ने भी निगम को बसों की मरम्मत करने की मांग की है ताकि सफर के दौरान किसी तरह के परेशानी न हो। सूत्रों की मानें तो कई बसें सालों से ऐसे ही चल रही हैं। निगम टूटे बसों के शीशे समय पर ठीक क्यों नहीं करवा रहा है या फिर कहीं मरम्मत के खर्चे से बच रहा है। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा की क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत क्वार्टर फाइनल मुकाबला चंबा और कांगड़ा के बीच में ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए मात्र 80 रन बनाए थे। अंश ने 48 रन बनाए थे बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। अभिषेक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ बल्लेबाजों को आउट किया। कांगड़ा के सिदक ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।



दूसरे दिन का खेल हुई बारिश के कारण नहीं हो सका था। तीसरे दिन कांगड़ा की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 265 रन बनाए, आर्यन ने 38 रन बनाए, सुयोम 85 रन बनाए, अपनी पारी में 15 चौके लगाए, वंश धीमान 48 रन बनाए आदित ने 31 रन बनाए। चंबा के आदित्य शर्मा ने 6 खिलाड़ियों को आउट किया, जुबेर अहमद ने एक खिलाड़ी को आउट किया, मयंक चौहान ने एक खिलाड़ी को आउट किया, रघुवर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चंबा की टीम ने 6 विकेट खोकर 78 रन बनाए। कांगड़ा के अभिषेक ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, अग्रिम ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, शिवम शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा ने पहली पारी की बढत के आधार पर जीत दर्ज कर ली और जीत के साथ सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। बहरहाल, अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत क्वार्टर फाइनल मुकाबला चंबा और कांगड़ा के बीच में ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया।

# सुक्खू सरकार की बदौलत हो रहे उपचुनाव : सत्ती

## एमएलए सत्ती ने कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में मांगे वोट, कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में टक्का, त्यूडी, रेंसरी आदि पंचायतों में प्रचार के दौरान राज्य सरकार पर खूब हमला बोला। सत्ती ने कहा कि राज्य में सरकार नाम की कोई बात ही नहीं है। सुक्खू सरकार के मित्र सरकार को चला रहे है। और सत्ता सुख भोगने में लगे हुए है।

सत्ती ने कहा कि जब राज्यसभा चुनाव में सुक्खू सरकार हारी। तब सुक्खू सरकार को पता चला कि अब तो मेरी सरकार गई। इस दौरान उन्होंने आनन-फानन में छह विधायको की सदस्यता रद्द कर दी। सत्ती ने कहा कि यह कहा का न्याय है। जो कांग्रेस नेता हर मंच से अब कह रहे है। कि हम भी प्रभु श्रीरामजी के सेवक है और हमारे भी श्रीराम आराध्य है। जब 27 वर्ष श्री राम मंदिर निर्माण के लिए दर्जनों बकील कोर्ट में खड़े किए। करोड़ों रुपए अयोध्या में श्रीराम मंदिर के कार्य को रूकवाने के लिए दिए। तब नहीं दिखाई दिया कि श्रीराम जी भगवान हैं और हमारे भी आराध्य है।

सत्ती ने कहा कि देवेंद्र कुमार भुट्टो ने एक हिंदू सनातनी होने का फर्ज निभाया है और उस कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ मतदान किया है। जिसने करोड़ो रुपए डकार कर श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य माननीय उच्च न्यायलय में रोक कर रखा। सत्ती ने कहा कि अब लोकसभा के साथ कुटलैहड़ में उपचुनाव हो रहा है और यह सारी सुक्खू सरकार की बदौलत हो रहा है, लेकिन अब जनता को ध्यान होना चाहिए कि डेढ़ वर्ष में सुक्खू सरकार ने क्या कुटलैहड़ की जनता को दिया है। कुटलैहड़ में कितनी महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए मिले। कितने परिवारों को 300 यूनिट बिजली फ्री मिली। 300 यूनिट की तो बात छोड़ो सुक्खू सरकार ने भाजपा के 125 यूनिट भी खा लिए। अब तो पानी के बिल भी आने शुरू हो गए हैं। किसानों के घरों के आगे गोबर के ढेर लगे हुए है। सौ रुपए किलो दूध नहीं बिक रहा। फिर सुक्खू सरकार हर मंच से कह रहे है कि हमने पांच गारंटियों को पूरा कर दिया है।

सत्ती ने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों के चक्र में दोबारा मत पढ़ना। अब चुनाव समय में कांग्रेस सरकार फिर 1500 के फॉर्म भरवा रही है, लेकिन जैसे ही चुनाव होंगे। यह फॉर्म रद्दी के डेस्टबिन में होंगे।



कुटलैहड़ में जनसभा में उपस्थित कार्यकर्ता।

### कांग्रेस कर रही झूठ का प्रचार

**सत्ती** ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भाजपा के वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं और मंच से कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के समर्थन में प्रचार प्रसार और मतदान करने की अपील की है। वहीं, कुटलैहड़ में कुछ कांग्रेस पार्टी के घटिया सोच रखने वाले इस वीडियो को कट पेस्ट करके सोशल मीडिया में डाल कर प्रचार करने में लगे हुए है। सत्ती ने कहा कि चुनाव सच्चाई पर जीते जाते है। झूठ का प्रचार करके केवल हार ही मिलती है।

### एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में डालकर प्रत्याशियों को विजयी बनाएं

**सत्ती** ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में देवेंद्र कुमार भुट्टो और हमीरपुर लोकसभा में अनुराग सिंह ठाकुर भाजपा प्रत्याशी है और केंद्र में नरेंद्र मोदी बैठे है। हमने कुटलैहड़ और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र का एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में डाल कर नरेंद्र मोदी को मजबूत करना है। सत्ती ने सीएम सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश पर तंज कसते हुए कहा कि आप अपना गणित ठीक करें। हमारा गणित नंबर बन है और जिस प्रकार 27 फरवरी को ट्रेलर जारी किया था। तीन महीने में हमने पूरी फिल्म तैयार कर ली है। जो पहली जून को मतदान पर रिलीज होगी और चार जून को आपको दिखाई जाएगी। सत्ती ने कहा कि आप कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो को रिपोर्ट मतों से जिताए। कुटलैहड़ को मान सम्मान दिलाने की में जिम्मेदारी लेता हूं। क्योंकि चार जून के बाद तुरंत देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और कुटलैहड़ के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, जिला के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, अरुण मनकोटिया अभय राणा के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प को 55 महिलाओं का चयन

## चयनित महिलाओं को एक वर्ष के लिए हर माह मिलेगा 750 रुपए का राशन, 26 मई को होगा वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष परिषद ने अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत वर्ष 2024-25 के लिए जिला ऊना की 55 पात्र महिलाओं का चयन किया हैं।

चयनित महिलाओं को एक वर्ष के लिए हर माह 750 रुपए प्रत्येक की दर से राशन वितरण किया जाएगा। यह जानकारी हिमोत्कर्ष अमोदिनी सेवा प्रकल्प प्रभारी एवं परिषद के जिला अध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से शुरु इस प्रकल्प के तहत पिछले 11 वर्षो में दानवीर लोगों के सहयोग से 620 पात्र विधवा महिलाओं को 45 लाख रुपए का राशन वितरित किया जा चुका है। पिछले वित्तिय वर्ष में भी 55 महिलाओं को यह सुविधा प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया कि नए सत्र 2024-25 के लिए 55 महिलाओं को चुना गया है। इन महिलाओं को अप्रैल 2024 से लेकर मार्च 2025 तक एक वर्ष के लिए राशन वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकल्प में परिषद के सदस्यों के साथ-साथ जिला के दानवीर लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि चयनित महिलाओं को हर तीन माह बाद आयोजित कार्यक्रम में राशन सामग्री प्रदान की जाती है। इन महिलाओं का हुआ चयन बड़ूही से नीलम कुमारी, बीटन से रजनी देवी, नारी से पूजा देवी, पंडोगा से वीना देवी, रक्कड़ कालोनी से मोनिका शर्मा, संतोषगढ़ से अंजू बाला, जनकौर से शकुंतला देवी, ईसपुर से आरती देवी, अपर अरनियाला से नीलम देवी, बहड़ाला से मोनिका देवी, बहड़ाला से रमा देवी, भद्रकाली से रीटा देवी, चताड़ा से शोभा रानी, पूबोवाल से सीमा देवी, पूबोवाल से पूजा रानी, धर्मपुर से तृप्ता देवी, लोअर बसाल से पूनम देवी, सनोली से मोनिका रानी, अपर अरनियाला से रोशनी देवी, कुठार कलां से किरण बाला, बहडाला से सुमन, अपर अरनियाला से प्रमिला देवी, कोटला कलां से सीमा देवी, सैंसोवाल से प्रीती कुमारी, बल्ह से राकेश कुमारी, बसाल से संदेश कुमारी, आबादा बराना से कांता देवी, बसदेहडा से सोनिया, बढेड़ा से मीना कुमारी, कुठार खुर्द से प्रवीण कुमारी, भलोला से निशु रानी, ईसपुर से मीना कुमारी, नारी से रमा कुमारी, बसाल से सीमा रानी, रायपुर सहोड़ा से सुनीता देवी, पंडोगा से शीतल देवी, कर्मपुर से तेजो, बहडाला से पूनम देवी, बदौण से बबिता, रायपुर उपरला से रुचि शर्मा, चौकीमन्यार से सोनिया देवी, नंगल खुर्द से परमजीत कौर, झलेड़ा से नीलम रानी, देहलां से आशा रानी, लोअर बसाल से संजीव कुमारी, वार्ड नंबर चार ऊना से हरजीत कौर, बड़ूहा से नीलम देवी, लोअर बसाल से रीना रानी व गगरेट से नीतू देवी शामिल हैं।

### होटल सुविधा पैलेस में किया जाएगा राशन प्रदान

26 मई को होगा राशन वितरण समारोह हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत वर्ष 2024-25 के लिए चयनित जिला ऊना की 55 पात्र महिलाओं को 26 मई रविवार को सुबह दस बजे होटल सुविधा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में तीन माह का राशन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज सभी को अपना आशीर्वाद देंगे।

# डेरा छप्पड़ी वाल में धार्मिक मेला 25 मई को

**हरोली।** जय सच्ची सरकार बाबा सिद्ध चानों वली महाराज डेरा छप्पड़ी वाल (बाथड़ी) में सभ्याचारिक एवं धार्मिक मेला 25 मई को बड़े धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पिंड बाथड़ी डेरा (छप्पड़ी वाल) की पावन पवित्र धरती पर मेला मनाया जा रहा है। इस मेले में 24 मई को हाथियों पर बाबा जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी और 25 मई को भंडारा व इसी दिन दहाजा रात्रि 8 बजे शुरू होगा। आपको बता दें कि मेले में गायक कलाकार भी बुलाए जा रहे हैं।प्रबंधक कमेटी ने सभी से बिनती की है की धन-धन बाबा सिद्ध चानो जी के वार्षिक भंडारे में आने की कृपा करें एवं बाबा जी के दर्शन कर अपने जीवन को सफल बनाएं।



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत डोहगी झिकली में दो सौ साल पुराने दंगल में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, और जम्मू कश्मीर के करीब दो सौ पहलवानों ने जोहर दिखाए। बड़ी माली का फाइनल मुकाबला ऊना के राहुल ने जीता। छोटी माली का खिताब प्रियंकल ऊना के नाम रहा। आयोजकों कुलदीप शर्मा, रमेश चंद शर्मा, राजेश शर्मा, अमृत लाल, प्यारे लाल, अनिल कुमार, राज कुमार, लेख राज, नरेंद्र, अश्वनी कुमार, जोगिंद्र आदि ने बताया कि इस दंगल में पहलवानों के लिए सभी सुविधाओं का प्रावधान था।

# हवन यज्ञ के साथ शुरू होगा हिमकैप्स कॉलेज में भंडारा

**हरोली।** हरोली श्री राधा कृष्ण मंदिर बढ़ेडा स्थित हिमकेप्स कॉलेज में वार्षिकोत्सव एव भंडारे का आयोजन हर साल की भांति संस्थान द्वारा करवाया जा रहा है। जानकारी देते हुए रवि ठाकुर ने बताया की 13 मई दिन सोमवार को सुबह दस बजे हवन यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, उसके बाद पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं, उसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर डेढ़ बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से बढ-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## श्रीकृष्ण लीलाएं



बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के तहत भलेती गांव में रास लीला का आयोजन हो रहा है। इसमें वृंदावन के कलाकारों द्वारा पांचवें दिन भगवान कृष्ण की मन भावन लीलाओं के दृश्य प्रस्तुत किए।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़ूही के समीप खैर की लकड़ी बरामद

**जोल।** उपमंडल बंगाणा के तहत पुलिस चौकी जोल के अंतर्गत देर रात शनिवार को पुलिस चौकी जोल प्रभारी रूप सिंह व उनकी टीम ने नाके के दौरान बड़ूही के समीप एक बिना नंबर मारुति कार में से खैर की लकड़ी के 12 मौछे बरामद किए। मिली जानकारी से पता चला की ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस चौकी जोल के प्रभारी रूप सिंह ने बताया कि पुलिस ने आई.पी.सी. की धारा 379,34 व भारतीय वन अधिनियम की धारा 41,42 के अधीन मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी पुष्टि डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने की है

### पीएनबी ने वित्त वर्ष में व्यवसाय में की बढ़ोतरी: चौहान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। रविवार को ऊना में जानकारी देते हुए रीजनल मैनेजर बी के चौहान तथा ऊना शाखा प्रबंधक नितिन जयसवाल ने बताया की वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। 31 मार्च, 2024 को कुल बैलेंस शीट का आकार 9758.83 रुपए है, जबकि 31 मार्च, 2023 को 8892.89 रुपए था। बैंक की कुल संपत्ति (नेट वर्थ) 31 मार्च 2023 को 154.20 रुपए करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 160.73 रुपए करोड़ हो गई है। बैंक का कुल कारोबार 10.94 फीसद बढ़कर 11112.62 करोड़ से 12327.80 करोड़ हो गया है।उन्होंने बताया की 31 मार्च 2024 को बैंक की जमा राशि 8.68 फीसद की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 8535.17 रुपए हुई। 533.75 करोड़ की वास्तविक वृद्धि के साथ 16.38 फीसद की वृद्धि दर्ज करते हुए बैंक के अग्रिम 31 मार्च 2024 को र 3792.63 करोड़ के स्तर पर पहुंच गए। बैंक का शुद्ध एनपीए स्तर 31 मार्च 2023 के 1.85 के मुकाबले 31 मार्च 2024 को घटकर 1.05 फीसद हो गया है इस अवसर पर शाखा कर्मचारी हेमराज, स्वाती सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दशम विशाल महायज्ञ श्रीमद्भागवत कथा 16 को

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत गो सेवा सदन सोसायटी सौटा नगरोटा गाजियां, पंचायत धिरड़, में दशम विशाल महायज्ञ श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का आयोजन गोशाला के प्रांगण में 16 मई से 22 मई तक कर रहा है। इसमें कथावाचक कृष्ण कुमार शर्मा शास्त्री जड़ोह वाले रसमयी वाणी में लोगों पर भागवत कथा को सुनाएंगे। बृहस्पतिवार 16 मई को कलश यात्रा सुबह 11 बजे, ग्रंथ स्थापना सुबह 11:45 बजे, पूजन का समय नित्य प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक रहेगा।

# बिलासपुर में हुआ पांचवीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर पेचक सिलाट (मार्शल आर्ट) एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर के किसान भवन में पांचवीं जिला स्तरीय पेचक सिलाट ( मार्शल आर्ट) चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि लाडली फाउंडेशन के राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार जिला बिलासपुर पेचक सिलाट (मार्शल आर्ट) संघ के महासचिव बृजलाल चौहान एवं चैंपियनशिप सचिव इशान अख्तर ने मुख्य अतिथि मोनिका शर्मा को हिमाचली टोपी हिमाचली शाल, समृती चिन्ह देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि मोनिका शर्मा ने कहा कि खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य की ही सीमा नहीं होता है, बल्कि यह हमारे मनोविज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और हमें खुश और स्वस्थ रखता है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### चैंपियनशिप में 115 खिलाड़ी ले रहे भाग

**चैंपियनशिप** में जिला बिलासपुर के लगभग 115 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर कमांडेंट असिस्टेंट बालक राम डोगरा, हमीरपुर जोन इंचार्ज संत निरंकारी मंडल गोवर्धन शर्मा, एचडी नड्डा, रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल, रोइंग एसोसिएशन जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष अन्वेष शर्मा एवं हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर विशेष रूप से मौजूद रहे।

# युवा सेवा क्लब ने करवाई शादी

**ऊना।** युवा सेवा क्लब द्वारा एक निर्धन परिवार की शादी स्थानीय कपिला पैलेस में करवाई गई। क्लब के प्रधान मोहनलाल मोहनी ने बताया कि लड़के वाले संतोषगढ़ के साथ लगते गांव सनौली माजरा से हैं और लड़की वाले हरोली क्षेत्र से और यह शादी सिख रीति रिवाज से संपन्न हुई। बारातियों का स्वागत बहुत ही अच्छे तरीके से किया गया। हम अपने दर्शकों को बता दें कि इस क्लब द्वारा 2034 शादियां करवाई गई हैं। प्रधान मोहनलाल मोनी ने बताया कि हमारे क्लब द्वारा अतिथियों का स्वागत बहुत ही अच्छे तरीके से किया जाता है। हमारे लिए लड़के वाले हो या लड़की वाले दोनों पक्षों का स्वागत बहुत ही बेहतर ढंग से क्लब के सभी मेंबरों द्वारा किया जाता है। यह दोनों परिवार हमारे लिए अतिथि हैं। युवा सेवा क्लब द्वारा करवाई गई शादी में शहर के नामी लोग वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए पंडाल में पहुंचते हैं। पंडाल में पहुंचने पर इन सभी लोगों का बैंड बाजे वह तिलक लगाकर स्वागत किया जाता है और आए हुए बारातियों के लिए ब्रेकफास्ट से लेकर लंच तक सभी अतिथियों की सेवा की जाती है।

# कश्मीर सिंह राणा ने किया वार्षिक स्मारिका के नौवें संस्करण 'नव ज्योति' का विमोचन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में शनिवार को समाज सेवा के क्षेत्र में समाज सेवा समिति बंगाणा सराहनीय कार्य कर रही है। समाज सेवा कार्य करने वाले लोग वास्तव में महान होते हैं तथा दूसरों के लिए भी प्रेरणा का बड़ा स्त्रोत होते हैं। ये बात सेवानिवृत्त एडीजीपी कश्मीर सिंह राणा ने समाज सेवा समिति बंगाणा के सोलहवें वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिकरत करते हुए कही।

राणा ने कहा कि ऐसे लोगों से ही समाज सेवा का जज्बा आने वाली युवा पीढ़ी में उत्पन्न होगा। वहीं कर्नल तरसेम चंद राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समिति के पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं। इसी दौरान मुख्यातिथि कश्मीर सिंह राणा द्वारा समिति की वार्षिक स्मारिका के नौवें संस्करण नव ज्योति का भी विमोचन किया गया। समारोह के दौरान आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के छात्रों ने सुस्वागतम, पानी री टंकी ओ, पीएआर डोहगी, राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला धुंदला, हटली, संस्कार, डीएवी स्कूल लठियाणी समेत अन्य स्कूल के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोहा। असिस्टेंट कमांडर बीएसएफ सुरजीत सिंह पुत्र जैसी राम को उनकी देश सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए कुटलैहड़ गौरव से सम्मानित किया गया। वहीं, वरिष्ठ नागरिकता सम्मान से मनसा देवी और मलकीयत सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं, पर राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित ऋश्व चौधरी, महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित मानसी राणा, सहित कमलेश महाजन, अंकुश बरजाता, अनूप शर्मा, अंकुश शर्मा सहित अन्य को टेलेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

**गुड न्यूज** सामाजिक, धार्मिक, शादी समारोह, व्रत उद्यापन आदि कार्यक्रम में अंबेडकर समिति घुमारवीं देगी सुविधा

# मात्र 500 रुपए में होगी कार्यक्रमों के लिए बुकिंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में लोगों को मात्र 500 रुपए पंजीकरण और 1000 रुपए सफाई व्यवस्था के लिए चुकाने मात्र से किसी भी तरह के सामाजिक, धार्मिक, शादी समारोह, व्रत उद्यापन अथवा अन्य किसी भी तरह के निजी कार्यक्रम करवाने की सुविधा शुरू की गई है।

यह सुविधा अंबेडकर समिति घुमारवीं द्वारा अंबेडकर भवन घुमारवीं में प्रदान की जा रही है। अंबेडकर समिति घुमारवीं द्वारा शहर में बने अंबेडकर भवन के जर्जर स्थिति में होने के बाद इसके पुनर्निर्माण का जिम्मा लिया था। करीब एक वर्ष में समिति द्वारा इसे पुनर्निर्माण कार्य को पूरा कर इस अंबेडकर भवन को एक नया रूप दिया है। बताते चलें कि हिमाचल प्रदेश में बनाए गए अंबेडकर भवनों की तरह घुमारवीं में भी इस तरह के भवन का निर्माण करवाया गया था, ताकि इस भवन में विभिन्न तरह के राजनीतिक और सामाजिक सभाओं का आयोजन किया जा सके। लेकिन देखरेख के अभाव में यह भवन बेहद बदहाल स्थिति से गुजर रहा था। साल 2011 में बनकर तैयार हुए अंबेडकर भवन बनने के बाद इस अंबेडकर भवन को नगर परिषद घुमारवीं के हवाले कर दिया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में इस भवन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी थी। इसके बाद इस भवन का जीर्णोद्धार करना तो दूर की बात इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। वहीं, उचित देखभाल न होने के कारण शरारती तत्वों द्वारा भवन के पंखे, बिजली बोर्ड के स्विच, दरवाजे, खिड़कियां, लोहे की ग्रिल आदि सब कुछ चोरी कर ले गए थे। इसके बाद कुछ संगठनों द्वारा इसके हालत में सुधार की गुहार लगाई जा चुकी थी। वहीं, बजट के अभाव में इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही थी । आखिर में 30 मई 2023 को अंबेडकर समिति घुमारवीं द्वारा इस भवन के पुनर्निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी ली गई । समिति द्वारा करीब दो लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर एक वर्ष के भीतर इस अंबेडकर भवन का जीर्णोद्धार करवाया गया है। इसके बाद इस भवन में अब बिजली, पानी, शौचालय सहित हर सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही बैठने के लिए करीब सौ कुर्सियों भी रखी गई है। समिति के प्रधान मंसाराम ने बताया कि समिति द्वारा अंबेडकर भवन के पुनर्निर्माण तथा भविष्य में रखरखाव का जिम्मा उठाया है। इसके बाद इसे पूरी तरह से तैयार करवा दिया गया है। समिति की माने तो अब लोगों को किसी भी तरह के सार्वजनिक तथा निजी कार्यक्रम इस अंबेडकर भवन में करवा सकते हैं। समिति के अनुसार शहर में जगह की दिक्कत होने के कारण शादी करवाने में दिक्कत आती थी। अब लोग यहां पर शादी समारोह हो तथा धार्मिक अनुष्ठान तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रम में इस भवन में करवा सकते हैं। समिति के प्रधान के अनुसार आने वाली 19 जुलाई तथा अक्तूबर महीने में दो शादियों की बुकिंग समिति के पास आई है।




### सफाई के लिए रखी 1000 रुपए फीस

**समिति** ने यह भी तय किया है कि किसी भी तरह के कार्यक्रम के लिए समिति लोगों से मात्र 500 रुपए पंजीकरण फीस तथा 1000 रुपए सफाई करवाने के लिए जाएंगे। इसके अलावा लोगों से किसी भी तरह की कोई राशि नहीं ली जाएगी। लेकिन अगर कोई अपनी तरफ अपने एक के रखरखाव के लिए कोई धनराशि भेंट करना चाहता है तो वह स्वीकार की जाएगी।

‘वह इंसान अच्छा और बुद्धिमान है, जो हमेशा सच बोलता है, धर्म के अनुसार काम करता है और दूसरों को उत्तम और प्रसन्न बनाने का प्रयास करता है। –स्वामी दयानंद सरस्वती



## संपादकीय

# अमीर-गरीब में बढ़ती खाई

भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। चुनाव में इस बार भी गरीबी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भारत के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों की कमाई एवं संपत्ति और आर्थिक असमानता अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर है। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। थॉमस पिकेटी, लुकास चांसल और नितिन कुमार भारती द्वारा लिखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का करीब 40.1 फीसदी हिस्सा है। देश की कुल आय में उनकी हिस्सेदारी करीब 22.6 प्रतिशत है। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां तक कि इसने अमरीका जैसे विकसित देश के अमीरों को भी पीछे छोड़ दिया है। पूंजीवाद वाले देशों में भी इतनी आर्थिक असमानता नहीं है, जितनी कि भारत में।

रिपोर्ट के अनुसार सबसे अमीर लोगों ने सांठगांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिए बनाई गई संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है और वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं। पिछले तीन दशकों से भारत में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। इसी बीच केंद्र सरकार का ऋण भी बढ़ा है, लेकिन गरीबी अपनी जगह बरकरार है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अनुसार 31 मार्च 2014 को केंद्र सरकार का कर्ज 58.6 लाख करोड़ (जीडीपी का 52.2 प्रतिशत) रुपए था, जो 31 मार्च, 2023 को बढ़कर 155.6 लाख करोड़ रुपए (जीडीपी का 57.1 प्रतिशत) हो गया है। वहीं, 2014-15 से शुरू होने वाले पिछले नौ वित्तीय वर्षों में भारतीय बैंकों ने 14.56 लाख करोड़ रुपए के बुरे ऋण माफ किए हैं। कुल 1456226 करोड़ रुपए में से बड़े उद्योगों और सेवाओं के बट्टे खाते में डाले गए ऋण 740968 करोड़ रुपए थे।

जाहिर है इसका फायदा भी बड़े उद्योगपतियों को ही मिला है। वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इकोनॉमी को बूस्ट देने के नाम पर 2019 में कार्पोरेट टैक्स को घटाने का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद घरेलू कंपनियों को जो कार्पोरेट टैक्स पहले 30 फीसदी की दर से देना होता था वो घटकर 22 फीसदी हो गया है। इस तरीके से भी उद्योगपतियों को ही लाभ हुआ है। कोरोना संकट के तुरंत बाद लोगों को न केवल अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा था, बल्कि बड़ी संख्या में कामगारों और मजदूरों का पलायन भी हुआ था। ऊपर से 2020 में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी सीमित मात्रा में रिक्रूटमेंट की थी। इससे हमारे युवाओं को भारी निराशा का सामना करना पड़ा था। सीएमआईई के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर मार्च, 2024 में 7.4 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल, 2024 में 8.1 प्रतिशत हो गई है। महंगाई एवं बेरोजगारी आज भी भारतीय नागरिकों के लिए बड़े मुद्दे बने हुए हैं। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। देश की ज्यादातर आबादी युवा है। युवा देश का भविष्य माने जाते हैं। अगर समय पर इन्हें रोजगार नहीं मिलेगा, तो फिर यह भविष्य अंधेरे में खो जाएगा। चीन में भी भारत के लगभग बराबर ही आबादी है, लेकिन वहां बेरोजगारी भारत की तुलना में कम है। वहां लोगों के पास रोजगार के काफी अवसर हैं।

सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च का मानना है कि वर्ष 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। ऐसे में भारत में अमीर और गरीब में बढ़ती खाई को पाटने की तत्काल जरूरत है। भारत में जनसंख्या नियंत्रण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सुधार और लोगों के जीवन स्तर में उत्थान द्वारा ही सामाजिक असमानता पर काबू पाया जा सकता है। इसके लिए सरकारों को निरंतर आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और लागू करना होगा। ■

# युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की समस्या जस की तस

चाहे आईटी का क्षेत्र हो अथवा मैनेजमेंट या मेडिकल का, सभी में संतोषजनक प्रगति हुई है, परंतु युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की समस्या जस की तस दिखाई दे रही है। विज्ञान शिक्षा शास्त्रियों के अनुसार शिक्षा को त्रिमुखी प्रक्रिया माना गया है। इस प्रक्रिया में शिक्षक, शिक्षार्थी एवं पाठ्यक्रम तीन आधार हैं। शिक्षक का पुनीत कार्य शिक्षार्थी को पढ़ाना है, पाठ्यक्रम इसका माध्यम है। स्पष्ट है कि शिक्षक के लिए साध्य शिक्षार्थी है, न कि पाठ्यक्रम। पाठ्यक्रम तो शिक्षक के लिए साधन के रूप में उपयोग में लाया जाता है। लेकिन, समय परिवर्तन के साथ साधन, साध्य के रूप में परिवर्तित हो गया है। शिक्षक अब पाठ्यक्रम तक सीमित रह गया है। शिक्षार्थी वरीयता क्रम में दूसरे स्थान पर आ गया है। शिक्षार्थी के व्यक्तित्व विकास की अवधारणा उल्ट गई है और लक्ष्य परिवर्तित हो गए हैं।

अब व्यक्तित्व के विकास का स्थान अंक अर्जन ने प्राप्त कर लिया है और लक्ष्य उपाधि अथवा परिणाम हासिल करने तक सिमट गया है। समस्त शिक्षातंत्र का भी एकमात्र उद्देश्य विद्यालय के उत्तम परीक्षा फल तक ही सीमित हो गया है। विज्ञान शिक्षा का उद्देश्य नवाचार शिक्षा होना चाहिए। नव आचार का अर्थ किसी उत्पाद, प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन लाने से है। नवाचार शिक्षा के अंतर्गत कुछ नया और उपयोगी तरीका अपनाया जाता है। व्यक्ति एवं समाज में हो रहे परिवर्तनों का प्रभाव शिक्षा पर भी पड़ा है। शिक्षा को समयानुकुल बनाने के लिए शैक्षिक क्रियाकलापों में नूतन प्रवृत्तियों ने अपनी उपयोगिता स्वंयसिद्ध कर दी है। जो कई अर्थों में प्रकट होती है।



संजय गोस्वामी
शिक्षाविद्, मुंबई

बालक की भिन्नताओं के होते हुए भी प्रकृति तथा स्वभाव संबंधी सामान्य विशेषताएं होती हैं। बालक के द्वारा अनुभव किए जाने योग्य अमूर्त वस्तुओं के अध्ययन के लिए कक्षा में नवाचार क्यों, विषय प्रवेश एवं कक्षा-कक्षा के वातावरण को अच्छा बनाने में प्रयोग करते हैं। विद्यालयों में सीखने का माहौल बनाने और बच्चों को प्रेरित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर सरल शब्दों में कहें तो स्कूल एक ऐसी जगह है, जहां छात्र-शिक्षक आपस में विभिन्न शैक्षणिक सामग्री का उपयोग करके संवाद और बातचीत के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। अध्यापक अपने अनुभवों को समृद्ध करता है। बच्चे पुराने अनुभवों के जमीन पर नए अनुभवों को जोड़ते हुए ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया से अवगत होता है। कक्षा में पढ़ाने वाला अध्यापक, प्रयोगशाला में प्रयोग करने वाला वैज्ञानिक, इमारतों के नक्शे बनाने वाला इंजीनियर, खेतों मे काम करने वाले किसान और मजदूर आदि-आदि सबके काम अपना-अपना महत्व रखते हैं। उनमें न कोई हेय है, न कोई श्रेष्ठ है।

ऐसे ही सभी विद्यार्थी एक-दूसरे के बराबर हैं। यहां वे पढ़ना-लिखना, खुद को अभिव्यक्त करना, बाकी बच्चों के साथ समायोजन करना, खेल और अन्य सामूहिक गतिविधियों में शामिल होने का कौशल विकसित करते हैं। अगर किसी स्कूल में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित नहीं है, तो बच्चों के सीखने की प्रक्रिया बाधित होती है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ समय के लिए अकारण ही मानसिक उदासी और उत्फुल्लता का दौर आता रहता है। उदासी के दौर में निराशा को घर नहीं करने देना चाहिए तथा समझ लेना चाहिए कि यह दौर भी निकल जाएगा। जीवन से बढ़कर अधिक मूल्यवान कुछ भी नहीं है। बहुत से कामों में सफलता नहीं मिलती तो इसकी वजह यह है कि हम उन कामों को पूरे मन से नहीं करते। काम करने की लगन के साथ विश्राम भी आवश्यक है। एकाग्रता से छात्र का अपने काम को अच्छी तरह करने का मौका मिलता है। साथ ही उसका संकल्प भी पक्का बनता है। काम में छात्र को रस मिलने से उसका उत्साह बढ़ता है। उत्साह बढ़ने से छात्र के हाथ दोगुना काम करते हैं। उत्साह वह ज्योति है, जिसके आगे निराशा का अंधकार एक क्षण नहीं ठहरता। उत्साह से भरा व्यक्ति कभी खाली नहीं बैठ सकता। उसे नित नए-नए काम सूझते रहते हैं। बड़ी उम्र में भी जवान बना रहता है। हमारे धर्मग्रंथों में एक बड़ा सुंदर मंत्र है ‘उठो, जागों और जब तक ध्येय की प्राप्ति न हो, प्रयत्न करते रहो।’ जीवन में सफलता की यही कुंजी है। वैसी ही निगाह और भावना हमें हर काम में रखनी चाहिए। जिसे काम में रस आता है, वही काम की महिमा को जानता है और काम को कर्तव्य मानकर करना है।

जीवन में सबके सामने बड़े-बड़े अवसर आते रहते हैं। जो उन्हें पहचानकर पकड़ लेते हैं, वे महान काम कर डालते हैं। सीखने-सिखाने के नवाचारी तरीकों पर केंद्रित लर्निंग में विज्ञान पाठ्यपुस्तकों से लिए गए तरीके नहीं, बल्कि तकनीकें कारगर रही हैं। ये एकदम व्यावहारिक हैं और भारत की अधिकांश कक्षाओं में पाई जाने वाली साधारण से साधारण परिस्थितियों में भी इन्हें प्रयोग किया जा सकता है। विज्ञान विषय चाहे एक-दूसरे से अलग क्यों न हों, पर इन सबको जोड़ने वाला सूत्र एक ही है।

बच्चे ठोस वस्तुओं के साथ खेलने में मजा लेते हैं, इसलिए कक्षा में पहले इनसे ही शुरुआत करनी चाहिए। चीजें एकत्र करके उनसे खेलने, उन्हें तरह-तरह से परखने का बच्चों को मौका दिया जाना चाहिए। इनकी मदद से छांटने’, रंग पहचानने, जोडियां बनाने, क्रम को समझने जैसे काम करवाए जा सकते हैं। बच्चों के साथ मिलकर मिट्टी के खिलौने, रेत और मिट्टी पर आकृतियां बनाई जा सकती हैं। ठोस वस्तुओं के साथ खेलते या काम करते हुए बच्चों के साथ बातचीत करना या उनके अनुभव सुनना बहुत जरूरी है। अक्सर जब हम कक्षा में ठोस वस्तुओं का प्रयोग करते हैं तो एक ही तरह की ठोस वस्तु का उपयोग करते हैं, जबकि तरह-तरह की ठोस वस्तुओं के साथ काम करने से बच्चों की समझ अधिक पक्की होती है। गणित जैसे विषय को बच्चे उस क्रम में आसानी से सीखते हैं, जो मूर्त से अमूर्त की ओर आधारित होगी। कई बच्चे बचपन से गणित से खौफजदा रहते हैं। कॉलेज-विश्वविद्यालय पहुंचने तक गणित का भूत उनका पीछा नहीं छोड़ता। यद्यपि गणित पठन-पाठन को रोचक बनाने के लिए कई नवाचार हुए, परंतु बच्चों में भय बना हुआ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# किसानों की मेहनत पर बारिश की मार

पश्चमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते हिमाचल प्रदेश में हो रही तेज बारिश, ओलावृष्टि और तूफान से किसानों एवं बागवानों की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में प्रकृति की मार का असर साफ देखने को मिल रहा है। किसानों एवं बागवानों की आम, सेब आदि फसलों पर भी तेज बारिश व तूफान का विपरीत असर पड़ा है। इस मौसम में आम के पेड़ों पर बुर उगता है, जिसके चलते किसानों-बागवानों के चेहरों पर खुशी की झलक साफ दिखती है। लेकिन बेमौसमी बारिश सब कुछ बर्बाद कर रही है। आसमान से ओलावृष्टि हो रही है, जिससे फसलों, सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है।

बारिशे से जहां खेत जलमग्न हो रहे हैं तो वहीं सड़कों पर पानी इकट्ठा होने से आवागमन मुश्किल हो रहा है। हिमाचल प्रदेश में पिछले साल आई प्राकृतिक आपदा इस पहड़ी राज्य को कई जख्म दे चुकी है। इसमें करीब 500 लोग मौत का ग्रास बने। मकान, पशुशालाएं, सड़कें जमींदोज हो गईं। मलबे के अंदर दवी लोगों की लाशों ने सभी को आहत कर दिया था। अब इस साल फिर तेज बारिश एवं तूफान ने लोगों में वही भय का माहौल पैदा कर दिया है। बेमौसमी बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।



सुखदेव सिंह
नूरपुर, कांगड़ा (हिप्र)

किसान फसलों की बिजाई पर जितना खर्च कर रहा है, उसकी उतनी कमाई नहीं हो रही है, जिस कारण खेतीबाड़ी का पेशा घाटे का सौदा बनता जा रहा है। अब खतीबाड़ी करना पूर्व की भांति आसान भी नहीं रहा है। आजकल सब कुछ मशीनों से हो रहा है। फसलों की बिजाई पर हजारों रुपये खर्च करने के बावजूद जब बारिश की जरूरत रहती तो मौसम बेरुखी दिखाता है और जब फसल की कटाई का समय आता है तो बादल बरसकर किसानों, बागवानों की आशाओं पर पानी फेर जाते हैं। खेतीबाड़ी में अब पशुओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा, जिस कारण किसान पशुपालन से किनारा कर रहे हैं। पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ दिया जा रहा है। पहाड़ी राज्य होने के बावजूद अब हिमाचल में भी अधिक गर्मी पड़ रही है, जो बदलते मौसम का प्रमाण है। पिछले कुछ वर्षों से बेमौसमी बारिश किसानों के लिए कई समस्याएं पैदा कर रही है। फल एवं सब्जियों के उत्पादन में कमी हो रही है। इसका खामियाजा आम आदमी को भी भुगतना पड़ रहा है। एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि बेमौसमी बारिश के चलते अब पहाड़ी राज्यों की हालत खस्ता होने वाली है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

## लक्ष्मण रेखा में रहो



शिव सन्याल
जवाली कांगड़ा (हिप्र)

लक्ष्मण रेखा में रहो, रख मर्यादा मान।
लांघ गए सीमा अगर, रोओगे इंसान।।
बीच सभा में बैठ के, सुनिये सभी विचार।
बिना तथ्य के बोलना, समझें लोग गंवार।।
लक्ष्मण रेखा में रहो, बोल न कड़वे बोल।
होगी इज्जत भी तभी, सोच समझ मुख खोल।।
करते हों दो बात तो, नहीं बीच में बोल।
सुनिये वार्तालाप को, शब्द शब्द को तोल।।
बड़ों के पास बैठिये, सदा सुनों उद्गार।
होते शब्द अनमोल हैं, हो जीवन उद्धार।।
लक्ष्मण रेखा में रहो, इधर-उधर मत झांक।
बिन बुलाए न जाइये, कट जाती है नाक।।
लक्ष्मण रेखा में रहो, करो न वाद-विवाद।
संयम मन में कीजिए, होता धन बर्बाद।।
निंदा कभी न कीजिए, होता है अपमान।
भेद खुले शिव एक दिन, खो जाता है मान।।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के कॉमेडी किंग

असित सेन हिंदी सिनेमा के कॉमेडी किंग कहे जाते थे। उन्होंने चार दशक तक बॉलीवुड पर चरित्र अभिनेता और हास्य कलाकार के रूप में अपनी खास पहचान बनाकर दर्शकों को अपनी अदाओं से लोट-पोट होने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने 200 से अधिक बॉलीवुड फिल्मों में हास्य और चरित्र अभिनेता का किरदार निभाकर अपने अभिनय की अलग पहचान बनाई। उन्हें फोटोग्राफी का बहुत शौक था, इसलिए उन्होंने गोरखपुर में सेन फोटो स्टूडियो खोला। असित सेन की पत्नी का नाम मुकुल सेन था, जो कोलकाता की रहने वाली थीं। असित सेन ने अपने अभिनय की शुरुआत दुर्गाबाड़ी में चलने वाले कई बांग्ला नाटकों में अभिनय से की थी। दरअसल, वर्ष 1950 में जब वह कोलकाता अपने ससुराल गए थे, तो वहां पर उन्हें एक नाटक कंपनी में एक रोल मिल गया। जब वह प्ले हुआ तो फिल्म निर्देशक विमल रॉय उनके अभिनय से खासा प्रभावित हुए। विमल रॉय ने 50 की शुरुआत में ही बॉम्बे जाने का फैसला कर लिया और जिन लोगों को अपनी टीम की तरह साथ लिया, उनमें असित सेन का फेहरिस्त में नाम बहुत ऊपर था। सेन ने मुंबई में 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। बॉलीवुड में हास्य कलाकार टुनटुन, जीतेंद्र, राजेश खन्ना, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन से उनका खासा दोस्ताना रहा। यह सभी उनके काफी करीब रहे। इनके साथ उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम भी किया। असित सेन हास्य अभिनेता के साथ एक सरल हृदय इंसान भी थे।



असित सेन
जन्म : 13 मई, 1917
मृत्यु : 18 सितंबर, 1993

# स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो जीवन भी खुशहाल बना रहेगा

आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी जीवन शैली बदल चुकी है। हमारे पास अपने स्वास्थ्य के लिए समय ही नहीं बचा है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि अगर स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो ही हमारा जीवन भी खुशहाल बना रहेगा। पुराने समय में हमारे पूर्वज जी तोड़ मेहनत करते थे और अपने घर में यानी अपनी जमीन में जो भी फसलें चाहे वह अनाज हो या फिर सब्जियां हों बिना खाद और कीटनाशक के तैयार करते थे। इन सब चीजों से उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता था और वे एक खुशहाल जीवन जीते थे, लेकिन आजकल फसलों में खाद और कीटनाशकों का बहुत अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सभी लोग स्वयं फसलें नहीं उगा सकते। उन्हें बाजार से ही अनाज और सब्जियां खरीदनी पड़ती हैं।

ऐसे में हमें जीवन भर स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन सुबह या शाम सैर करने के अलावा कम से कम आधा घंटा व्यायाम भी करना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ रह सकें। आजकल मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव, गेस्ट्रिक ट्रबल और कैंसर जैसी बीमारियां होना आम बात हो गई है। पहले ये बीमारियां बहुत कम होती थीं। किसी भी देश की उन्नति के लिए उस देश के लोगों का स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है। एक रोगी और अस्वस्थ नागरिक अपने देश की सेवा नहीं कर सकता।



नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, मंडी (हिप्र)

बीमारी चाहे कोई भी हो, उससे इंसान खुद तो दुखी रहता ही है साथ में उसका परिवार भी दुखी हो जाता है। इससे दवाइयों पर होने वाला खर्च पूरे परिवार को आर्थिक संकट में डाल देता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग गरीब हैं। भले ही उन्हें बीमारी पर सरकार द्वारा आर्थिक मदद दी जाती है, लेकिन फिर भी परिवार के दूसरे सदस्य उस बीमारी से बहुत परेशान हो जाते हैं। यदि हम प्रतिदिन व्यायाम करेंगे तो निश्चित तौर पर बहुत हद तक इन बीमारियों से बचाव या छुटकारा पाया जा सकता है। आजकल टेलीविजन पर कई चैनलों में योग और व्यायाम के बारे में बहुत अच्छी जानकारी दी जाती है और यह भी बताया जाता है कि किस बीमारी के लिए कौन सा योगासन या प्राणायण अच्छा है। हमारे देश की सरकार ने योग को विश्व स्तर पर एक मजबूत पहचान दिलाई है और पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यदि विश्व के दूसरे देशों के कई लोग नियमित रूप से योग कर रहे हैं तो फिर हम क्यों न करें। पूरे विश्व में योग को एक नई पहचान दिलाने में योग गुरु बाबा रामदेव का बहुत बड़ा योगदान है। वह नियमित रूप से टेलीविजन पर विभिन्न रोगों से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम बताते हैं। योग करना हमारे लिए कोई नई बात नहीं है। भारत में योग करने का जिक्र बहुत प्राचीन समय से ही है। आजकल भारत में बच्चों को भी कई बीमारियों ने घेर रखा है, जिसमें मोटापे की समस्या प्रमुख है। जंक फूड का इस्तेमाल हमारे बच्चों में मोटापे का एक प्रमुख कारण है और दूसरा शारीरिक गतिविधियों का बहुत कम होना। इन सब चीजों से छुटकारा पाने के लिए बच्चों, जवानों और बुजुर्गों सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए।

स्कूलों में भी बच्चों योग को नियमित रूप से योग करवाना चाहिए। योग करना एक ऐसी प्रकिया है, जिसे सुबह-सुबह उठकर करने से पूरा दिन हम खुश और उत्साहित होकर अपना काम करते हैं। जब हम एक बार योग करना शुरू कर देंगे तो यह हमारी आदत बन जाएगी। यदि हमें स्वस्थ रहना है तो योग व व्यायाम को हमें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना ही होगा। यदि हम मन में यह ठान लेंगे कि जिस प्रकार हमें अपने जीवन के लिए हवा, पानी और भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार हम योग को भी जीवन की आवश्यकता समझ लें तो हमें अपने जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। यदि हम प्रतिदिन अपने लिए आधा घंटा व्यायाम या योग करना आरंभ कर दें तो बीमारी से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ में हमारा आर्थिक पक्ष भी संकट में नहीं पड़ेगा।

कई बार देखा गया है कि योग दिवस के दिन तो लोग योग करते हैं, लेकिन बाद में उसे भूल जाते हैं। योग को केवल औपचारिकता भर न मानकर अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। योग एक ऐसी क्रिया है, जिससे शरीर का प्रत्येक अंग निरोग और सुदृढ़ हो जाता है। लेकिन योग करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि किस बीमारी के लिए कौन सा योग किया जाए। इसके लिए योग गुरुओं द्वारा समय समय पर सटीक जानकारी दी जाती है। उस जानकारी से ही हमें रोगानुसार योग करना चाहिए। हम चाहे स्वस्थ भी हों फिर भी हमें योग करने से नहीं कतराना चाहिए। क्योंकि न जाने कब कौन सी बीमारी हमें जकड़ ले। वैसे भी योग करने से हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कहना का तात्पर्य है कि हमें स्वस्थ रहना है तो योग को अपनाना बहुत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हमारे** देश की सभ्यता और संस्कृति परोपकार की शिक्षा देती है। मानव जाति के साथ अन्य जीवों की सेवा करना भी सबसे बड़ा परोपकार और कर्तव्य है। आजकल गर्मियों का मौसम है। इंसान के साथ ही अन्य जीव-जंतुओं को गर्मियों में सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत पड़ती है, वह है पानी। तेज धूप में बिना पानी के एक दिन भी गुजारना बहुत मुश्किल हो जाता है। भीषण गर्मी में प्राणी बिना अन्न के तो रह सकते हैं, लेकिन बिना पानी के रहना लगभग असंभव लगता है। चिंता की बात तो यह है कि इंसान ने आधुनिक भौतिक सहूलियतों को पाने के लिए ऐसे-ऐसे काम करने शुरू कर दिए हैं, जो पानी के प्राकृतिक संसाधनों पर भी भारी पड़ रहे हैं और इस कारण गर्मियों में कभी-कभी देश के कुछ राज्यों में पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। इंसान तो फिर भी कोई न कोई बंदोबस्त करके पानी का इंतजाम करके अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन पक्षियों और पशुओं के लिए खुद पानी का इंतजाम करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन भी है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम करें और अपने गांव और कस्बे में बने तालाबों और जलाशयों की समय-समय पर साफ-सफाई करते रहें, ताकि बारिश के दौरान इनमें पानी भर सके और पक्षी और पशु यहां पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकें। – **तृप्ता देवी, गुलेर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारत में अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक असंतुलन चिंता का विषय

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने एक स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी में वृद्धि नहीं दिखाई पड़ी है, लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी में वृद्धि हुई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के इन आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिंदू-मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। महात्मा गांधी ने हिंदू-मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम सांप्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस संबंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, मजहब के अलावा हिंदू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं?’ जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसंबर 1944) में लिखा था, ‘हम मानते हैं कि मुसलमान और हिंदू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परंपरा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं। यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर सांप्रदायिक दृष्टिकोण था। इस सांप्रदायिकता के दृष्टिकोण की मानें तो हिंदू-मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है। सांप्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिंता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा, भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए सांप्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिंता में डाल देती है।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिंदू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिंदू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई, लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिंदू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी सांप्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है। सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं।

राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगें खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की सांप्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। वहीं, इस्लामी राजनीतिक चिंतन जीवन के नियम निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों के लिए इन नियमों का पालन अनिवार्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार पक्की : अनु

**मंडी।** अनु शर्मा, पूर्व पार्षद कांग्रेस ने भाजपा विधायक अनिल शर्मा के पुत्र आश्रय शर्मा को आड़े हाथों लिया जिसमें मंडी भाजपा विधायक अनिल शर्मा के पुत्र आश्रय शर्मा ने मंडी लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ अनाप शनाप बयान देकर मंडी लोकसभा की जनता को गुमराह कर रहे है। मंडी लोकसभा की जनता आश्रय शर्मा की बातों में आने वाली नहीं। मंडी लोकसभा की जनता जानती है कि विक्रमादित्य सिंह के परिवार को जब मौका मिला तब तब पूरे हिमाचल के साथ मंडी जिले का चहुंमुखी विकास हुआ है। मंडी लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की हार पक्की है और इसी के साथ जयराम ठाकुर, अनिल शर्मा भाजपा विधायक, उनके आश्रय शर्मा की राजनीति बिलकुल खत्म हो जाएगी।

### खयोड़ में किया जाएगा महानाटी का आयोजन

**गोहर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत स्वीप गतिविधि 'मा भी पाणा वोट' के अंतर्गत 17 मई 2024 को राजकीय महाविद्यालय बासा के साथ लगते मेला मैदान ख्योड़ में महानाटी का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि स्वीप गतिविधि के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महानाटी मेला मैदान ख्योड़ आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न महिला मण्डलों, युवक मण्डलों, स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

### माता भद्रकाली मंदिर कमेटी का अधिवेशन संपन्न



**धनोटू।** उपमंडल सुंदरनगर के माता भद्रकली मंदिर भराड़ी में वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता कमेटी के प्रधान टेक सिंह राघवा द्वारा की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 के आय व्यय और 2024-25 के लिए योजनाओं पर विचार किया गया। प्रधान टेक सिंह राघवा ने बताया कि कमेटी द्वारा तीसरी मंजिल में भव्य हाल बनाने को जोर दिया है। जबकि सदस्यों द्वारा मंदिर के गर्भ गृह को सुसज्जित करने के लिए सुझाव दिया। टेक सिंह राघवा ने बताया कि मंदिर में इस बार चैत्र नवरात्रि के दौरान 2 किलो चांदी से निर्मित अखंड ज्योति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई है।

### माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**मंडी।** माइक्रो ऑब्जर्वर हेतु रविवार को डीआरडीए सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता तहसीलदार निर्वाचन राजेश कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार जोशी तथा हरनाम सिंह भी मौजूद रहे। कार्यशाला में लगभग 50 माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में तहसीलदार निर्वाचन राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माईक्रो आब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। कार्यशाला में माइक्रो आब्जर्वर को फार्म 12 और 12 ए के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर माइक्रो आब्जर्वर की विभिन्न शंकाओं को भी दूर किया गया।

### गलू में संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



**जोगिंद्रनगर।** मंडी पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर प्रस्तावित फोरलेन फेस 4 परौर से पधर की अलाइनमेंट बदले जाने को लेकर गठित संघर्ष समिति की एक बैठक रविवार को गलू मैदान में मुख्य सलाहकार शरद सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संघर्ष को और तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति सभी प्रभावित होने वाली पंचायतों का दौरा करेगी तथा पंचायत वासियों को जागरूक करेगी। कहा गया की समिति आगामी 6 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री से भेंट कर उनके संघर्ष में सहयोग की भी अपील करेगी। बताया गया की समिति की आगामी बैठक 9 जून को गलू में आयोजित होगी।

### श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज ने मनाया नर्सिंग दिवस

**नेरचौक।** विश्व नर्सिंग-डे के मौके पर पूरे प्रदेश में आयोजन किया गया तथा नर्सिंग सेवाओं की जन्मदाता को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। मंडी के नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में भी इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सिंग पेशे को लेकर एक बड़ी ही व्याखित टिप्पणी सामने आई जो एक नर्स के जीवन में दिनचर्या का हिस्सा रहती है।



## नगर परिषद की डंपिंग साइट पर मजदूर चर्म रोग का हो रहे शिकार, नहीं करवाया जा रहा ईलाज

# मजदूरों को काम पर न आने की मिल रहीं धमकियां

### यूनियन ने कहा- मांगें पूरी न होने तक करेंगे प्रदर्शन

- मजदूरों का महीने में एक बार होना चाहिए निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



डंपिंग साइट पर कूड़ा-कर्कट अलग करतीं महिलाएं।

नगर परिषद सरकाघाट की जिस डंपिंग साइट पर इकट्ठा गले सड़े कूड़े को अलग-अलग करने में लगे कुछ मजदूरों को चर्म रोग लगने और मजदूरों को जरूरी सुरक्षा वस्त्र व अन्य उपकरण न मिलने का मुद्दा मीडिया में सुर्खियां बनने के बाद जहां एसडीएम एवं कार्यकारी ईओ तथा नगर परिषद के अध्यक्ष ने मजदूरों को कानूनी तौर पर मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाए महिला मजदूर को घर भेज दिया था, वहीं चर्म रोग की शिकार हुई बाकी मजदूरों को अब सीएलसी कंपनी के ठेकेदार और कर्मचारी नोकरी से निकालने की धमकियां दे रहे है और यूनियन के साथ जुड़ने के परिणाम भुगतने को कह रहे हैं।

सीटू जिला प्रधान व राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड हिमाचल प्रदेश के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने जल्द ही मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सीटू सफाई मजदूरों के साथ साथ अन्य मजदूर यूनियनें परिषद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी।

भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि जिस कुसुम देवी महिला मजदूर को सफाई का काम करते हुए चर्म रोग हो गया है उसका ईलाज कंपनी व नगर परिषद करवाए और उसे उतने दिन का अवकाश दिया जाए।

यूनियन ने मांग उठाई है कि सभी मजदूरों के हैल्थ कार्ड बनवाए जाएं ताकि बीमार होने पर मजदूर अपना ईलाज करवाने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सके। इसके अलावा ये मांग भी उठाई है की सभी मजदूरों का महीने में एक बार नि:शुल्क स्वास्थ्य चैकअप होना चाहिए।

> बीमारी के शिकार मजदूर को रेस्ट के लिए घर भेजा है अगर मजदूरों को नौकरी से निकालने के नाम पर डराया और धमकाया जा रहा है तो वह इस पर कड़ी कार्रवाई करेगी मजदूरों को तमाम सुविधाएं देने के निर्देश दिए हैं।
> -स्वाति डोगरा, एसडीएम।

### मजदूरों को मिलनी चाहिए सभी सुविधाएं : भूपेंद्र

**पिछले** लंबे समय से इन मजदूरों से टटीह मोड़ पर डंपिंग साइट पर सड़े हुए कूड़े को अलग-अलग करवाया जा रहा है जो बहुत ही अमानवीय है और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्योंकि जो कूड़ा सूखा और गीला घर के स्तर पर अलग-अलग इक्ट्ठा होना चाहिए वो सारा मिक्स रूप में इस डंपिंग साइट पर इकट्ठा फैंका जाता है और फिर उसे इन सफाई मजदूरों से अलग-अलग करवाया जाता है जिससे छः-सात मजदूरों को चर्म रोग लग गया है। यही नहीं प्रशासन और नगर परिषद की लापरवाही इतनी ज्यादा है कि उन्होंने इस साइट पर मजदूरों के बैठने के लिए कोई शैल्टर तक नहीं बनाया है और धूप व बारिश में इनसे गुलामों की तरह काम करवाया जा रहा है। यहां तक कि नगर परिषद व कंपनी द्वारा इन मजदूरों को सुरक्षा जूते भी नहीं दिए हैं। मजदूरों को केवल एक ही बर्दी दी गई है जबकि गर्मियों और सर्दियों के लिए अलग-अलग बर्दी मिलनी चाहिए। इसके अलावा पहचान पत्रों का नवीनीकरण नहीं किया है और न ही नए मजदूरों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं। भूपेंद्र सिंह ने एसडीएम, नगर परिषद और मजदूरों को नियुक्त करने वाली कंपनी को मजदूरों को मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं जल्द मुहैया कराने की मांग की है।

# पुलिस ने अवैध शराब के चार मामले किए दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ जारी विशेष अभियान लगातार जारी है। इसके तहत जिला में कुल 4 एफआईआर अवैध शराब बरामदगी को लेकर दर्ज किया है। इसमें पहला मामला पुलिस थाना धर्मपुर, दूसरा बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर और पुलिस थाना धनोटू के अंतर्गत दो एफआईआर दर्ज किए हैं।

पहले मामले में पुलिस थाना धर्मपुर के तहत पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी विजय कुमार पठानिया पुत्र परमा राम गांव व डाकघर डरवाड़ तहसील और थाना धर्मपुर जिला मंडी के ढाबे से 6 बोतल अवैध रूप से रखी गई देसी शराब ऊना नंबर-1 बरामद की है। दूसरे मामले में बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर पुलिस थाना ने गश्त के दौरान आरोपी मीरा देवी पत्नी रमेश कुमार गांव द्रमण के रिहायशी मकान से 5 हजार एमएल अवैध शराब बरामद की है। तीसरे मामले में पुलिस थाना धनोटू के तहत पुलिस ने आरोपी बसंत राम पुत्र मिंकू राम गांव रौ डाकघर दियारगी तहसील बल्ह जिला मंडी के घर से अवैध रूप में रखी 2 हजार एमएल शराब बरामद की है।

अंतिम और चौथे मामले में पुलिस थाना धनोटू के पुलिसकर्मियों ने गश्त के दौरान आरोपी बसाखु राम पुत्र सौणु राम गांव टिल्लू डाकघर बृखमणी से 2 हजार एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पुलिस ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### नायब तहसीलदार ने किया गोसदन का निरीक्षण

**मंडी।** गो सदन मैगल में अव्यवस्था के लगे आरोप को लेकर नायब तहसीलदार सदर जितेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने जहां गोसदन का रिकार्ड खंगाला, वहीं आश्रित गोवंश की व्यवस्था को परखा। उन्होंने गोसदन में समस्त व्यवस्था संतोषजनक पाई। भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार से मनोनीत जीव-जंतु कल्याण प्रतिनिधि सीताराम वर्मा ने कहा कि कुछ लोग गऊओं पर राजनीति कर रहे है। गोसदन संचालकों सेवकों को धमकियां देते रहते हैं। जबकि लोगों को गोवंश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

# करसोग के नाहवींधार में मेला शुरू

**पीयूष शर्मा, करसोग**



नाहवींधार मेले के शुभारंभ अवसर पर पूजा करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा।

करसोग में चार दिवसीय नाहवींधार मेले का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार ओंकार चंद शर्मा (भारतीय प्रशासनिक सेवा) द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर श्री नाग चावासी मंदिर में पूजा अर्चना की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मेले हमारे पहाड़ी प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है, जिन्हें संजो कर रखना हम सभी का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम अपनी समृद्ध संस्कृतिक से जोड़ सके।

उन्होंने कहा कि मंडी जिला के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मनाए जाने वाले मेले प्रदेश की देव संस्कृति पर आधारित है, जो लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ने का कार्य भी करती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वीप स्टॉल का निरीक्षण किया और स्वीप हस्ताक्षर बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर किए। उन्होंने अपने संबोधन में मतदान का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेले के दौरान 14 मई को रक्तदान शिविर भाग लेकर रक्तदान करने का भी आह्वान किया ताकि आवश्यकता पड़ने पर जरूरत मंद लोगों की जान बचाई का सके। इस अवसर पर मेला समिति अध्यक्ष व उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग ने मुख्यातिथि का शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार कैलाश कौंडल, खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा, नायब तहसीलदार शांता शुक्ला, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## महामृत्युंजय चौक के पास कूलर की चारों ओर कूड़ा ही कूड़ा

# वॉटर कूलर का पानी पीने से लोग हुए बीमार

**पुष्पराज, मंडी**



कूलर के चारों ओर गंदगी और कूड़ा।

गर्मियों के मौसम में पानी का बहुत ज्यादा महत्व रहता है और पीने योग्य पानी की हर व्यक्ति गर्मियों में तलाश करता है। मंडी शहर में यूं तो बहुत से स्थानों में पानी के स्त्रोत और कूलर नगर निगम और कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर के कोने कोने में लगाए गए है जिससे शहर में घूमने या आने वाले हर व्यक्ति को पीने योग्य पानी आसानी से उपलब्ध हो सके।

शहर के महामृत्युंजय मंदिर समीप थनेहड़ा मोहल्ला को जाने वाले रास्ते के छोर पर भी लगे वाटर कूलर में पानी तो लगातार आता है पर इस स्थान पर सफाई व्यवस्था इतनी खराब है की कोई ध्यान से देख ले तो प्यासा भी पानी न पिए। इस कूलर से सैकड़ों लोग पानी पीते है और कई लोगों का कहना है कि कूलर का पानी पीने से कई लोगों की तबीयत भी खराब हुई है। मनीष कुमार, अनुष्का, मितल कुमार, कुलविंदर और सुमन के महामृत्युंजय चौक के समीप कार्यालय है और पीने के पानी के लिए इसी कूलर से पहले पीने के लिए पानी लेते थे लेकिन लगातार इस पानी को पीने से गला खराब और बुखार आदि होने लगा और तबीयत भी खराब हुई।

### सफाई करवा दी जाएगी: वीरेंद्र

नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि गर्मियों में पीने योग्य पानी की भारी जरूरत रहती है और उक्त कूलर की सफाई तुरंत करवा दी जाएगी और यहां पर कूड़ा न रखने को भी सफाई कर्मचारियों को आदेश दे दिए जाएंगे।

# 'वोट करेगी मेरी मां' स्कूल में मतदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




मतदान का महत्व बताते हुए।

मदर्स-डे के अवसर पर स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में 'वोट करेगी मेरी मां' कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि स्वीप टीम द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसके अंतर्गत बच्चों की माताओं को बच्चों ने 'वोट करेगी मेरी मां' के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर पैराडाइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, जय सिंह काउंसलर धर्मेंद्रा शर्मा, अध्यापक व स्वीप टीम के सदस्यों से देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, प्रवीण शर्मा, दिनेश सिंह, दिनेश शर्मा, नैना व भीमा उपस्थित रहे।

### पहले डंगा, अब गिरा बिजली का खंभा

**मंडी।** शहर में निर्माणाधीन मॉल के साथ में लगे बिजली का खंभा शहर में थोड़ी सी बारिश होने के पर गिर गया। खंभा गिरते ही बिजली की तारों के साथ निर्माण कार्य स्थल में जा पहुंचा। बता दें की स्कूल बाजार के समीप निर्माणाधीन मॉल का कार्य प्रगति पर है जिससे ठेकेदार द्वारा सड़क की तरफ को लगातार खनन किया जा रहा है। इसी कार्य के सड़क से लगते बिजली के खंभा खनन के कारण नीचे से पूर्ण रूप से खोखला हो गया, जिस कारण वे थोड़ी सी बारिश के कारण नीचे गिर गया। खंभा गिरने के बाद करीब 4 घंटे शहर के कुछ स्थानों में बिजली बाधित रही।

## हिमालयन ग्रुप ने मनाया नर्सिंग दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



कमला मंडयाल मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए व अन्य।

हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीच्यूट स्कूल ऑफ नर्सिंग जोगिंद्रनगर में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंस दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जोगिंद्रनगर अस्पताल के एसएमओ रोशन लाल कोंडल, राकेश थर्मन बी फार्मा कालेज प्रधानाचार्य व उनकी धर्मपत्नी मीना थर्मन ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व दीप प्रज्वलित करने के बाद संस्थान निदेशक राजेंद्र मंडयाल, प्रबंध निदेशक कमला मंडयाल के द्वारा कार्यक्रम मुख्य अतिथि को टोपी शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में संस्थान के निदेशक राजेंद्र मंडयाल, प्रबंध निदेशक कमला उपस्थित रहीं। वहीं संस्थान की प्रबंध निदेशक कमला ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### मणिपुर में भाजपा ने बोए नफरत के बीज : सन्नी



**मंडी।** कांग्रेस के पूर्ण जिलाध्यक्ष व अल्पसंख्यक विभाग हिमाचल प्रदेश के महासचिव सन्नी ईपन ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

मणिपुर में गिरजाघर जला दिए है, ईसाइयों की हत्याएं की गई और महिलाओं को निवस्त्र कर उनके साथ दुष्कर्म किया गया। सन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी एक समुदाय का नहीं होता वह सभी समुदायों और पूरे देश का प्रधानमंत्री होता है। मणिपुर नफरत की आग में धधक रहा है और प्रधानमंत्री मौन बैठे हैं।

# जोगिंद्रनगर में किसान परिवार पर रगड़ों ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी के जोगिंद्रनगर में गेहूं की कटाई कर रहे एक किसान परिवार पर रंगड़ों ने हमला कर एक ही परिवार के चार लोगों को घायल कर दिया है। इस दौरान मौके पर मौजूद 6 अन्य लोगों ने भागकर जान बचाई। दो गंभीर घायलों को नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में उपचार के लिए दाखिल करना पड़ा है, जबकि दो घायलों को मच्छयाल स्थित एक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिलाकर छुट्टी दे दी गई है।

रंगड़ों के हमले में घायलों की पहचान अमर सिंह 52, तारो देवी 50 पत्नी, रीना देवी 35 बहु और जसविंद्रा 36 पत्नी प्रकाश के रूप में हुई है। इनमें 50 साल की आयु की तारो देवी के शरीर में रंगड़ों के हमले से कई गहरे जख्म आए हैं।

नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर की आपात सेवाओं में तैनात डॉ. माणिक्य ने बताया कि शनिवार सुबह रंगड़ों के हमले में दो गंभीर घायलों को उपचार दिलाकर अस्पताल में दाखिल किया गया है। बताया कि हालत खतरे से बाहर है और आगामी उपचार भी उपमंडलीय अस्पताल में दिलाया जा रहा है।

# जनसंपर्क कार्यक्रम में की मतदान करने की अपील

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बूथों में जाकर प्रत्याशी कंगना के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए समर्थक।

भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्या मति रीमा राणा, पूर्व महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्षा मेघना ठाकुर व महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा ने जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत 12 मई को नगर पंचायत जोगिंद्रनगर के सभी महिला मंडलों व ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा के छपरोट, स्युरी, नेर, बस्सी महिला मंडलों के साथ बैठक कर लोकसभा आम चुनाव में मंडी संसदीय क्षेत्र से महिला प्रत्याशी कंगना जी के पक्ष में मतदान की अपील की।

रीमा राणा ने कहा कि मोदी सरकार मातृ शक्ति के मान सम्मान के लिए हर संभव कार्य कर रही है।

मेघना ठाकुर ने अपने संबोधन में मातृ शक्ति से मोदी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि मोदी जी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित देशों की सूची में अपना नाम अंकित करें। माताओं बहनों को भारत के भविष्य के लिए एक मत से मंडी से कंगना को सांसद बनाकर संसद भेजना है।

इस अवसर पर महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अंजना शर्मा ने भी महिलाओं से घर-घर प्रचार टीम का हिसा बनने की अपील की। बैठकों में मंडल सचिव कमला देवी, कमलेश कुमारी, पार्षद ममता कपूर, पार्षद शीला देवी, महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य रीता ठाकुर, मसौली बूथ महिला प्रमुख सोनी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की मांग

**मंडी।** दो नामी कंपनियों के मसालों पर प्रतिबंध के बाद मंडी शहर में भी इसका असर देखने को मिला। दो दर्जन लोगों ने प्रशासन से मांग की कि सभी मसाला कंपनियों के मसालों सैंपल लेकर उनकी निष्पक्ष जांच हो, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ न हो।

लोगों में सुरेश, भूपेंद्र, शुभी, विजय, अश्विनी आदि ने कहा कि लैब में मसालों की जांच करवाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। लोगों ने खाद्य आपूर्ति, फूड सेफ्टी और समाजसेवी संस्थाओं से मांग की है कि अपना कर्तव्य निभाते हुए समय समय पर सभी खाद्य पदार्थों की जांच होनी चाहिए।

# वेदांत कुटीर में मनाई शंकराचार्य की जयंती



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संगत व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भगवान शंकराचार्य की जयंती वेदांत कुटीर मंडी हिमाचल प्रदेश में मनाई। यह आयोजन वेदांत कुटीर की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम राम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक का आयोजन किया गया। भगवान शंकराचार्य जी का पूजन कर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं वेदांत कुटीर मंडी की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती महाराज ने प्रवचन किए। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे।

**त्रासदी**

## मुल्थान बाजार में बाढ़ आने से हालात सामान्य होने की बजाय और बिगड़े

# पेयजल की किल्लत, लोगों का हुआ भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान बाजार में बाढ़ आने से हालत बिगड़ते जा रहे हैं। लम्बाडग नदी के किनारे बने 25 मेगावाट केयू हाईड्रो पावर प्रोजेक्ट की सुरंग के अंदर पाइप से पानी का रिसाव होने से यहां पर स्थिति सामान्य होने के बजाय और भी बिगड़ती जा रही है।

गौरतलब है कि गत दिन शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे अचानक ही मुल्थान गांव से साथ लगती मुल्थान गांववासियों की उपजाऊ जमीन से होते हुए पानी का बहाव मुल्थान बाजार की ओर बढ़ने लगा तो लोगों द्वारा चींखे पुकार मच गई देखते ही देखते पानी के तेज बहाव से मुल्थान गांव के किसानों की लगभग 55 करनाल उपजाऊ जमीन खराब हो गई।

शुक्रवार रात को आउटलेट नामक स्थान तथा पैन स्टोक के समीप इस घटना के दौरान बहते हुआ पानी व शुक्रवार देर शाम के यहां हुई भारी बारिश के ल्हासा गिरने के कारण एक स्थान पर एकत्रित हुआ भारी पानी का बहाव छूटने से पानी का तेज बहाव बढ़ जाने से गांव वासियों सहित मुल्थान बाजार के लोगों ने दहशत के माहौल में पूरी रात जागकर बिताई। वहीं मुल्थान बाजार तक आने वाली पानी की सप्लाई भी पाइपें टूटने के कारण लोग नदी का पानी पीने को मजबूर है।



मुल्था में हुई त्रासदी का दृश्य।

घटना के दूसरे दिन बैजनाथ के एसडीएम डीएस ठाकुर ने मौके पर हाल देखा। इस मौके पर प्रोजेक्ट अधिकारी मौजूद थे। एसडीएम ने प्रोजेक्ट प्रबंधन को किसी भी तरह पानी रोकने को कहा जिस पर प्रोजेक्ट के कार्यकारी चौहान ने कहा वे इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा सकते हैं। इसके लिए उच्चाधिकारियों को मौके का जायजा लेकर कुछ समाधान करते हैं। इस दौरान एसडीएम डीएस ठाकुर ने प्रशासन की ओर से विभिन्न कुल 42 प्रभावितों को नकद राशि प्रदान की।

# नाचन में 126 मतदान केंद्र व 90158 मतदाता

- 73 मतदान केंद्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की होगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, गोहर**

नाचन विधानसभा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के अन्य निर्वाचन क्षेत्र साथ ही 1 जून, 2024 को मतदान होना है। नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदान, मतदान केंद्र व अन्य जानकारी देते हुए एसडीएम गोहर व सहायक निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि नाचन विधानसभा क्षेत्र में कुल 126 मतदान केंद्र हैं जिनमें लगभग 90158 मतदाता हैं, यह 126 मतदान केंद्र 116 स्थानों पर स्थित हैं एवं सभी ग्रामीण मतदान केंद्र हैं। सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं जैसे रैंप, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग शौचालय, बिजली व पीने के पानी कि सुविधा तथा फर्नीचर बारे सारे इंतजाम कर लिए गए हैं। सबसे ऊंचा मतदान केंद्र मुरहाला है जो 7900 फीट की ऊंचाई पर स्थित है तथा इस मतदान केन्द्र पर पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी को लगभग एक घंटें का पैदल रास्ता तय करना पड़ेगा। सबसे कम ऊंचाई पर भौर जो 2580 फीट पर स्थित है।

नाचन में डीपीएफ देवीदढ़ मतदान केन्द्र जो कि वन विश्राम गृह देवीदढ़ में स्थित है जिसे इस बार ग्रीन मतदान केंद्र बनाया गया है जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय संस्कृति की झलक मिलेगी। इसके अतिरिक्त चार मॉडल मतदान केन्द्र बरनोग, धिश्ती, बासा ख्योड़ व कण्ढोल भी स्थापित किए गए हैं इनमें से बासा ख्योड़ और कंढोल मतदान केन्द्रों को महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा जबकि धरवार मतदान केंद्र को युवा कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा तथा 73 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की सुविधा होगी।

### घांघल में सबसे ज्यादा मतदाता

**वहीं** सबसे ज्यादा मतदाता घांघल में 1318 हैं जबकि सबसे कम मतदाता छैण मैगल में 107 हैं। ढाबन व कनैड को अति संवेदनशील मतदान केन्द्र का दर्जा दिया गया है जहां पर माइक्रो आब्जर्वर भी लगेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा लखदाता मंदिर में लगाया भंडारा



**डलहौजी ।** बाबा लखदाता मंदिर मेगजीन (बैली)में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। खराब मौसम के चलते भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। लंगर समिति के प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि बनीखेत लंगर कमेटी बाबा लखदाता मंदिर मेगजीन हर वर्ष इसका आयोजन करवाता आ रहा है ।

### एसडीएम चुराह ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**तीसा ।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदान से संबंधित व्यवस्थाओं का एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मतदान केंद्र प्रभारियों और कर्मचारियों चुनाव संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि चुनाव संबंधी रहती तैयारियों को पूरा कर लें, ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की कोई समस्या पेश न आए।

# गवाड के लोगों को नसीब नहीं हुई सड़क सुविधा

## कहा-सड़क नहीं तो लोकसभा चुनावों में वोट भी नहीं

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की पंचायत गरोला के वार्ड गवाड में सड़क न पहुंचने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूटना शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर यहां पर सड़कों के मुद्दे एकाएक उछलना शुरू हो गए हैं। जनजातीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार व सड़कों के निर्माण की धीमी गति को लेकर ग्रामीणों ने विभाग व प्रशासन के खिलाफ मुंह खोलना भी शुरू कर दिया है।

गरोला पंचायत के वार्ड गवाड में सड़क न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोगों को रोजमर्रा की चीजों को मजबूरन 4 किलोमीटर की सीधी चढ़ाई चढ़कर घर पहुंचाने पड़ रही है। वहीं स्कूली बच्चों को भी रोज मीलों का सफर करके स्कूल व घर पहुंचना पड़ रहा है। सड़क सुविधा न होने के कारण यहां पर मरीजों को पालकी पर बिठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए बजट का प्रावधान करके काम



### मरीजों को पालकी पर बिठाकर पहुंचाया जाता है मुख्य मार्ग तक

शुरू किया गया था, लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां पर मात्र एक किलोमीटर तक ही सड़क का निर्माण हुआ है।

स्थानीय निवासी व वार्ड पंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा है कि यहां पर सरकारें आई और गई पर यहां की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है , जो बहुत ही निंदनीय है । उन्होंने कहा है सीजर सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वह आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 का समस्त ग्रामीणों के साथ बहिष्कार करेंगे ।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से भी सवाल किया है कि आज तक विभाग ने ना जाने कितनी सड़कों को नाबार्ड, पीएमजेएसवाई व दूसरी बड़ी परियोजना में शामिल करके उसकी मंजूरी को सरकार को भेजा है तो क्यों नहीं इस सड़क डीपीआर बनाकर बड़ी परियोजना की स्वीकृति के लिए भेजी है।

### बगीचों में ही सड़ जाती है सेब की फसल

**यह** क्षेत्र सेब की पैदावार के लिए काफी मशहूर है लेकिन यहां पर संपर्क मार्ग न होने के कारण लोगों की फसल व बागवानी बगीचों में ही कई बार सड़ जाती है। लिहाजा ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया जाए ताकि यहां के लोगों को सड़क संबंधी सुविधा के लिए इतना तरसना न पड़े।

### सरकार से उठाई सड़क निर्माण की मांग

**आपको** बता दें आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां के ग्रामीण सड़कों के लिए तरस रहे हैं। वार्ड मेंबर सुरेंद्र कुमार ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया जाए ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

# चौरासी लाख योनियां भोगने के बाद मिलता है मनुष्य जीवन : जय लाल



(इनसेट में) प्रवचन करते महात्मा जय लाल व मौजूद संगत।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा जय लाल की अध्यक्षता में सप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया । इस मौके पर दूर दराज़ के गांवो कस्बों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला आदि क्षेत्रों से आए संतों महात्माओं ने सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया।

अंत में मंच पर विराजमान महात्मा जय लाल ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साध-संगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ती है। चौरासी लाख योनियां भोगने के बाद यह सर्वोत्म योनि मनुष्य योनि प्राप्त होती है और इस योनि में ही मनुष्य परमात्मा की प्राप्ती कर सकता है, क्योंकि इस देह में मनुष्य की बुद्धी इतनी चेतन होती है कि वह अपने निज स्वरूप परमपिता परमात्मा की पहचान कर लेती है और रूह आवागमन के चक्र से रहित हो जाती है, वाकि सब योनियों में यह जानकारी संभव नहीं है। इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार एवं प्रैस सचिव विनोद कुमार सहित मुगला, वार्ड हरदासपुरा, जुलाकड़ी, धड़ोग, पंचायत साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला आदि क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# फॉरेस्ट नर्सरी बनीखेत का गार्ड क्वार्टर खंडर में हुआ तब्दील

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

वनमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत की नर्सरी में फॉरेस्ट गार्ड क्वार्टर जो बीते कई सालों से अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है जो आज मौजूदा समय में खंडार में तब्दील हो चुका है। जिसको लेकर वन विभाग बीते कई सालों से लेकर आज तक खंडर में तब्दील हो चुके इस भवन के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं हुआ है।

इस बारे में जब रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर ने बताया कि फॉरेस्ट नर्सरी बनी खेत में जो पुराना गार्ड क्वार्टर जो आज गिर चुका है इस बारे में उचित दस्तावेज तैयार कर कर आगे प्रेषित किए जा चुके हैं ताकि इसे पूरी तरह से नए रूप से तैयार किया जा सके ताकि नर्सरी में उपयोग लाया जाने वाला सामान माली के



लिए रहने योग्य जगह निरीक्षण हेतु बाहरी लोगों के लिए बैठने का उचित प्रावधान इत्यादि इस भवन को लेकर किया गया है और जैसे ही ऊपर से सकारात्मक निर्देश आते हैं वैसे ही इसके निर्माण को लेकर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें कि मौजूदा समय में फॉरेस्ट कर्मी निजी कमरा किराए पर लेकर अपने कार्य को अंजाम दे रहा है अगर विभाग नए कमरे तैयार कर लेता है तो माली को 24 घंटे नर्सरी के बीचों-बीच रहकर अपनी सेवाएं दे सकेगा।

# महात्मा दुनी ने संगत को प्रवचनों से किया निहाल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

संत निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा बनीखेत में आज साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया, जिसमें चंबा से आए हुए जोनल इंचार्ज महात्मा श्री दुनी जी ने संगत को प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंनें प्रवचन करते हुए कहा कि जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूरी है। संत निरंकारी मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विचारधारा है निरंकारी मिशन विभिन्न विचार धाराओं में आस्था रखने वाले संसार के सभी इंसानों का सम्मान करता है।

ईश्वर प्राप्ति के द्वारा वैश्विक भाईचारे की स्थापना संभव है तथा संपूर्ण मानव जाति के कल्याण तथा विश्व व्यापी शांति और समृद्धि के लिए ईश्वर अनुभूति अत्यंत आवश्यक है।

निरंकारी मिशन सच का संदेश देश-विदेश और गांव-गांव में



(इनसेट में) प्रवचन करते महात्मा दुनी जी और मौजूद संगत।

पहुंचा रहा है। सच परमात्मा है और यह हमारे अंग-संग विराजमान है जिसकी अनुभूति निरंकारी मिशन करवा रहा है महात्मा ने कहा कि परमात्मा का बोध सतगुरू की कृपा से संभव है जिससे ब्रह्मज्ञान कहा गया है। उन्होंने कहा कि जब हमें परमात्मा का दीदार हो जाता है उसके बाद कोई भ्रम नहीं रह जाता है। ब्रह्मज्ञानी वही कहलाया जाता है जो परमात्मा को अंग-संग महसूस करते हुए चलता है।

नफरत निंदा से परे हो जाता है और दूसरे के सुख में अपनी खुशियां मनाता है। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन यह संदेश दे रहा है कि परमात्मा को जाना जा सकता है जिसके लिए किसी तपस्या या भक्ति की जरूरत नहीं। जिज्ञासू पल भर में पूर्ण सद्गुरू से पल भर में कण-कण में व्याप्त इस निराकार सत्ता की अनुभूति कर सकता है। दुनी चंद जी ने कहा कि निरंकारी मिशन के उपदेशों का अनुसरण ही मिशन की शिक्षा है। हमारा व्यवहार सौहार्दपूर्ण और मेल-मिलाप वाला होना चाहिए।

# पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी प्लाह ने मनाया वार्षिक समारोह



मौजूद सोसायटी के सदस्य व इनसेट में प्रोग्राम पेश करते कलाकार।

**एमएम डैनियल, चंबा**

पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी प्लाह इन्फोटेक द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित दरबार हॉल में 20वां वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में कुंदन लाल गुप्ता, विनय शर्मा, मंगलेश शर्मा, डॉ. पीके गुप्ता, प्रदीप, अविनाश, मुकेश और कैलाश ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विशेष अतिथि कुंदन लाल गुप्ता ने अपने अभिवादन में पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी प्लाह इन्फोटेक द्वारा युवा के भविष्य के तहत आरंभ तकनीकी प्रशिक्षणों की जमकर सराहना की। संस्थान प्रभारी अर्चना प्लान ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मुहैया करवाई जा रही है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर विद्यार्थी, भूतपूर्व विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

### जंक फूड खाने से बढ़ रहा मोटापा : डॉ. आदर्श

**रंगस।** मोटापा हमारे देश की इस समय सबसे बड़ी समस्या है। उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं। हालांकि, इसे अभी भी नियंत्रित किया जा सकता है। मोटे लोग आमतौर पर बहुत अधिक जंक फूड खाते हैं जिससे मोटापा आ जाता है। स्वस्थ भोजन आपको इन सब से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है।

यह बात हंस फाउंडेशन द्वारा जोलसप्पड़ पंचायत में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. आदर्श (मेडिसन) ने लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर एसपीओ भावना वर्मा, फार्मासिस्ट अंकिता, एलटी तरुण पायलट विशाल भी शामिल थे। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान करीब 31 लोगों के स्वास्थ्य का चैकअप किया गया, जबकि जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गईं।

# विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

युवा पीढ़ी में वनों के महत्व के प्रति जागरूकता, वनों में आग न लगाने की मानवीय मानसिकता को बदलने और मौलिक कर्तव्य को समझने के लिए दीर्घकालिक प्रभावी उपाय हो सकता है।

डलहौजी वन मंडल ने विशेष कैच द यंग अभियान शुरू किया है, जिसके तहत वन मंडल डलहौजी के विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 30 हजार विद्यार्थियों को जंगल की आग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

वनों के प्रति अपनेपन की भावना पैदा करने के लिए सभी विद्यार्थियों के माध्यम से पॉलिथीन बैग्स में पौधे उगाए जा रहे है। वन्य प्रजातियों के पौधों को बीज से



बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के दौरान अध्यापक व अन्य।

तैयार होने के लिए लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगता है, पौधे तैयार करने के लिए पॉलीथीन बैग वन मंडल द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उगाए गए पौधों को विद्यार्थी बाद में स्कूल परिसर के निकट चिन्हित भूमि में रोपेंगे, इससे बच्चों में विद्यार्थी जीवन में ही पेड़ पौधों के प्रति अपनेपन का भाव उत्पन्न होगा और मानव जनित वन अग्नि जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में बड़े पैमाने पर वनों में लगने वाली आग बहुमूल्य वनस्पतियों और वन्य प्राणियों को निगल जाती है। रजनीश महाजन ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।

# रावी से तीसरे दिन भी ट्रक चालक का नहीं मिला शव

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर ढकोग के पास हुए ट्रक हादसे में लापता ट्रक चालक का शव तीसरे दिन भी बरामद नहीं हो पाया है। हालांकि तीसरे दिन एनडीआरएफ की टीम ने भी सर्च ऑप्रेशन जारी रखा। इस दौरान सबसे पहले ट्रक को रावी नदी से बाहर निकाला गया और उसमें रखे सीमेंट के बैग को भी उतारा गया, लेकिन शव का अभी तक भी कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सब सीमेंट के बैग के नीचे मृतक का शव हो सकता है।

2 दिनों तक शव बरामद न होने के बाद नूरपुर से 27 सदस्य एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान को यहां पहुंची है। दिनभर कड़ी को मशक्कत करने के बाद भी रविवार तक शव का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। इससे पहले पुलिस अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर सर्च अभियान चलाया था।

अब सोमवार के दिन सर्च अभियान चलाया जाएगा । इसके लिए काम में कोई बात ना हो इसके लिए चमेरा 3 डैम का पानी भी समय-समय पर रोका जाएगा। साथ ही पुलिस व स्थानीय लोगों ने पुलिस ने शव को निकालने के लिए सर्च अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

# पांगी से विक्रमादित्य को मिलेगा भारी बहुमत : रजनी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की स्टेट सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर रजनी पठानिया ने कहा है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को पांगी से भारी बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा है कि हाल में ही यहां पर प्रचार के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री व विक्रमादित्य सिंह की जनसभा में उमड़े भारी जनशैलाव से प्रतीत हो गया है। यहां पर उमड़े भारी जनसैलाब को देखकर भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है। जब यहां पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत आई थी तो सेलिब्रिटी होने के बावजूद भी लोग उन्हें देखने के लिए नहीं आए थे। जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि यहां से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को 5000 से अधिक वोटों की लीड मिलेगी।



कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के नॉमिनेशन को लेकर भी पांगी से भारी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग उनके नामांकन के लिए मंडी गए थे। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने अंदर खाते अपने हार मान ली है।

रजनी पठानिया ने कहा है की पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने महिलाओं को मिलने वाली 1500 सम्मान राशि का विरोध जीत कर अपनी महिला विरोधी सोच का परिचय दिया है। वहीं कर्मचारी वर्ग ओपीएस को लेकर प्रदेश कांग्रेस के साथ खड़ा है। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अल्प समय में ही ऐतिहासिक निर्णय लेकर हिमाचल प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित किया है।

उन्होंने कहा है कि अति दुर्गम क्षेत्र पांगी का विकास कांग्रेस कार्यकाल के समय में ही हुआ है लिहाजा यहां के लोग कांग्रेस के पक्ष में जमकर मतदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि इस बार हिमाचल प्रदेश में पूरी लहर कांग्रेस के पक्ष में है लिहाजा छः विधानसभा उपचुनावों के साथ-साथ कांग्रेस लोकसभा के चारों सीटे जीतकर इतिहास दर्ज करेगी।

भाजपा ने धनबल के जरिए कांग्रेस की सरकार को गिराने का प्रयास किया जिसमें वह पूरी तरह से असफल सिद्ध हुए हैं।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0061 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0060 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

# डॉ. राजीव भारद्वाज ने की नुक्कड़ सभाएं

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विधानसभा क्षेत्र भटियात के अंतर्गत समलेऊ , बगढार, बलेरा, कुंडी में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने नुक्कड़ सभा कर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, समर्थन एवं ग्राम वासियों से भाजपा को मजबूत करने के लिए सहयोग मांगा। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने चंबा में अपार पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।



जनसभा में मौजूद डॉ. राजीव।

उन्होंने कहा कि अगर वह कांगड़ा चंबा से बतौर भाजपा सांसद दिल्ली जाते हैं तो वह यहां से जुड़े हाल मामलों को पहली प्राथमिकता के अनुसार काम करेंगे चाहे वह सीकरी धार सीमेंट फैक्टरी को लेकर हो, चंबा में रेलमार्ग को लेकर, या जिला में अपार पर्यटन की संभावनाओं को लेकर जिस पर मौजूदा सरकार कुछ भी करती नजर नहीं आ रही है। उन्होंने मौजूदा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा ही आम जनता से वादा खिलाफी करती आ रही है जहां विधानसभा चुनाव में इन्होंने एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं किया महिलाओं को 1500 रुपए देने संबंधी बातें भी जमीन स्तर पर शून्य है ।

# तूफानी अंदाज में चल रहा राजेंद्र राणा का प्रचार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक व सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा का चुनाव प्रचार तूफानी अंदाज में चल रहा है। टिकट मिलने के बाद से अब तक वह सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में 300 से अधिक नुक्कड़ सभाएं और रैली को संबोधित कर चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर द्वारा मतदाताओं से अपने दोनों वोट कमल के चुनाव चिन्ह पर डालने की अपील के चलते भाजपा का पूरा कैडर राजेंद्र राणा के साथ उनकी ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने में जुट गया है। यही नहीं, इस चुनाव में पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरने की सोच रहे जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर और बीडीसी के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार भी राजेंद्र राणा के साथ पूरी तरह एकजुट होकर चुनावी मुहिम में जुट गए हैं।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 मई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** षष्ठी: (2:52 **: नक्षत्र :** पुनर्वसु (11:24), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** शूल (7:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (7:12 -08:54)।

### विशेष दिन

- 13 मई 2024 : चन्दन षष्ठी आज।
- 13 मई 2024 : रामानुजाचार्य जयंती आज।

**मेष:** लोकप्रियता में इजाफा होगा। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी। आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नए रास्ते भी मिलेंगे।

**वृषभ:** कार्यस्थल पर ऊर्जावान रहेंगे। ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे। योग्यता को साबित करने में अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे।

**मिथुन:** नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अज्ञात के साथ व्यवहार करते समय सावधान रहें। संचारी बनें और खुद को आराम देने के लिए कुछ समय निकालें।

**कर्क :** अनुकूल अवधि नहीं है। स्वास्थ्य के संदर्भ में आप कुछ पुरानी बीमारियों से प्रभावित हो सकते हैं। धन की रुकावट आपके असंतोष का कारण हो सकती है।

**सिंह :** लोकप्रियता चरम पर होगी और दूसरों पर अधिक प्रभाव डालेंगे। अधिकारियों के साथ टकराव से बचें रहें, तो आप व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति कर सकते हैं।

**कन्या :** अधिकारियों से पूर्ण सहयोग मिलेगा । यदि आप नौकरीपेशा हैं, तो पदोन्नति प्राप्त कर कर सकते हैं। आप कुछ धार्मिक कार्यों में संलग्न सकतें हैं।

**तुला:** लाभ प्राप्त हो सकता है। कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके आराम में शामिल होंगे।

**वृश्चिक:** भाग्य की अपेक्षा कर्म पर भरोसा करके काम करना लाभदायक साबित होगा। न्याय से जुड़े लोंगो को कुछ राहत मिलेगी। भौतिक सुखो में वृद्धि होगी।

**धनु :** खुशियों के साथ दिन की शुरुआत हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिल सकती है। व्यापारी एवं व्यवसायियों के लिए व्यापार में बेहतरी संभव है।

**मकर:** व्यावसायिक संदर्भ में निर्यात या आयात से संबंधित हैं, तो आकस्मिक विदेशी यात्रा संभव हो सकती है। यह आपके लिए बेहद फायदेमंद भी साबित होगी।

**कुंभ :** व्यावसायिक सन्दर्भ में बड़ी सफलता प्राप्त करेंगे और एक उच्च सामाजिक स्थिति हासिल करेंगे। उद्यम शुरू कर सकते हैं और एक बड़ी डील को अंतिम रूप दे सकते हैं।

**मीन:** ईमानदारी से किया गया कार्य अतिरिक्त लाभ के रूप में अपने फल देगा। व्यक्तिगत जीवन को अपने व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप न करने दें।

**सुविधा** चुराह में तीन करोड़ रुपए से हो रहा लोक निर्माण विभाग के भवन का निर्माण

# एक ही छत के नीचे मिलेंगे अधिकारी, फटाफट होंगे काम

**आजम डार, तीसा**

चुराह उपमंडल में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी अब एक ही छत के नीचे बैठकें कर सकेंगे।

इसके साथ ही अपने काम के सिलसिले में कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को अधिकारियों की तलाश करने के लिए यहां-वहां के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। तीसा (भंजराडू) में तीन करोड़ रुपए से लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय का भवन बनाया जा रहा है।

तीन मंजिला भवन में लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय,



भवन का चला हुआ निर्माण कार्य।

उपमंडल कार्यालय, मीटिंग हाल सहित शौचालय की व्यवस्था होगी। ऐसे में विभागीय कार्य करवाने के लिए दूरदराज पंचायतों से आने वाले ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़ेगा। विभाग ने सितंबर तक भवन के निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

विभागीय कार्यालय न होने से वर्तमान में उपमंडल कार्यालय में ही अधिशासी और सहायक अभियंता समेत स्टाफ को कार्य करना पड़ रहा है। चुराह विधानसभा क्षेत्र की 55 पंचायतों तीसा प्रथम, तीसा द्वितीय, भंजराडू, डॉरी, खुशनगरी, तरेला, देग्रा, बैरागढ़, देवीकोठी, थनेइकोठी, गुडेई, चांजू, चरडा, कुठेड़ बुधौड़ा, देहरा, पद्दर, खजुआ, बिहाली, थल्ली, लरयोआ, टिकरिगढ़ और देहरोग आदि के लोग विभागीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं।

विभागीय कार्यालय के अभाव में लोगों को खड़े रहकर कार्य करवाने का इंतजार करना पड़ता है। कार्यालय भवन बनकर तैयार होने से विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों समेत ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा।

### सितंबर तक निर्माण पूरा करवाने का लक्ष्य : जोगिंद्र

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जोगिंद्र शर्मा ने बताया कि 2017 में बने सहायक अभियंता के कमरे में कार्यालय चल रहा है। वह सहायक अभियंता के कमरे में बैठते हैं। सहायक अभियंता एक छोटे से कमरे में बैठकर कार्य करते हैं। भवन का निर्माण हो रहा है। विभाग ने सितंबर तक भवन निर्माण करवाने का लक्ष्य रखा है। युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है।

# कुल्लू की चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे, निचले क्षेत्रों में हुई बारिश

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

मई माह के दूसरे सप्ताह भी कुल्लू व लाहौल-स्पीति में मौसम ठंडा है और चोटियों पर बर्फबारी हो रही है।

रविवार को भी मौसम दिन भर खराब रहा। पहाड़ियों में जहां बर्फ के फाहे गिरे वहीं, दोनों जिलों के निचले क्षेत्रों में बारिश का क्रम चलता रहा। मई महीने में भी जनवरी जैसी ठंड है और बर्फबारी व बारिश के चलते मौसम ठंडा हो गया है। शिंकुला दर्रे में भी वाहनों की आवाजाही फिलहाल बंद है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने मौसम व हालात की जानकारी लेने के बाद ही आने जाने की सलाह दी है। रविवार सुबह ही रोहतांग, बारालाचा, शिंकुला, कुंजम व चंद्रताल में बर्फ के फाहों का दौर शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। (अनंत ज्ञान)



लाहौल घाटी की चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे।

## पर्यटकों के लिए सुहावना हुआ मौसम, बर्फ देख झूमे सैलानी

**इन** दिनों कुल्लू मनाली आ रहे पर्यटकों के लिए मौसम सुहावना हो गया है। रविवार को स्नो प्वाइंट में बर्फ का दीदार करने गए पर्यटकों के लिए मौसम मेहरवान हो गया। अटल टनल से कोकसर तक पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। हालांकि बर्फ के फाहों के साथ बारिश भी हुई, जिस कारण वाहन चलाने में दिक्कत नहीं हुई, लेकिन पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का खूब आनंद लिया। पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आमद बढ़ने के चलते दिन भर ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा। सप्ताहांत के चलते होटलो में आक्यूपेंसी 75 प्रतिशत पहुंच गई है। सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक छाई हुई है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हुई है।

## कुल्लू-मनाली-लेह मार्ग पर फंसे 90 ट्रक

**मनाली-लेह** मार्ग में दारचा और शिंकुला पास के बीच 90 ट्रक फंसे हुए हैं, जिसमें सरिया, सीमेंट, राशन आदि सामान है। यह समान लेह की तरफ जाना है, लेकिन 90 ट्रक पिछले 17 दिनों से यहां फंसे हुए हैं, लेकिन बीआरओ ने अभी तक लेह मार्ग को बहाल नहीं किया है, जिसके चलते इन वाहन चालकों और परिचालकों के पास राशन खत्म हो गया है। ऐसे में रोहतांग राइडर की ओर से उन्हें गैस सिलेंडर और राशन उपलब्ध करवाया गया है। ट्रक चालकों का कहना है कि वह पिछले 17 दिनों से मार्ग खुलने के इंतजार में हैं, लेकिन बीआरओ अभी तक उन्हें मार्ग में जाने की अनुमति नहीं दे रहा है, जबकि मार्ग से बीआरओ काफी पहले बर्फ हटा चुका है, लेकिन वाहनों को आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



# कुल्लू में महिला ने लोहे की छड़ से कर दी पति की हत्या

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के पतलीकूहल में पत्नी द्वारा पति को जान से मारने की घटना सामने आई है। मनाली के पतलीकूहल से सटे माहिली में एक व्यक्ति की उसकी पत्नी ने लोहे की छड़ से हमला करके जान ले ली।

मृतक अशोक कुमार पुत्र रतनलाल गांव गिलासी डाकघर दाभला तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (40) जोकि ट्रैक्टर चालक था और इसके साथ ही अपनी पत्नी के साथ फ्रूट एसोसिएशन माहिली नग्गर में चौकीदारी का काम भी करता था। मृतक की पत्नी निकिता ( 36) भी फ्रूट एसोसिएशन माहिली नग्गर में बतौर चौकीदार काम करती थी। महिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया था कि उसके पति की बाथरूम में गिरने से मौत हो गई है, लेकिन पुलिस जांच और छानबीन में यह मामला मर्डर का सामने आया।

उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई-झगड़ा लगा रहता था जिसके परिणाम अशोक की मौत के रूप में हुआ है। पुलिस ने इस केस को ट्रेस कर आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी महिला निकिता ने बताया कि उसका पति अक्सर शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। शनिवार रात को भी उसने मारपीट की और बीच बचाव में उसने आने पति के सिर पर रॉड मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है। (अनंत ज्ञान)

# व्यापारिक मेला : सिड्डू-कचौरी के दीवाने हुए लोग

## ढालपुर में सजी दुकानों में दिन व शाम को जुट रही भीड़, सस्ते दामों में गर्म कपड़ों की हो रही खूब खरीददारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में पीपल जातर मेला खत्म होने के बाद ढालपुर मैदान में सजा व्यापार मेला अब रफ्तार पकड़ चुका है। यहां सजी दुकानों में दिन व शाम के समय खूब भीड़ जुट रही है।

इसके अलावा डोम व मीना बाजार में भी जिलाभर के लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, प्रदर्शनी मैदान में सजी स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों सिड्डू व कचौरी सहित अन्य व्यंजनों के स्टॉल में भी लोगों का खूब हुजूम उमड़ रहा है। पूरा ढालपुर मैदान कुल्लवी व्यंजनों से महक उठा है और शहरवासियों सहित ग्रामीण लोग भी सिड्डू व कचौरी पसंद कर रहे हैं। मेले में सजे पहाड़ी व्यंजनों के स्टॉल में दिन व खासकर शाम व रात के समय काफी भीड़ देखी जा रही है। पीपल मेले में पिछले दो सालों से सिड्डू, मोमो का स्टॉल लगा रही कल्पनास किचन की कल्पना निक्की शर्मा व उनके बेटे मयंक शर्मा ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार व्यवसाय मिला जुला है। इस बार बारिश के कारण मैदान में बार-बार पानी भर जाने से लोगों का स्टॉल में आना-जाना कम रहा, जिस कारण थोड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। हालांकि खरीददारी करने आ रहे लोग मोमो सिड्डू खाना नहीं भूल रहे हैं। कल्पना ने बताया कि उनके यहां पर पोस्त, अखरोट, बादाम की गिरी के सिड्डू बनाए जाते हैं, जिनको लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

इसके अलावा कुगस, टमाटर, पुदीना, हरी मिर्च, धनिया, नारियल व अन्य ड्राई फ्रूट से बनी चार तरह की चटनी और टमाटर, सेब, जापानी फल, नाशपाती, आड़ू, गोभी, गाजर, बीदाना के आचार के साथ लोग सिड्डू के चटकारे लेना नहीं भूल रहे। बेशक यहां की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की धारा में बहने लगी है, लेकिन यहां के परंपरागत पकवान स्थानीय लोगों के अलावा बाहर से आने वाले पर्यटकों तथा विदेशियों को अपना दीवाना बनाते हैं। वहीं, पीपल जातर में 2002 से सिड्डू की दुकान लगा रही शीला नेगी का कहना है कि स्थानीय लोग तो सिड्डू पसंद करते ही हैं साथ ही बाहर से आने वाले देशी व विदेशी पर्यटक भी सिड्डू का खूब लुत्फ उठा रहे हैं। शीला नेगी का कहना है कि उनके स्टॉल में दिन और शाम के समय लोगों की भीड़ लगने लगी है और कारोबार ने अब धीरे-धीरे गति पकड़ ली है। इसके अलावा मेले में लगी मशहूर कचौरियों ने भी लोगों को दीवाना बना रखा है। मेले में लगी दुकानों में सिड्डू के अलावा चौमिन, मोमो, पीजा और मंडी की मशहूर कचौरियां भी परोसी जा रही हैं।



पीपल मेले में सजी अस्थायी दुकानों में खरीददारी करते लोग।

## धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा व्यापार मेला

**कुल्लू** के ढालपुर में सजे व्यापारिक मेले ने अब रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि नगर परिषद कुल्लू की ओर से व्यापारियों को रविवार तक ही दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को छुट्टी के दिन कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति, पांगी, सराज, आनी, बंजार, मनिकर्ण सहित पूरे जिलाभर के लोग खरीददारी को पहुंचे। सुबह के समय हालांकि बारिश हुई, लेकिन दोपहर बाद मौसम खुल गया, जिसके बाद मेले में लोगों की भीड़ जुटी रही। बार-बार मौसम के करवट बदलने से जहां मई माह में भी लोग स्वेटर पहनने को मजबूर हैं। वहीं, लोगों को मेले में लगी दुकानों में सजी कबाड़ मार्केट में सस्ते दामों पर गर्म कपड़े मिल रहे हैं। साथ ही जूता मार्केट में भी सुबह से लेकर शाम तक भीड़ जुट रही है।

# बारिश के चलते लोअर ढालपुर सहित शहर के कई हिस्सों में भरा पानी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में जगह-जगह सुबह के समय हुई भारी बारिश से लोगों को चलने फिरने में खासी परेशानी हुई। रविवार को सुबह के 10 बजे के बाद मौसम खराब होने लगा ओर करीब 10:30 पर हुई तेल रफ्तार बारिश से जहां शहर में सभी लोग भीगने से बचने की कोशिश करते दिखे।

कुल्लू शहर के ढालपुर, लोअर ढालपुर, सुल्तानपुर, लोरन, शीशामाटी, अखाड़ा बाजार और हनुमानी बाग सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुई भारी बारिश से लोगों में अफरा-तफरी मच गई और ऐसे में रास्ते से गुजरे रहे सभी लोग किसी दुकान या किसी होटल में या फिर किसी भवन के नीचे बारिश से बचने के लिए शरण लेते नजर आए। लोअर ढालपुर में सबसे ज्यादा बारिश का असर हुआ और सभी नालियां बारिश के चलते भर गई और सारा गंदा पानी सड़कों पर आ गया, जिस कारण पैदल चलने वाले लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। लोअर ढालपुर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालियों को तोड़ कर दोबारा बनाया गया था, मगर इससे कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है क्योंकि लोगों ने नालियों में ही कूड़ा डालना शुरू कर दिया है, जिस कारण नालियों में बहने वाले पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इसके साथ ही यहां पर होने वाले कई निर्माण कार्यों के कारण नालियों में मिट्टी, रेत, बजरी ओर ईंट के टुकड़े भी फंसे रहते हैं, जिस कारण नालियों में अवरोध उत्पन्न होता रहता है। भारी बारिश के चलते ढालपुर के पीपल जातर मेले में भी कारोबारियों को कारोबार करने में बहुत समस्या पेश आई। अचानक से तेज हुई बारिश के कारण मेला मैदान में चारों तरफ कीचड़ भर गया, जिस कारण लोगों को चलने-फिरने में भी दिक्कत पेश आई। इसके साथ ही ढालपुर में खेल मैदान के नीचे कॉलेज रोड की तरफ जाने वाली सड़क पर भी पानी भर गया, जिस कारण काफी करीब 2-3 घंटे तक सड़क पर पानी भरा रहा। बहरहाल, बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)



भारी बारिश के चलते लोअर ढालपुर में नालियों से सड़कों पर बहता गंदा पानी।

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव मंडी, बिशन लाहौल-स्पीति के कांग्रेस प्रभारी

**कुल्लू।** आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनावों को देखते हुए प्रदेश में स्थित सभी पार्टियां अपनी पार्टी के प्रत्याशी की जीत दर्ज करवाने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव किमटा को मंडी सदर विधानसभा कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही लाहौल-स्पीति जिले में कांग्रेस की प्रत्याशी की स्थिति को मजबूत करने के लिए कांग्रेस की कमेटी ने डॉक्टर बिशन शाशनी को जिम्मेदारी सौंप दी है। पार्टी से जिम्मेदारी मिलते ही अब दोनों ही नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क को ओर तेज करेंगे और साथ ही पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। इस संदर्भ में राजीव किमटा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकों का दौर जारी है और आने वाले समय में भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार को तेज किया जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस सरकार की नीतियों और गारंटियों को भी घर-घर तक पहुंचाने का कार्य भी जगह-जगह पर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार किया जा रहा है।

### चांदनी का नशा गाने की वीडियो लांच

**कुल्लू।** श्री कृष्ण कला संस्थान जिला कुल्लू के बैनर तले नशे के दुष्प्रभाव को उजागर करती वीडियो गीत नशा को लांच किया गया। रविवार को प्रेस क्लब भवन कुल्लू के सभागार में कुल्लू के लोकप्रिय कलाकार एवं गायक आईएस चांदनी ने अपने लिखे गीत नशा के वीडियो को लांच किया। नशा गीत के लांचिंग पर बतौर मुख्यातिथि डॉ. प्रेम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर चांदनी ने नशा गीत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस गीत को बहुत पहले लिखा था और जब गीत लिखा था, तो उस समय युवाओं में नशे का प्रभाव बढ़ रहा था। नशा गीत के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए ही इस गीत को लांच किया गया है।

### जागरूकता रैली से बताया मतदान का महत्व



**भुंतर।** ब्रह्मर्षि मिशन स्कूल जरड़ की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। चुनावी पखवाड़ा पर कोई भी मतदाता वोट से न छूटे इस पर कक्षा नौंवी एवं दसवीं के स्टूडेंट्स ने रैली के मध्यम से जानता को जागरूक किया। स्लोगन और नारा से बच्चों ने आम जनता को वोट का महत्व समझाया, जहां चुनाव आयोग जनता को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है। वहीं, विभिन्न समाजिक संस्थाएं व स्कूली छात्र भी चुनाव के इस महापर्व में अपनी भूमिक निभा रहे है। इसी कड़ी में ब्रह्मर्षि मिशन स्कूल जरड़ के स्टूडेंट्स ने भुंतर शहर में मतदाता जागरूकता के प्रति समाज को सचेत करने के लिए एक रैली निकाली। इस रैली का आयोजन स्कूल के शिक्षकों के सहयोग से किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी ऊर्जा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

# अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ करें कामः सक्सेना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर की गई व्यवस्थाओं का मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग व काजा से बैठक कर जायजा लिया।

काजा से अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन व निर्वाचन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में जुटे अधिकारियों व कर्मचारियों का दायित्व है कि वे अपने कार्यों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठता व ईमानदारी से करें तथा चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाएं साथ में व्यय व लेखा से संबंधित सभी घटकों की पूरी गहनता से जांच करें व निगरानी दस्ते प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने चुनावी कार्य के लिए तैनात वीडियो निगरानी दल, स्टैटिक निगरानी दल व उड़न दस्तों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आपस में समन्वय के साथ कार्य करने को भी कहा। राहुल कुमार ने लाहौल-स्पीति के निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े तमाम प्रबंधों की मुख्य सचिव को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां की गई हैं और जरूरी कदम भी उठाए गए हैं। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा, एसडीम उदयपुर केशव राम, निर्वाचन तहसीलदार पवन राना, सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, एमसीएमसी टीम के नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।



चुनावों को लेकर की गई व्यवस्थाओं का मुख्य सचिव अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

## चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

**पुलिस** अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि पुलिस चेक पोस्ट दारचा में तथा लद्दाख सीमा के साथ शिंकुला दर्रा पर भी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की ओर से वहां पर निगरानी व्यवस्थित की गई है। सरचू पोस्ट पर भी मौसम अनुकूल होते ही प्रभावी निगरानी सुनिश्चित बनाई जाएगी। मयंक चौधरी ने बताया कि दूर-दराज के क्षेत्रों में संचार व्यवस्था के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## 25 हजार 232 मतदाता करेंगे मतदान

**राहुल** कुमार ने मुख्य सचिव को बताया कि लाहौल-स्पीति से लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में 92 मतदान केंद्रों के माध्यम से 25 हजार 232 मतदाता एक जून को मतदान करेंगे, जिसमें 12 हजार 586 मतदाता पुरुष व 12 हजार 646 महिला मतदाता मतदान में भाग लेंगे।

# केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए दी थी मदद, कांग्रेसियों को नहीं : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि आपदा के समय केंद्र की सरकार ने हिमाचल की सुक्खू सरकार को हजारों करोड़ की मदद हिमाचल के आपदा प्रभावितों के लिए दी थी। नेता प्रतिपक्ष बंजार विधानसभा क्षेत्र के दियार में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिन प्रभावितों के घर, पशुशाला, बाग-बगीचे और खेत खलिहान बाढ़ में बह गए थे, उनके लिए केंद्र की सरकार ने मदद की थी न कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के लिए। आज भी असली आपदा प्रभावित पटवारी का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस के नेताओं के लेटर पैड पर काम करने वालों को बिना एक डंगा गिरे भी लाखों रुपए मिल गए। आपदा के समय में इस तरह के कृत्य करने वालों को न तो प्रदेश की जनता उन्हें माफ करेगी और न ही भगवान माफ करेंगे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी समेत कई स्थानीय नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कंगना को भारी से भारी मतों से जिताने का निवेदन किया। जयराम ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा में चालीस का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चार सौ सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रहा है। विक्रमादित्य आजकल मंडी के विकास के लिए अपना विजन बता रहे हैं, जब उनके पास मौका था, तो उन्होंने कोई काम क्यों नहीं किया।

**पहली बार ऐसी सरकार आई, जिसे संस्थान बंद करने में आता मजा**

# सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गलत सूचनाएं फैलाने पर होगी कार्रवाई : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिले में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। साथ ही राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के चुनावी व्यय पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

विभिन्न मीडिया माध्यमों से दुष्प्रचार व मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरूपयोग रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और तथ्यहीन व गलत सूचनाएं फैलाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## निगरानी समिति रख रही नजर

सोशल मीडिया भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की श्रेणी में आता है और इस पर प्रसारित सामग्री पर जिला स्तर पर गठित (एमसीएमसी) मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की ओर से चौबीसों घंटे कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित कोई सामग्री पाई जाती है, तो इसे प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मेला** 11 हजार फुट की उंचाई पर हजारों श्रद्धालु करेंगे रातभर भगवान का गुणगान

# संकीर्ण यात्रा पर जाएगी देवता श्रृंगा ऋषि की छड़ी

**शीला कौल, बंजार**

देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में 15 मई बुधवार को जिला स्तरीय बंजार मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय बंजार मेले के शुभांरभ से दो पहले 13 मई को देव परंपरा के अनुसार देवता श्रृंगा ऋषि अपने हजारों हारियानों, देवलुओं व श्रद्धालुओं के साथ ग्यारह हजार फुट की उंचाई पर देवता की तपोस्थली संकीर्ण यात्रा पर निकलेंगे।

हर वर्ष की भांति इस बार भी ज्येष्ठ संक्रांति की पूर्व संध्या पर यहां विशाल जागरण में भाग लेंगे। श्रृंगा ऋषि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैहणी कोठी से अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ इस वर्ष देवता के रथ के स्थान पर देवता की छड़ी सर्कीण यात्रा पर जाएगी। जिला स्तरीय बंजार मेले के शुभांरभ से पहले देवता श्रृंगा ऋषि ढोल-नगाडों की थाप पर मुधर ध्वनियों के साथ अपने मंदिर बागी से संकीर्ण यात्रा पर हर वर्ष जाते हैं। वहीं, देवता के साथ-साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी संकीर्ण जोत पर पूरी रात भजन-कीर्तन कर रात गुजारते हैं और देवता का आशीर्वाद लेकर अगले दिन वापस अपने अपने घरों को लौटते हैं। इस वर्ष देवता के रथ के स्थान पर देवता की छड़ी हजारों की संख्या में हारियानों श्रद्धालुओं के साथ संकीर्ण यात्रा पर जाएगी। श्रृंगा ऋषि देवता के पुजारी चान्नण सिंह शर्मा, हरि सिंह शर्मा, इंद्र देव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष देवता की 13 मई को बागी मंदिर से संकीर्ण यात्रा के लिए कूच करेगी व 14 मई को देवता वापस कोठी चैहणी लौटेंगे। वहां से 15 मई को जिला स्तरीय बंजार मेले का शुभारंभ करने के लिए देवता का बंजार आगमन होगा। (अनंत ज्ञान)



श्रृंगा ऋषि।




### नेशनल हाईवे-पांच में परवाणू से सोलन तक 11 फुट ओवरब्रिज बनने का रास्ता साफ

# ब्रुरी में ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर से होकर जाने वाले नेशनल हाईवे-5 में फोरलेन के निर्माण से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को सड़क क्रॉस करने में दिक्कत न हो इसके लिए एनएचएआई की ओर से परवाणू से कंडाघाट के बीच 11 फुट ओवरब्रिज बनाए जाएंगे, जिसके निर्माण में करीब 8.50 करोड़ खर्च आएगा। योजना के तहत सोलन के ब्रुरी में पहला फुट ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में है।

फुट ओवरब्रिज बनने से स्थानीय लोगों को जोखिम लेकर सड़क क्रॉस नहीं करनी पड़ेगी व अन्य जगहों पर भी जल्द फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो।

नेशनल हाईवे में परवाणू से कंडाघाट तक 11 जगहों पर फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना है। इसके तहत ब्रुरी में फुट ओवरब्रिज निर्माण अंतिम चरण में है। बाकी जगहों से मिट्टी के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसकी रिपोर्ट आने के बाद यहां पर काम भी शुरू हो जाएगा।
**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।**

### फोरलेन क्रॉस करना जोखिम भरा

नेशनल हाईवे पर फुट ओवरब्रिज नहीं बनने से सोलन शहर के लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक परवाणू से सोलन तक नेशनल हाईवे पर बनने वाले फुट ओवर का कार्य निजी कंपनी को दिया गया है, जहां-जहां ये फुट ओवरब्रिज बनने हैं, वहां कंपनी की ओर से मिट्टी के सैंपल को भरा जा रहा है। इसके बाद इसे टेस्ट के लिए लैब में भेजा जाएगा। मिट्टी के सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद फुट ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

### यहां-यहां बनेंगे फुट ओवरब्रिज

फिलहाल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दत्यार, कोटी, सनवारा, पड़ाव, धर्मपुर बाजार और वार्ड-16 के आंजी, रबोन, बायपास सोलन, ब्रुरी और कंडाघाट में यह फुट ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। इससे यहां लोगों को सड़क क्रॉस करने में काफी आसानी होगी और सड़क हादसों का भी कम खतरा होगा। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों को तो सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। हालांकि इसके बाद बाईपास, सब्जी मंडी के समीप के अलावा कई अन्य जगह पर भी फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना है।

### 8.50 करोड़ होंगे खर्च

जानकारी के अनुसार इसके लिए कुल करीब 8.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा 6 महीने के भीतर काम को कंप्लीट करने का टारगेट भी रखा गया है। ऐसे में जब इन सभी फुट ओवरब्रिज का काम खत्म हो जाएगा, तो इससे लोगों को सीधा फायदा होगा। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे परवाणू से सोलन तक कई जगह ऐसी हैं, जहां आबादी अधिक है और पूरा दिन लोगों को मजबूरी में यहां सड़क पार करनी पड़ती है, लेकिन यहां फुट ओवरब्रिज न होने से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इन जगहों पर हर समय सड़क हादसों का भी खतरा रहता है पर काफी समय तक यह प्रोजेक्ट लटका रहा। नगर निगम सोलन के जनरल हाउस में भी इसको लेकर प्रस्ताव पारित हो चुका है। बहरहाल अब एनएचएआई की तरफ से इस काम को करने के लिए क्लीन चिट मिल गई है। ऐसे में मिट्टी के सैंपल भी भरने शुरू हो गए हैं। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही फुट ओवरब्रिज बनाने का काम भी शुरू हो जाएगा।

# दवा नियंत्रक विभाग ने शुरू की जांच खामियां मिलीं तो रद्द होगा लाइसेंस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के फार्मा उद्योग में पंजाब पुलिस की दबिश के बाद राज्य दवा नियंत्रक विभाग ने भी जांच तेज कर दी है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

दवा नियंत्रक विभाग के साथ-साथ हिमाचल नारकोटिक्स सेल ने भी मामले को पकड़ अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। अब ड्रग व नारकोटिक्स सेल मामले की तफ्तीश में जुटा हुआ है और अपने-अपने तथ्यों को जुटाना शुरू कर दिया है। हालांकि ड्रग डिपार्टमेंट ने स्माईलैक्स उद्योग प्रबंधन को नोटिस जारी कर दिया है और प्रतिबंधित दवाओं से जुड़े मामले को लेकर कई सवाल किए हैं। अगर ड्रग डिपार्टमेंट की जांच में कंपनी प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है, तो विभाग नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाते हुए लाइसेंस रद्द कर सकता है। वहीं, हिमाचल नारकोटिक्स सेल भी नशीली दवाओं की सप्लाई को लेकर जांच कर रहा है अगर जांच में दवा की सप्लाई से जुड़ी खामियां मिलती हैं, तो नारकोटिक्स सेल भी मामला दर्ज कर सकता है। हालांकि पंजाब पुलिस की ओर से पूरे मामले का खुलासा किया जा चुका है। पंजाब पुलिस के डीजीपी की ओर से कहा गया था कि नशीली दवाओं के नेटवर्क को तोड़ा गया है, जो कि हिमाचल के बद्दी में फार्मा उद्योग से चल रहा था। डीजीपी पंजाब के अनुसार नेटवर्क पांच राज्यों में फैला हुआ था। डीजीपी पंजाब ने साफ कहा था कि बद्दी के इस उद्योग से नशीली दवाओं को नेटवर्क बड़े स्तर पर चल रहा था।

### लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : मनीष

स्टेट ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर का कहना है कि कमेटी का गठन कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अगर जांच में कंपनी प्रबंधन की लापरवाही आती है, तो कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। खामियां आने पर लाइसेंस भी सस्पेंड किया जा सकता है। नारकोटिक्स सेल भी अपने स्तर पर जांच कर रहा है।

### यह है मामला

पंजाब पुलिस ने मोहाली से बीते फरवरी माह में चार लाख के करीब नशीली दवाओं के साथ एक लाख ड्रग मनी समेत आरोपियों को गिरफ्तार किया था अभी तक सात आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि ये प्रतिबंधित दवाइयां बद्दी के उद्योग में बनी थी, जिसके बाद पुलिस ने उद्योग में दबिश दी। पांच राज्यों में चलाए गए इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पुलिस की ओर से कुल 7 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

# 'म्हारा निऊंदा करो तुस्से स्वीकार, पईली जूना खे पाओ वोट पाणे रा अधिकार'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**





डीसी सोलन मनमोहन शर्मा वरिष्ठ नागरिक मतदाता को सम्मानित करते हुए।

जिला सोलन में इस बार मतदाताओं को लोकसभा के चुनाव में भाग लेने और वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने और मत प्रतिशतता में बढ़ोतरी करने के दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा ने कंडाघाट तहसील में बाशा क्षेत्र के बगेटू गांव में शतायु मतदाता दलिया को यह आमंत्रण पत्र प्रदान कर इस अनूठे अभियान की शुरूआत की। सुव्यविस्थत मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत घर-घर आमंत्रण तथा बड़े स्तर पर यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। विशेष बात यह कि स्थानीय भाषा में यह आमंत्रण पत्र निऊंदा तैयार किया गया है। इसमें वोट पाणे री तारीख एक जून शनिवार, ज्येष्ठ 11 प्रविष्टे का उल्लेख कर स्थानीय जनमानस से जुड़ाव का प्रयास किया गया है। म्हारा निऊंदा करो तुस्से स्वीकार पईली जूना खे पाओ वोट पाणे रा अधिकार की अपील के साथ लोगों से अधिक से अधिक मतदान का आग्रह किया गया है। मतदान कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित करने के दृष्टिगत इसमें वोट पाईकी तुस्सा आपणा फर्ज जरूर निभाणा का प्रेरक संदेश भी है। डीसी ने बगेटू गांव पहुंचकर 105 वर्ष से अधिक आयु के दलिया राम को सम्मानित कर इस विशेष अभियान की शुरूआत की। दलिया ने बताया कि अभी तक के सभी चुनावों में उन्होंने मतदान केंद्र पर पहुंचकर हमेशा वोट डाला है। इस बार भी वे वोट डालने के लिए उत्सुक हैं और मतदान केंद्र 53/35 बाशा में जाकर ही वोट डालने की इच्छा है।

# सुमित सिंगला तुर्की में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



विजन फॉर एक्सेलेंस अंतरराष्ट्रीय विवि की ओर से इस्तांबुल में आयोजित तीन दिवसीय कनवोकेशन में विश्व भर के 40 देशों से डेलीगेट्स पहुंचे। भारत से क्योरटेक ग्रुप के मालिक व समाजसेवी सुमित सिंगला को इस्तांबुल के तुर्की में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

इस कनवोकेशन में विश्वविद्यालय में डॉ. जेम्स बनवेसा और डॉ. मालिनी इयागा नाथन ने एक भव्य समारोह के दौरान विश्व भर की उन हस्तियों को सम्मानित किया, जो कि अपने व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक दायित्व निभाने में भी अव्वल रहे। सुमित सिंगला को तुर्की में मिले सम्मान से भारत के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी विश्व स्तर पर रोशन हुआ है। सुमित को उनकी गुणवत्ता दवा निर्माण के साथ-साथ समाजसेवा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता आदि प्राप्तियों के चलते आने वाली जुलाई 18 को यूके की पार्लियामेंट में, अक्तूबर माह में रोमानिया में और उसके पश्चात नेपाल में भी सम्मानित किया जाएगा। कनवोकेशन में दुनिया भर से 40 डेलीगेट्स इस्तांबुल (तुर्की) पहुंचे, जिनमें से 28 को उनकी शानदार गतिविधियों के चलते डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

सुमित सिंगला भारत के आधिकारिक डेलिगेट के रूप में कनवोकेशन में हिस्सा लिया, जिसमें दवा निर्माण व उद्योग के विस्तार के साथ-साथ समाज सेवा में विजन पर इस ग्लोबल कांफ्रेंस में अपने विचार रखे। उन्होंने इस अवसर पर डेलीगेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व भर में दवा निर्माण के क्षेत्र में भारत एक वैश्विक फार्मेसी के रूप में कार्य करने के लिए प्रयास कर रहा है, जिसमें केंद्रीय सरकार की नीतियों के चलते यह संभव हो सकता है।

## युवक से 1.34 ग्राम चिट्टा बरामद

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एरिया में चिट्टा तस्कर लगातार सक्रिय चल रहे हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ छोटे-छोटे नशा तस्करों को पकड़ रही है, जबकि बड़े स्तर पर चिट्टे का कारोबार चलाने वाले आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही है। बद्दी पुलिस ने बद्दी में स्कूटी सवार हमीरपुर के युवक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर 1.34 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विकास कुमर बड़सर हमीरपुर से हुई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने रूटीन गश्त के दौरान स्कूटी सवार युवक को रोका, जिसकी शक के आधार पर तलाशी ली, तो युवक के पास से चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने कहा कि युवक को चिट्टे समेत गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 1.34 ग्राम चिट्टा मिला है और युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

# आनी में मिली 36 किलो चरस का तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



जिला कुल्लू के आनी के जंगलों में छिपाकर रखी गई 36 किलो चरस की बरामदगी के दौरान मौके से फरार तस्कर को पुलिस ने छापामारी कर पकड़ लिया।

जानकारी के मुताबिक आनी के कमांद क्षेत्र के कोहिला गांव का रहने वाले यह शख्स कई वर्षों से बड़े स्तर पर नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त था। उसके खिलाफ मंडी जिले के सुदंरनगर थाने में भी पॉपी हस्क की तस्करी का एक मुकदमा पहले से चल रहा है। एसपी सोलन गौरव सिंह के अनुसार इस नशे के नेटवर्क में अब तक की जांच में ढाई सौ से ज्यादा लोगों के शामिल होने की आशंका है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने देर सायं ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पूरे 29 घंटे की मेहनत करके जंगल में अलग-अलग स्थानों पर छिपाई गई चरस बरामद कर ली थी, लेकिन इस चरस को यहां छिपाने वाले मुख्य तस्कर झाबेराम पुलिस की कार्रवाई शुरू होते ही भाग खड़ा हुआ था। पुलिस ने उसकी तलाश में लगातार क्षेत्र में दबिशों का सिलसिला शुरू कर दिया। इससे उसे भागने का मौका नहीं मिल सका और पुलिस ने उसे दबोच लिया। झाबेराम आनी उपमंडल के कमांद क्षेत्र के कोहिला गांव का रहने वाला है। इस मामले में पहले गिरफ्तार किया गया हरजीत और आज पकड़ा गया झाबेराम काफी लंबे अरसे से नशे की गतिविधियों में संलिप्त थे और पुलिस के रडार पर थे।

# चिल्ड्रन पार्क से उठाया मलबा, लोगों को मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सोलन के चिल्ड्रन पार्क में गिराए मलबे को उठाने के बाद खुला-खुला दिखा पार्क।

नगर निगम ने आखिरकार चिल्ड्रन पार्क में दीवार तोड़कर किराए के मलबे को हटाने का कार्य कर दिया। इसके लिए ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी। इस पर यहां पड़े मलबे को उठा दिया। इस मामले को अनंत ज्ञान ने प्रमुख रूप से प्रकाशित किया था। पार्क से मलबा उठने के बाद यहां आने वाले सीनियर सिटीजन और बच्चों को राहत मिली है।

अब लोगों को पार्क में बैठने की सहूलियत मिलेगी। हालांकि अभी भी पार्क में नई दीवार निर्माण का कार्य शुरू किया जाना बाकी है, लेकिन मलबा उठने से लोगों को जरूर राहत मिली है।

चिल्ड्रन पार्क को सोलन शहर का सबसे पॉश क्षेत्र माना जाता है। शहर के अन्य पार्कों के मुकाबले यहां रोज बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन और छोटे बच्चे आते हैं।

चिल्ड्रन पार्क का टूटा फव्वारा, टूटा-फूटा बेंच आते-जाते राहगीरों को अपनी दुर्दशा की दास्तां सुनाते नजर आते हैं। इसी तरह पार्क के इर्द-गिर्द गिराई गई निर्माण सामग्री से उड़ती धूल फांकते लोग निगम की कार्यप्रणाली को कोसते दिखाई देते हैं।



रिटेनिंग वॉल के निर्माण में हो रही देरी
सीनियर सिटीजन सहित बच्चे झेल रहे परेशानी, नगर निगम और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल
आर मोहन चौहान, सोलन
चिल्ड्रन पार्क में लगे मलबे के ढेर
दीवारें का निर्माण तो हुआ मलबा नहीं उठाया

# 50 प्लस वर्ल्ड टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



टेनिस चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे हितेंद्र का सोलन पहुंचने पर स्वागत करते लोग।

मेक्सिको में आयोजित-50 प्लस वर्ल्ड टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सोलन के हितेंद्र पंवर ने देश के लिए सिल्वर पदक जीत कर इतिहास रच दिया। सोलन पहुंचने पर हितेंद्र पंवर का दुर्गा क्लब में शानदार स्वागत हुआ।

पंवर ने बताया कि भारतीय टीम ने पहला मैच कनाडा से 2-1 से जीता। इसके बाद गत विजेता फ्रांस को भी 2-1 और तुर्की को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश पाया। सेमीफाइनल में टीम ने ग्रेट ब्रिटेन की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में टीम इटली ने 2-1 से हराया। पंवर ने टेनिस क्लब सोलन का आभार जताया और कहा कि साथियों के सहयोग से ही उन्हें भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला।

# भाजपा नेता अधूरी जानकारी जुटाकर कर रहे अनाप-शनाप बयानबाजी : सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कसौली कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नवीन सूद ने पिछले दिनों बीजेपी राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की ओर से कसौली के विधायक व शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के बारे में की गई टिप्पणियों पर कड़ा एतराज जताया। सूद ने कहा कि भाजपा सांसद को आधी-अधूरी जानकारी उनके कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई है।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी कसौली विधानसभा क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय रहे हैं। 15 महीने के कार्यकाल में उन्होंने इतना विकास करवा दिया है, जो भाजपा अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में भी ना करवा सकी। आपदा के समय विनोद सुल्तानपुरी ने 25 जेसीबी मशीन पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगाकर, लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके टूटे हुए घरों, टूटी हुई सड़कों का पुनर्निर्माण करवाया व आपदा के समय उनके साथ खड़े रहे। दिन में 20-20 घंटे विनोद सुल्तानपुरी ने आपदा के समय अपने क्षेत्र में काम किया व पंचायतों के माध्यम से अपने क्षेत्र में करीब तीन करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत करवाए, जिनमें से अधिकतर पर काम चल रहा है व कुछ पर पूरा भी हो चुका है।

### सुल्तानपुरी ने जांगशु ओडा मार्ग का करवाया कार्य



आपदा के समय भी विनोद सुल्तानपुरी ने एनडीआरएफ बजट के तहत, कसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए 67 लाख पचासी हजार स्वीकृत करवाए, जिससे लोगों की टूटी हुई सड़क, गिरे हुए दंगे, क्षतिग्रस्त हुए मकान व रिटेनिंग वाल्स का निर्माण कार्य करवाया। इसके साथ ही विनोद सुल्तानपुरी ने गढ़खल बाइपास, धर्मपुर बाईपास का भी निर्माण कार्य भी शुरू करवाया व जांगशु ओडा मार्ग का निर्माण कार्य भी उन्होंने के द्वारा करवाया गया।

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान अंकुश शर्मा निवासी घुमारवीं बिलासपुर से हुई। बीते दिनों विशाल परमार निवासी नंगल नालागढ़ ने पुलिस में शिकायत दी थी कि पुराने बस अड्डे के पास से उसका किसी के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी किया गया था। पुलिस ने तुरंत शिकायत पर संज्ञान लिया और मामले की तफ्तीश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। डीएसपी ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार कर लिया है और चोरी का मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है।

# कांग्रेस विकास का दूसरा नाम : शांडिल

### बैनर में पार्टी के प्रत्याशी का फोटो लगाना भूली पार्टी, बाद में भूल सुधारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सोलन में कांग्रेस की बैठक।

ब्लॉक कांग्रेस सोलन में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को हुई बैठक में पार्टी नेताओं से बड़ी चूक हो गई। दरअसल पार्टी नेताओं ने जल्दबाजी में बैठक स्थल में मुख्यमंत्री सहित अन्य पार्टी नेताओं के बैनर तो लगाए पर पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी की फोटो बैनर में लगाना भूल गए।

आनन-फानन में बैठक के बाद में मीडिया के पहुंचने से पहले प्रत्याशी की फोटो मुख्यमंत्री के बैनर में लगाई गई। बैठक में सोलन के विधायक का प्रदेश सरकार में मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी के 13 मई सोमवार को होने वाले नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं को शिमला पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री व विधायक शांडिल को विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रचार का दायित्व सौंपा गया। उनके सहयोग के लिए ब्लॉक अध्यक्षों और मीडिया प्रभारियों को भी ड्यूटी तय की गई। शांडिल ने कहा कि कांग्रेस का दूसरा नाम विकास है। कांग्रेस काम करने में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा समाज को तोड़ने और नफरत फैलाने का कार्य करती है। प्रदेश सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में ओपीएस बहाली सहित आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के अलावा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम कक्षा शुरू की गई। सरकारी क्षेत्र में 21000 से अधिक रोजगार के उपलब्ध अवसर उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

## शिव महापुराण की कथा से मिलता है ज्ञानः अमित

**दाड़लाघाट।** मंदिर प्रांगण समलोह में चल रही श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का हवन और विशाल भंडारे के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया। पंचायत दाड़लाघाट के गांव कोटला पुजारिया निवासी कथावाचक अमित गंगेश्वर ने कहा कि इस सांसारिक युग में प्रत्येक मनुष्य के मन में लालच और लोभ की भावना जागृत हो जाती है, जिससे वह अपने लाभ के लिए धार्मिक कार्यों से हटकर पापों जैसे कार्य करने लगते हैं। ऐसे कार्य जिससे उनका जीवन नरक बनता चला जाता है, लेकिन ऐसे मनुष्य को शिव महापुराण की कथा सुनने से ज्ञान आता है।

**नुकसान** जंगलों को बचाने के लिए ठीकरी पहरों समेत वन कर्मियों की टीमें गठित

# दहक रहे जंगल, वन संपदा को हो रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नाहन के जंगल में लगी आग।

जिला मुख्यालय नाहन के साथ लगते जंगल लगातार दहक रहे हैं। गर्मियां शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाओं में इजाफा हुआ है, जिससे जहां वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है, तो वहीं वन विभाग को भी कड़ी मशक्त करनी पड़ रही है।

दूसरी और वन विभाग के अधिकारियों की माने तो आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग पूरी तरह से तैयार है। वन कर्मचारी की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए। वन विभाग के डीएफओ अवनी भूषण राय ने बताया कि अभी तक आधा दर्जन घटनाएं नाहन क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की सामने आई हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। वन संपदा को बचाने, जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने बताया कि समय रहते विभाग ने कंट्रोल वर्निंग, फायर वाचर तैनात किए हैं। कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। सभी वन कर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। जंगलों में 24 घंटे तैनात रहने आग की घटनाओं की सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# वशिष्ठ आश्रम बायरी में पहुंचीं भगवान परशुराम की पालकियां

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**



भगवान परशुराम की पालकियां इन दोनों प्रवास पर हैं। यह पालकियां कुछ दिनों तक लोगों के घरों में जाएंगी। वशिष्ठ आश्रम बायरी में जम्मू कोटी व कटाहा मंदिर की पालकियां लाई गईं, जहां गुरु गद्दी के संचालक दिनेश तास सत्यदेव सैनी, रविंद्र गुप्ता, इंद्र, प्रकाश गोयल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पालकियों का स्वागत किया।

रात्रि जागरण के बाद रविवार को पालकियों को विदा किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दिन जेठा रविवार होने के कारण लोगों को लौंग इलाइची अभिमंत्रित कर दिया गया। दिनेश दास ने बताया कि हर वर्ष भगवान परशुराम जयंती के बाद इस आश्रम में पालकी को लाया जाता है। इस दौरान यहां हिमाचल के अलावा हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, पंचकूला, उत्तराखंड से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# राष्ट्रीय राजमार्ग-705 पर दोची के पास सड़क पर पलटा ट्रक, लगा जाम

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल जुब्बल के दोची के पास रविवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 705 पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक को कोई भी चोटें नहीं आई हैं।

वहीं, इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर से गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है। दोनों तरफ बसें, गाड़ियां, गैस सिलेंडर के ट्रक जाम में फंस गए। उल्लेखनीय है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की लंबी दूरी पर जाने वाली कई बसें जाम में फंस गई। इसके चलते यात्रियों को भी काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। वहीं, पुलिस प्रशासन भी समय रहते घटनास्थल पर पहुंच गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क मार्ग के एक तरफ हटाया गया। (अनंत ज्ञान)



उपमंडल जुब्बल के दोची के पास पलटा ट्रक।

## मलबे को हटाकर वाहनों के लिए खोला रोड

**वहीं,** जेसीबी मशीन की मदद से सड़क के साथ पड़े हुए मलबे को हटाकर वाहनों की आवाजाही के लिए एक तरफा सड़क मार्ग खोल दिया गया है। वहीं, थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान ने बताया कि ट्रक को हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई हैं। लेकिन अस्थायी तौर पर मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया हैं। वहीं, एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-705 वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।

# शिलान्यास होने के बाद भी नहीं बना इंडोर स्टेडियम

## घुमारवीं में 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने किया था शिलान्यास, एक करोड़ का बजट भी करवाया था मंजूर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**मंत्री राजेश धर्माणी ने की थी स्टेडियम की घोषणा**

शिलान्यास करने के आठ साल बाद भी घुमारवी के युवाओं का इंडोर स्टेडियम का सपना पूरा नहीं हो पाया है। हलांकि तीन बीघा दो बिस्वा जमीन पर बनने वाले इस खेल स्टेडियम के लिए एक करोड़ रुपए का बजट पहले से ही विभाग के पास आ चुका है।

बताते चले कि साल 2016 में तत्कालीन विधायक और वर्तमान कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने इस इंडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। साथ ही तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने इसका शिलान्यास किया था। उन्होंने एक करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत किया था। यह बजट साल 2016 से ही लोक निर्माण विभाग के पास पड़ा हुआ है। लेकिन आज तक युवाओं का यह सपना पूरा नहीं हो पाया। सरकारें आई और चली गई। लेकिन हर बार स्टेडियम के नाम पर खेल ही खेला गया।

क्योंकि कुछ साल से खेल स्टेडियम के नाम पर सिर्फ स्थान बदलते रहे, लेकिन धरातल पर स्टेडियम बनाने के लिए कोई काम नहीं हो, लेकिन उसके बाद इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए एक भी ईंट नहीं लगाई गई है। लिहाजा, खिलाड़ियों का इंडोर स्टेडियम का सपना अभी तक अधूरा पड़ा है। हालांकि जब इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखी गई तो खिलाड़ियों में इंडोर स्टेडियम बनने को लेकर काफी उत्साह था, लेकिन उसके बाद इस ओर कोई भी प्रगति न होने के कारण खिलाड़ी निराश हैं, लेकिन अब स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने फिर से घुमारवीं मुख्यालय पर खेल गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा देने के प्रयास किए हैं। इसके तहत अब निशानदेही का कार्य हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### स्टेडियम बनाना जरूरी




**सुरजीत** पटियाल ने कहा कि घुमारवीं में इनडोर स्टेडियम बनना बहुत जरूरी है। क्षेत्र के युवा अपने अभ्यास के लिए दर-दर भटकते है। युवा खेल पर तभी ध्यान लगा पाएंगे जब उनको सुविधा मुहिया करवाई जाएगी। इस लिए जल्द इस समस्या का हल किया जाए।

### अभ्यास कर सकते हैं



**शिव** कुमार ने कहा कि घुमारवीं में अभी तक कोई भी स्टेडियम नहीं है, जिसपर युवा अभ्यास कर सकते है। इंडर स्टेडियम बनने से युवाओं को खेलो में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। खेलो में भाग लेने से युवा नशे से दूर रहेंगे।

### स्टेडियम बनने से युवाओं को मिलेगा लाभ

**इंडोर** खेल स्टेडियम का प्रस्ताव सिरे चढ़ता है तो इसका लाभ युवाओं को मिलेगा और खेल प्रतिभाओं को भी तलाशने में मदद मिलेगी। अभी तक खिलाड़ी बिना स्टेडियम की ही अभ्यास करते हैं। वर्ष 2016 में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास तो कर दिया गया। लेकिन उसके बाद खेल विभाग, प्रशासन और लोक निर्माण विभाग औपचारिकताएं पूरी करने में ही उलझता रहा। लिहाजा, लोक निर्माण विभाग, खेल विभाग और प्रशासन ने इस औपचारिताओं को पूरा करने में पूरे आठ साल लगा दिए।

# सीधी भर्ती वाले प्रवक्ताओं के भ्रामक आंकड़ों से गुमराह न हों : यशपाल

**अनंत ज्ञान, दधोल**

हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ ने मांग की है कि सरकार के सीधी भर्ती वाले प्रवक्ताओं के भ्रामक आंकड़ों से गुमराह न हो। संघ के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल रनौत ने बयान जारी करते हुए कहा कि इससे पूर्व भी वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के समय भी ये लोग भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत करके इस कोटे को अपने पक्ष में 10 प्रतिशत बढ़ाने करने की घोषणा करवा चुके हैं।

तब 26 हजार के टीजीटी कैडर ने इस प्रकार के बदलाव करने का जबरदस्त विरोध किया था। क्योंकि सीधी भर्ती वाले प्रवक्ता संघ की कुल संख्या नौ हजार है। उन्हें प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति के लिए 50-50 कोटे के आधार पर 1006 पद आरक्षित हैं, परंतु 26 हजार के टीजीटी कैडर, जिसमें 16 हजार टीजीटी, 9 हजार पदोन्नत प्रवक्ता एवं 972 मुख्याध्यापक आते हैं के लिए भी प्रधानाचार्य के 1006 पद ही हैं। एक टीजीटी 25 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद मुख्याध्यापक के पद पर पदोन्नत होता है तथा उसे प्रधानाचार्य बनने में 30 से अधिक साल देखने पड़ते हैं।

इसलिए तत्कालीन सरकार ने चार संघों के विरोध के चलते उनकी मांग को सिरे से खारिज कर दिया था। प्रोमोटी लेक्चरर का अपना संगठन हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ 1999 से मान्यता प्राप्त है। संघ की मुख्य मांग प्रवक्ता वर्ग के प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति हेतु वर्तमान 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे में से उनके लिए अलग 50 प्रतिशत कोटे की है।

### जल्द भरे जाएं पद

**मुख्याध्यापक** कोटे से प्रधानाचार्य के रिक्त चल रहे 240 से अधिक पदों को उन्हीं के कैडर से भरा जाए तथा मुख्याध्यापकों के खाली चल रहे 400 से अधिक पदों को भी चुनाव आयोग से अनुमति लेकर शिघ्रातिशीघ्र भरा जाए।

# नयनादेवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, श्री नयनादेवी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में आज रविवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और माताजी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।

रविवार सुबह से ही पंजाब, हिमाचल हरियाणा दिल्ली और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचना शुरू हो गए थे और मंदिर के आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने जहां पर माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं पर प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डाली। मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और उन्हें लाइनों में ही माता जी के दर्शन के लिए भेजा गया। जबकि मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भी भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और फ्लाईओवर के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर भेजा। मंदिर के मुख्य द्वार और निकासी द्वार पर पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा ठंडे पर जल की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं ने काफी राहत की सांस ली।






**जुब्बल।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत बढ़ाल के राईका बूथ की बैठक बूथ अध्यक्ष प्रकाश झगटा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में जोन प्रभारी यशोधर तांटा, पंचायत समिति बढ़ाल व धार की सदस्य मीनाक्षी तांटा, उपप्रधान ग्राम पंचायत बढ़ाल विरेंद्र तांटा, वार्ड सदस्य तिरलोक, कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तंभ उदम लाल रिल्टा, महिला मंडल बौली की प्रधान सुनीता रिल्टा, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बैठक में आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई और प्रचार प्रसार की रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई।

# घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत जागरूकता कैंपेन 15 मई से

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संस्कार सोसायटी घुमारवीं 15 मई से घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी जागरूकता कैंपेन का आयोजन करने जा रही है। यह जानकारी संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने देते हुए कहा कि संस्था घुमारवीं उपमंडल के स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजित करवा रही है।

इसमें घुमारवीं उपमंडल के निजी व सरकारी स्कूलों के बच्चों को पेंटिंग के माध्यम से नशे के बारे में जागरूक किया जाएगा। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा आज समाज की बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है इसलिए संस्था बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए घुमारवीं के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान चला रही है। इस अभियान में शिक्षण संस्थानों में पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। इसमें प्रथम, द्वितीय हुआ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था पुरस्कृत करेगी। साथ ही स्कूल में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपमंडल स्तर पर पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

उपमंडल स्तर पर विजेताओं को संस्कार सोसायटी के संस्कार उत्सव 2024 में संस्था सम्मानित भी करेगी। उन्होंने कहा कि संस्था पिछले कई महीनों से घुमारवीं उपमंडल के गांव-गांव में जाकर पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों और गांव के प्रबुद्ध लोगों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर रही है और घुमारवीं के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, आईटीआई में जाकर संस्था के लोग बच्चों को चिट्टे के दुष्प्रभावों से अवगत करवा रहे हैं।

# विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने यहां बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दुरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आपसी सहमति से निपटाए 2,170 केस

**बिलासपुर।** लंबित मामलों की संख्या कम करने और पक्षकारों के बीच समझौते के आधार पर मामले हल करने को लेकर जिले की सभी अदालतों मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर की सचिव मनीषा गोयल ने बताया कि लोक अदालतों में कुल 3,421 मामले आपसी सहमति से निपटारे के लिए लगाए गए थे, जिनमें 532 कोर्ट में लंबित मामले, 211 पूर्व मुकदमेबाजी मामले और 2,678 यातायात चालान से संबंधित मामले थे। इनमें से कुल 2,170 मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया।

# ज्येष्ठ देवठी माता महेश्वरी मंदिर शड़ी मतियाना में पेश किया चोल्टू देव नृत्य

**अनंत ज्ञान, ठियोग**

जिला शिमला की ज्येष्ठ देवठी माता महेश्वरी मंदिर शड़ी मतियाना में परंपरागत तीन दिवसीय विशु मेले का विधिवत समापन हुआ। इस विशु मेले में तहसील ठियोग की चार बड़ी देवठियों के देवलूओं ने भाग लेकर प्राचीन देव परंपराओं का निर्वहन किया।

विशु मेले में पहले दिन चिखड़श्वर देवता चिखड़ और कनलेश्वर देवता घनौरी के देवलूओं ने और दूसरे दिन डोम देवता गुठान तथा कालू नाग देवता जदून के देवलूओं ने शिरकत की। मेले में विभिन्न देवठियों से आए देवलुओं ने प्राचीन चोल्टू नृत्य पेश कर खूब समां बांधा और रात को नाटियों का दौर भी चलता रहा। विशु मेले के अंतिम दिन माता महेश्वरी ने अपने गुरु के माध्यम से कार कारिंदों को देव नीति के निर्वहन की नसीहत दी और क्षेत्र वासियों तथा दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को सुख समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर माता महेश्वरी के देवा नारायण दत्त शर्मा, पुजारी केशव राम शर्मा, ऊदीराम शर्मा, नारायण दत्त, ठगड़े मदन चौहान, नवीन ठाकुर, राजीव ठाकुर, भंडारी कृष्ण लाल, दुर्गा सिंह ठाकुर, बाहरी देवठियों से आए देव कारदार, कमेटी सदस्य और मतियाना परगना सहित बाहरी क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर चोल्टू देव नृत्य पेश करते देवलू।

## विशु मेले की देव परंपरा और इतिहास

**विशु** मेला प्राचीन देव परंपरा है और ऊपरी शिमला की विभिन्न देवठियों में इसे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। वैशाख मास की संक्रांति से जिला शिमला की विभिन्न देवठियो में विशु मेले आरंभ होते हैं और अलग-अलग तिथियां में विभिन्न जगहों पर मनाए जाते हैं। जिला शिमला के माता माहेश्वरी मंदिर शडी मतियाना में 27, 28, 29 वैशाख को हर वर्ष विशु मेले का आयोजन होता है। यह हिमाचल की एकमात्र ऐसी बड़ी देवठी है जहां पर आज भी प्राचीन परंपरा अनुसार क्षेत्र की चार देवठियों के देवलू भाग लेते हैं। बिशु मेले में देवलू देवी देवता देव छड़ियों के साथ आते हैं और परंपरागत देव मिलन की रस्मों को पूरा किया जाता हैऔर देवी देवता अपने गुरु के माध्यम से लोगों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसके अलावा देवलुओं द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिए प्राचीन चोल्टू देव नृत्य का भी आयोजन किया जाता है।

# ब्रदरहुड संस्था ने आईएएस विवेक चंदेल को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला से संबंधित विवेक चंदेल को हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में सम्मिलित होने पर बिलासपुर की 'ब्रदरहुड' संस्था द्वारा स्थानीय होटल लेक व्यू में सम्मानित किया गया।

विवेक चंदेल 2004 बैच के एचपीएएस अधिकारी रहे हैं जिन्हें हाल ही में प्रदेश के अन्य पांच अधिकारियों के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा में सम्मिलित किया गया है। विवेक चंदेल बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय में बीएससी, प्रदेश विश्विद्यालय में एलएलबी, एवम एमबीए के छात्र रहे हैं तथा वर्ष 2004 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रशासनिक सेवा परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया था। 37 बार रक्तदान कर चुके विवेक जिला में आयोजित होने वाली सामाजिक गतिविधिओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के मत्स्य विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत सौम्यभाषी एवम कार्यकुशल विवेक चंदेल ने प्रदेश की प्रशासनिक सेवा के दौरान राजगढ़, सोलन, सुंदरनगर में एसडीएम, मंडी एवम किन्नौर जिला में एडीएम तथा सोलन में एडीसी के पद पर सेवाएं दीं तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर विवेक चंदेल की धर्मपत्नी तथा हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में जीव-विज्ञान की प्रवक्ता दिव्या चंदेल एवम सीनियर मैनेजर, अर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस विकास चंदेल भी उपस्थित रहे।


विवेक चंदेल को सम्मानित करते सदस्य।

# छह तहबाजारियों का सामान किया जब्त

## लोअर बाजार में नगर निगम शिमला के कर्मचारियों ने की कार्रवाई

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार तहबाजारियों पर निगम का डंडा चला है। नगर निगम की टीम ने लोअर बाजार से छह तहबाजारियों सामान किया जब्त किया है। हर रविवार को निगम का डंडा तहबाजारियों पर चलाता है। लोअर बाजार में बाहरी राज्य से व्यापारी अपना समान बेचने को आते है।

नगर निगम ने फैसला लिया है कि हर रविवार को निगम की टीम पुलिस के साथ लोअर बाजार का निरीक्षण करेगी। पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते है। शिमला व्यापार मंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। नगर निगम प्रशासन हर रविवार को इसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती हैं। कई जगह तहबाजारी दुकानों के सामान ही अपनी पोटली खोलकर दुकान लगा देते है। ऐसा करने से बाजार की सड़क और तंग हो जाती है। संडे मार्केट में सामान काफी सस्ता मिलता है। ऐसे में रविवार को खरीदारी के लिए भीड़ रहती है। इसके कारण लोगों को यहां पर चलने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर में अतिक्रमणकारियों ने इतने पैर पसार लिए हैं कि सड़कें तंग होकर रह गई हैं। लोगों का बाजार से गुजरना किसी मुसीबत से कम नहीं है। रही सही कसर दुकानदारों ने दुकान के आगे लगाए ओवर हैंगिंग ने पूरी कर दी है। खासकर लोअर बाजार, राम बाजार, रिवोली टनल के पास अतिक्रमण चरम पर है। (अनंत ज्ञान)

### मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे

**नगर** निगम आयुक्त भूपेंद्र सिंह अत्री का कहना है कि मना करने के बाद भी तहबाजारी और कुछ दुकानदार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। अगर किसी तहबाजारी का सामान बार -बार निगम ने उठाया जा रहा है तो उसे समझना चाहिए कि वह नियमों के विरुद्ध जाकर अपना सामान सजा रहा है। इस तरह की मनमानी को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहबाजारी हाई कोर्ट के नियमों को दरकिनार कर अपनी मर्जी चला रहे हैं, जिस वजह से इनका सामान उठाना पड़ा।

# अग्निवीर योजना देश के युवाओं के साथ धोखा : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अग्निवीर योजना देश के युवाओं के साथ बड़ा धोखा है यह कहना है प्रदेश कांग्रेस मीडिया को-ऑर्डिनेटर व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश मे सेना की भर्ती के लिए आजादी के उपरांत हमेशा ठोस कदम बनाए थे और देश के सैनिकों की मान-प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस हमेशा वचनबद्ध रही, लेकिन मौजूदा भाजपा की केंद्र सरकार ने सैनिकों की भर्ती के अग्निवीर जैसी योजनाओं को थोप पर देश की सेना और सैनिकों से खिलवाड़ किया है। इतना ही नहीं देश मे अग्निवीर योजना के खिलाफ चला आंदोलन जबरदस्ती केंद्र सरकार ने दबा दिया था। संदीप सांख्यान ने कहा कि इस योजना से देश की सेना की वीरता पर सवाल उठने लाजमी है। उन्होंने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हैं हुए कहा है कि जिस तरह से भाजपा व केंद्र सरकार की सोच हमेशा देश को दुर्भाग्यपूर्ण व्यवस्था में ले जाती है यह योजना भी ऐसी ही है।

# ठैला के किसान भोपाल सिंह को महाराष्ट्र में मिलेगा जैन कृषि उद्यमिता पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

शिमला जिला के बसंतपुर विकास खंड के ठैला गांव के प्रगतिशील किसान भोपाल सिंह ने प्राकृतिक कृषि में अनेक ऐसे अनूठे प्रयोग किए हैं, जिसके कारण भारत कृषि मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना पाए हैं। कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए विभिन्न संगठनों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

इसी कड़ी में जैन इरिगेशन द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जाएगा। गौर हो कि भोपाल सिंह ने कृषि व पशुपालन में पहले भी विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उन्हें कृषि मंत्रालय के आमंत्रण पर 26 जनवरी को राजधानी दिल्ली में हुई भव्य परेड के दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर भी सम्मिलित होने का अवसर प्रदान हुआ है। इससे गौरवान्वित भोपाल सिंह ने एक खास बातचीत में अपने कृषि अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने बताया की पिछले 10 साल से उनकी पत्नी डिस्क प्रॉब्लम की पेशेंट थी और खेतों में प्राकृतिक तौर तरीकों से कम करना उनके लिए टेडी खीर बन गया था, लेकिन मशीनों की मदद से आज वो खुद ट्रैक्टर चलाती है।

बता दें की शिमला जिला के छोटे से गांव से संबंध रखने वाले इस प्रगतिशील किसान को कृषि के क्षेत्र में दो नेशनल अवॉर्ड और सात स्टेट अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। बहरहाल जैन इरिगेशन द्वारा किसान भोपाल सिंह को जैन इरिगेशन के महाराष्ट्र के जलगांव में जैन कृषि उद्यमिता पुरस्कार 2024 से नवाजा जाएगा। कृषि क्षेत्र में इस किसान की यह बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**प्रतियोगिता** | तीन दिन तक चली स्पर्धा में छह जिलों के 180 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

# रग्बी खेल प्रतिस्पर्धा में छाईं सोलन की लड़कियां

**अनंत ज्ञान-नेरवा, चौपाल**

जिला कुल्लू के निरमंड में रग्बी फुटबॉल संगठन हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में तीन दिवसीय वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग की राज्य स्तरीय रग्बी खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में प्रदेश के छह जिला के 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता निदेशक राकेश ठाकुर ने बताया कि जूनियर सेशन बालिका वर्ग में जिला सोलन प्रथम स्थान पर रहा जबकि दूसरे स्थान पर जिला शिमला ने कब्जा जमाया। वहीं, ब्वाय जूनियर सेशन में जिला सिरमौर प्रथम तथा जिला कुल्लू द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि ब्वायज सीनियर सेशन में जिला सिरमौर तथा जूनियर सेशन में जिला कुल्लू ने बाजी मारी। बालिका सीनियर सेशन में जिला सिरमौर तथा जिला बिलासपुर दूसरे स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल खेल प्रतिस्पर्धा के मापदंडों के मूल्यांकन के लिए रग्बी इंडिया के चयनकर्ता के रूप में पुलकित और आयुष ने अपनी बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए जून में पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम का चयन किया। गौर रहे कि राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ हिमाचल में भी रग्बी फुटबॉल खेलों को ए श्रेणी में रखा गया है। इसमें निर्धारित तीन फीसदी कोटा के तहत भी प्रदेश के खिलाड़ियों को अब फायदा मिलेगा। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान ग्राम पंचायत भालसी अमर सिंह उपस्थित रहे। जबकि विनोद शहजादा, सनी दयाल, कुलवंत सक्सेना, महेंद्र तथा अनिल ठाकुर ने अपनी बतौर विशेषातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए विजेता व उपविजेता खिलाडियों को पारितोषिक से नवाजा।


प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

### शुभकामनाएं दीं

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष प्रिंसेस दिव्या, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव भिख्टा, सुधीर एवं अतर राणा ने रग्बी फुटबॉल इंडिया, प्रतियोगिता के पदाधिकारियों, चयनकर्ता तथा स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी जिलों के खिलाड़ियों को सफल आयोजन को शुभकामनाएं दी।

# सनरॉक प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृत्व दिवस

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

सनरॉक प्ले स्कूल में मातृत्व दिवस का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्ले स्कूल की प्रिंसिपल शेलजा अमरेईक ने जानकारी दी कि मातृत्व दिवस हर साल मां और उसके मातृत्व को सम्मान तथा आदर देने के लिए हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार के दिन मनाया जाता है।

इस दिन को मनाने के लिए माताओं को खासतौर पर स्कूल में आमंत्रित किया गया था। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ मातृ-दिवस के लिए शिक्षिकाओं व समस्त स्टाफ ने खास तैयारियां की थी। वहीं, बच्चों द्वारा अपनी मां को एक खास कार्ड (खुद बच्चों के द्वारा बनाया गया) अनपेक्षित उपहार स्वरूप प्रदान कर आश्चर्यचकित किया गया। बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं के संग खूब मस्ती की और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्ले स्कूल की प्रिंसिपल शैलजा अमरेईक व स्टाफ ने भी बच्चों के संग मातृत्व दिवस का आनंद लिया व समस्त माताओं को इस अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

स्कूल की प्रधानाचार्य, शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रहा है । सनरॉक प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है तथा संबधित क्षेत्र के लोगों की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रत्यनशील है।

# पीओके भारत का हिस्सा हम इसे वापस लेंगे : शाह

**एजेंसी, कौशांबी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस चाहते है कि हम पाकिस्तान का सम्मान करें, लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम इसे वापस लेंगे।



उन्होंने कहा कि क्या पीओके वापस नहीं लिया जाना चाहिए? कांग्रेस ने कश्मीर को वर्षों तक नाजायज औलाद की तरह रखा, लेकिन हमने अनुच्छेद-370 खत्म किया, वहां आतंकवाद खत्म किया और अपनी सीमाएं सुरक्षित कीं। यहां तक कि एक बच्चा भी कश्मीर के लिए खुशी-खुशी अपनी जान दे देगा। वोट बैंक तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस और सपा की आलोचना करते हुए अमित शाह ने कहा कि इन पार्टियों ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया, लेकिन वे अपने वोट बैंक के कारण नहीं आए। यह उनका वोट बैंक था, जिसने काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था और मोदी ने इसे फिर से बनाया।

## संदेशखाली विवाद: टीएमसी के दावों के जवाब में भाजपा ने जारी किया वीडियो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संदेशखाली विवाद को लेकर टीएमसी की ओर से जारी वीडियो के जवाब में भाजपा ने भी नया वीडियो जारी किया है। वीडियो में पीड़िता खुद कह रही है कि परिवार को बचाने के लिए झूठ बोला गया था। संदेशखाली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

कुछ दिन पहले टीएमसी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो शेयर किया था। इसके जवाब में अब भाजपा ने लेटेस्ट स्टिंग वीडियो अपडेट किया है। इसमें महिला कह रही है कि उसे झूठ बोलने के लिए मजबूर किया गया था। शुक्रवार को भाजपा की ओर से जारी वीडियो में एक महिला आरोप लगा रही थी कि उसे झूठ बोलने के लिए मजबूर किया गया था।

इस स्टिंग वीडियो को काफी एडिट भी किया गया था। वीडियो में वही महिला नजर भी आ रही है जो 4 मई के कथित वीडियो में नजर आ रही थी। उसने कहा कि मुझे अपने पति और बच्चे को बचाने के लिए झूठ बोलना पड़ा था। महिला ने कहा कि वीडियो में दो से तीन लाइनें ही दिखाई गई थीं। मुझे धमकी दी गई थी कि ऐसा नहीं करूंगी तो पति और बच्चे को कुछ भी हो सकता है। मजबूरी में स्टिंग वीडियो में ये सब बोलना पड़ा।

## दिल्ली मेट्रो स्टेशनों में लिखे खालिस्तान के समर्थन में नारे

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। इस बीच दिल्ली में खालिस्तान के समर्थन में नारा लिखा दिया गया। इस खबर के सामने आने के बाद से हड़कंप मचा हुआ। दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशनों के नीचे यह नारे लिखे गए हैं। दीवार पर %खालिस्तान जिंदाबाद% लिखा हुआ मिलने से सनसनी मची हुई है। मेट्रो स्टेशन के नीचे खालिस्तान के समर्थन में यह नारा किसने लिखा है? अभी इसके बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका है।



## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने फिलीपींस के साथ बनाया स्क्वॉड

**वॉशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर में ताइवान को लेकर युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं, चीन और फिलीपींस के बीच हाल के दिनों में तनाव देखा गया है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस के समकक्षों की मेजबानी की जिसे स्क्वॉड कहा जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत का एक क्वाड समूह भी है, जिसे चीन के खिलाफ बनाया गया था, लेकिन अब फिलीपींस को भारत की जगह लाने से माना जा रहा है कि क्वॉड की प्रासंगिकता खत्म हो रही है। ऑस्टिन ने दावा किया कि नया स्क्वॉड ग्रुप एक दीर्घकालिक सुरक्षा समूह के रूप में मजबूत हो रहा है। भारत को किनारे लगाने के सबसे बड़ा कारण रूस के साथ उसकी दोस्ती माना जा रहा है।

### नासा ने साझा कीं सूर्य पर हुए विस्फोटों की तस्वीरें



**न्यूयार्क।** नासा ने सूर्य की सतह पर शुक्रवार और शनिवार को हुए दो विस्फोटों को रिकॉर्ड किया है। इस दौरान सूर्य से फ्लेयर्स भी निकले।नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने यह नाजारा कैद किया। नासा ने एक बयान में कहा 10-11 मई, 2024 को सूर्य से दो फ्लेयर्स निकले। 10 मई, रात्रि 9:23 बजे और 11 मई को सुबह 7:44 बजे ये चरम पर थे। नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने घटनाओं की तस्वीरें खींचीं। ये तस्वीरें नासा ने एक्स पर पोस्ट कीं।

### इंडोनेशिया में बाढ़; 15 की मौत, दर्जनों घायल



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में अगम रीजेंसी में अचानक आई बाढ़ के कारण 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बीएनपीबी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने रविवार को बताया, '11 शव कैंडुआंग और चार अन्य शव सुंगई पुआ जिले में मिले हैं। जानकारी के अनुसार कई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ ने कैंडुआंग, सुंगई पुआ और आईवी कोटो जिलों को अपनी चपेट में ले लिया। कैंडुआंग जिले में घरों, पब्लिक सुविधाओं और दुकानों समेत 90 इमारतें जलमग्न हो गईं। इसी बीच, आईवी कोटो जिले में 60 लोग विस्थापित हुए हैं।

### स्वीडन पहुंची इसराइल विरोध-प्रदर्शन की आग



**स्वीडन।** इसराइल ने हमास के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से गाजा पर लगातार हमले कर रहा है। इस हमले के चलते दुनिया के अलग-अलग देशों में यहूदियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसमें एक शख्स का नाम जुड़ गया है, जो पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती है। वह कोई और नहीं ग्रेटा थनबर्ग हैं। वह हाल ही में स्वीडन के माल्मो में यूरोविजन स्थल के बाहर हो रहे इसराइली विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुई थीं।

### चार धाम यात्रा पर अब तक 5 श्रद्धालुओं की मौत

**केदारनाथ।** चारधाम यात्रा शुरू हुए 2 दिन हो गए हैं। केदारनाथ के कपाट 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन खोल गए थे। वहीं, 12 मई से बद्रीनाथ धाम के भी कपाट खुल रहे हैं। अब तक 2 दिन में चार धाम यात्रा पर 5 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। जिस दिन केदारनाथ के कपाट खोल गए थे, उसी दिन 10 मई को उत्तरकाशी में हादसा हुआ था, इस हादसे में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। सभी मरने वाले तीर्थ यात्री यमुनोत्री धाम के दर्शन करके वापस लौट रहे थे। 11 मई को यमुनोत्री धाम के दर्शन करने गए 3 श्रद्धालुओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इस समय उत्तराखंड में मौसम खराब रहने वाला है। वहीं, मौसम विभाग ने भी खराब मौसम को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।

### शेर्पा ने एवरेस्ट चढ़कर बनाया विश्व रिकॉर्ड



**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामरिता शेर्पा ने रविवार सुबह 29वीं बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ कर नया विश्व कीर्तिमान बनाया है। कामरिता ने अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए रविवार सुबह 7 बज कर 55 मिनट पर एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर नेपाल का झंडा फहराया। सेवेन समिट ट्रेक की तरफ से बयान जारी कर कामरिता के एवरेस्ट शिखर पर पहुंचने की जानकारी दी गई। इससे पहले 28 बार एवरेस्ट समिट कर चुके कामरिता के नाम ही विश्व रिकॉर्ड था। पिछले वर्ष ही एवरेस्ट का सफल आरोहण करने के बाद इस वर्ष फिर से उन्होंने सफल आरोहण का कीर्तिमान अपने नाम किया है। 1970 में नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में जन्मे कामरिता बहुत ही कम उम्र से एवरेस्ट की चढ़ाई करते आ रहे हैं।

### पेरिस ओलंपिक के लिए कड़ा अभ्यास : हरमनप्रीत



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही, जिनमें सुधार की जरूरत है और वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है।

### विराट कोहली को सलाह देना ठीक नहीं : हेडन



**नई दिल्ली।** आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले विराट कोहली की बल्लेबाजी पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। खासकर, टी-20 फॉर्मेट में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर दिग्गज अपना बयान देते रहे हैं, लेकिन इस सीजन विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है। दरअसल, अब तक इस सीजन विराट कोहली 12 मैचों में 153.51 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बना चुके हैं। ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर चल रहे हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का बयान आया कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए। ऐसे खिलाड़ियों का खेल वक्त के साथ खुद ब खुद बेहतर होता जाता है।

### रोहित और पंड्या की फॉर्म चिंता का विषय: पठान



**नई दिल्ली।** आईपीएल में रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म मुंबई इंडियंस की परेशानियों में इजाफा कर रहा है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के खराब फॉर्म पर टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने ट्वीट किया है। हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा का फॉर्म मुंबई के अलावा इंडिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन उम्मीद करते हैं कि दोनों दिग्गज जल्द फॉर्म में वापसी करेंगे। दरअसल, इस सीजन रोहित शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शतक जरूर बनाया, लेकिन बाकी मैचों में निराश किया है। अब तक इस सीजन रोहित शर्मा ने 29.08 की एवरेज से 349 रन बनाए हैं।

### इंटर मियामी ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराया



**मॉन्ट्रियल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले, जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में यह मैच में यह पहला अवसर है, जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायां घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान में ही डटे रहे।

### अमेरिका के बार में गोलीबारी, आठ की मौत

**वाशिंगटन।** इक्वाडोर के एक बार में जन्मदिन के जश्न के दौरान हुई गोलीबारी में आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सांता ऐलेना प्रांत में हुई और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह हमला उसी व्यक्ति पर किया गया था, जिसने आयोजन किया था। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमलावर एक टैक्सी और दो मोटरसाइकिलों में सवार थे। उन्होंने क्विटो से 185 मील (300 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में चांदुय शहर के बार में गोलीबारी की। घटना के बाद कुछ शव बार के बाहर पाए गए।

## अमेरिका के कॉलेज और विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के नार्थ कैरोलिना से लेकर कैलिफोर्निया तक स्थित कॉलेज और विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों द्वारा फलस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन किए जाने की छिटपुट घटनाएं समाने आई।

वहीं, वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी में गवर्नर ग्लेन यंगकिन के संबोधन के दौरान सैकड़ों स्नातक छात्र बाहर चले गए। अमेरिका के डब्ल्यूआरआईसी टीवी चैनल के मुताबिक, रिपब्लिकन गवर्नर के भाषण के दौरान अनुमानित 100 छात्र उठकर बाहर चले गए और उनमें से कुछ छात्रों और उनके परिजनों ने फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया तो कुछ ने यंगकिन की शिक्षा नीतियों की आलोचना की। विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय के कैंप रांडेल स्टेडियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुछ फलस्तीन समर्थकों ने एक मौन विरोध-प्रदर्शन किया।

## इसराइल के कट्टर दुश्मन ईरान ने दी परमाणु बम की धमकी

**एजेंसी, तेहरान**

गाजा में इसराइली अभियान के बीच कट्टर शिया इस्लामिक देश ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के एक सलाहकार की टिप्पणी ने मध्य पूर्व में युद्ध के फैलने का खतरा बढ़ा दिया है।

ईरानी अधिकारी ने कहा है कि अगर इसराइल उनक देश के अस्तित्व के लिए खतरा बना तो ईरान अपनी परमाणु नीति बदल देगा। उन्होंने कहा कि ईरान पर कोई खतरा उसे परमाणु हथियार न बनाने का अपना फैसला बदलने को मजबूर करेगा। ईरान अब तक कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्येश्यों के लिए है। हालांकि, इसराइल और पश्चिमी देश आरोप लगाते हैं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिश कर रहा है। खामनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने कहा कि हमने अभी तक परमामु बम बनाने का कोई निर्णय नहीं लिया है, लेकिन अगर ईरान के अस्तित्व को खतरा होता है तो हमारे सैन्य सिद्धांत को बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।



## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में चार टीटीपी आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों के हाथों प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' (टीटीपी) के चार आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें एक 'लक्षित हत्यारा' (टारगेट किलर) शामिल है।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद- रोधी विभाग (सीटीडी) ने लाहौर में अप्रैल में पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में पिछले हफ्ते टीटीपी के 'लक्षित हत्यारे' फैजान अहमद बट को गिरफ्तार किया था। सीटीडी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि सीटीडी की टीम रविवार तड़के 'लक्षित हत्यारे' बट को हथियारों की बरामदगी के लिए लाहौर के बाहरी इलाके में स्थित करोल जंगल में ले गई। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो हथगोले बरामद किए गए।

### मेक्सिको-ग्वाटेमाला में भूकंप के झटके

**तापचूला।** मेक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा पर रविवार तड़के भूकंप का जबरदस्त झटका महसूस किया गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सुचियाटे के निकट सुबह लगभग छह बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है, लेकिन सीमा के निकट पहाड़ी और दूरदराज के हिस्सों में भूस्खलन का खतरा है। भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 थी और भूकंप का केंद्र जमीन से 47 मील की (75 किलोमीटर) गहराई में स्थित था।

## भारत में घुसा पाकिस्तानी नागरिक बीएसएफ ने रेंजर को सौंपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पाकिस्तान रेंजर को सौंप दिया। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध हरकत देखी, जो पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ की ओर आने लगा था। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को चुनौती दी और शाम करीब 05:37 बजे सीमा बाड़ के पास उसे पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर कि व्यक्ति अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

पाकिस्तानी नागरिकों की अनुचित आवाजाही को रोकने में उनकी विफलता पर चिंता व्यक्त करने के लिये पाक रेंजर के साथ एक फ्लैग मीटिंग आयोजित की गई।

### पाकिस्तान: उत्तरी वजीरिस्तान में 7 सुरक्षाकर्मी ने गंवाई जान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादियों के द्वारा हमले किए गए, जिसमें जानकारी सामने आई है कि करीब 7 सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो लोग घायल हुए हैं। सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हासन खेल क्षेत्र के पहले हमले में पांच सुरक्षाकर्मी ने अपनी जान गंवा दी है और दो कर्मी घायल भी हुए। यह क्षेत्र अफगानिस्तान से लगी सीमा में आता है। सैन्य कर्मियों ने हमले के बाद उस क्षेत्र को अब ब्लॉक कर दिया गया है।

### ईशा, अनीष की ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत

**नई दिल्ली।** शईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को क्रमश: महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी। मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं।

## चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया

### कप्तान गायकवाड ने नाबाद 42 रन बनाए, सिमरजीत ने 3 विकेट झटके

**एजेंसी, चेन्नई**

**चेन्नई** सुपर किंग्स ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। इस जीत से चेन्नई अंक तालिका में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं।



**अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची चेन्नई**

एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया। जवाब में चेन्नई ने 18.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड ने नाबाद 42 रन की पारी खेली। वहीं सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उन्हें इस परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, राजस्थान के लिए रियान पराग ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके।

**राजस्थान रॉयल्स टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 142 रन का दिया था लक्ष्य**

गायकवाड ने 41 बाल पर नाबाद 42 रन की पारी खेली। रचिन रवींद्र ने 27, डेरिल मिचेल ने 22 और शिवम दुबे ने 18 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने 2 विकेट झटके। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। वहीं रवींद्र जडेजा ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए।

### गुजरात टाइटंस का आज मजबूत केकेआर से सामना

**अहमदाबाद।** कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं।

## केकेआर के बल्लेबाज रमनदीप पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रमनदीप सिंह पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा है।

रमनदीप पर यह जुर्माना आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन की वजह से लगा। रमनदीप सिंह पर कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले मैच में आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। उल्लेखनीय है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार रात को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। बारिश से बाधित यह मुकाबला 16-16 ओवर का हुआ।

## जिंबॉब्वे ने बांग्लादेश को 8 विकेट से दी शिकस्त

**एजेंसी, ढाका**

कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिंबॉब्वे ने रविवार को पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप नहीं करने दिया।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जिंबॉब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। बांग्लादेश ने यह श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की।

जिंबॉब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे। रजा ने 46 गेंद पर नाबाद 72 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल हैं। बेनेट ने 49 गेंद पर पांच चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 70 रन बनाए।

## अमन सहरावत ने हासिल किया पेरिस ओलिंपिक कोटा




**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अमन** सहरावत ने कुश्ती में भारत के लिए छठा ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है। उन्होंने इंस्ताबुल में चल रहे वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर में मेंस के लिए पहला पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल किया था। इससे पहले महिलाओं में निशा दहिया ने 68 किलो वेट कैटगिरी में पांचवा कोटा हासिल किया था।

निशा से पहले 50 किलो वेट में विनेश फोगाट, 53 किलो वेट में अंतिम पंघल, 57 किलो वेट में अंशु मलिक और 76 किलो वेट में रितिक हुडा ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन रह चुके अमन सहरावत ने वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर के 57 किलो वेट के सेमीफाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया।

### दीपक पूनिया चूके

**टोक्यो** ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके दीपक पूनिया 68 क्रिलो ग्रोव वेट कैटेगिरी में ओलिंपिक कोटा हासिल करने से चूक गए।

एशियन गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट दीपक पूनिया शुरुआत में 3-0 से आगे होने के बावजूद चीन के जुशेन लिन से 6-4 से हार गए। जुशेन लिन बाद में क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जिससे दीपक पूनिया की रेपेचेज के माध्यम से ओलिंपिक कोटा पाने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

**शतरंज टूर्नामेंट** भारतीय खिलाड़ी अब भी तीसरे स्थान पर बरकरार, चीन के वेई यी शीर्ष पर

## प्रज्ञाननंदा ने नंबर वन खिलाड़ी कार्लसन को दी मात

**एजेंसी, वारसॉ**

**भारत** के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की, लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है।

ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं।



उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

### भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर

**भारत** के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं और उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। प्रतियोगिता के शुरू में शीर्ष पर रहने वाले रोमानिया के किरिल शेवचेंको 11 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। हॉलैंड के अनीश गिरी 10.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।